रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10082020-221041
CG-DL-E-10082020-221041

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 05] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 5, 2020/श्रावण 14, 1942
No. 05] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 5, 2020/SRAVANA 14, 1942

रक्षा मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 **अगस्त** 2020

नियम

का.नि.आ. 05(अ).—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निम्नलिखित कोर्सों में प्रवेश हेतु **08 नवंबर 2020** को एक सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2020 आयोजित की जाएगी :

	कोर्स का नाम	**रिक्तियो की संभावित संख्या**
(1)	भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून, जुलाई, 2021 में प्रारंभ होने वाला 151 वां (डी ई) कोर्स	100 {एनसीसी 'सी' (सेना स्कंध) प्रमाण–पत्र प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 13 **रिक्तियां** सम्मिलित हैं}
(2)	भारतीय नौसेना अकादमी, इझीमाला, जुलाई, 2021 में प्रारंभ होने वाला कार्यपालक शाखा (सामान्य सेवा) / हाइड्रो	26 {एनसीसी 'सी' (नौसेना स्कंध) प्रमाण–पत्र धारकों के लिए 06 रिक्तियों सहित (एनसीसी **विशेष** प्रविष्टि के माध्यम से)}
(3)	वायु सेना अकादमी, हैदराबाद, जुलाई, 2021 में प्रारंभ होने वाले उड़ान पूर्व **प्रशिक्षण** कोर्स अर्थात नं. 210 एफ पी कोर्स	32 {एनसीसी 'सी' (वायुसेना स्कंध) प्रमाण–पत्र धारकों के लिए 3 आरक्षित रिक्तियों सहित (एनसीसी **विशेष** प्रविष्टि के माध्यम से)}
(4)	अधिकारी **प्रशिक्षण** अकादमी, चेन्नई 114 वां एसएससी (पुरुष)	169

कोर्स (एनटी) (यूपीएससी) अक्टूबर, 2021 में आंरभ।	
(5) अधिकारी **प्रशिक्षण** अकादमी, चेन्नई 28 वां एसएससी (महिला) गैर तकनीकी (कोर्स) (यूपीएससी) अक्टूबर, **2021,** में आंरभ।	17

टिप्पणी : (i) आयोग यदि चाहे तो उपर्युक्त परीक्षा की तारीख में परिवर्तन कर सकता है।

टिप्पणी : (ii) उपरोक्त रिक्तियां अनुमानित हैं तथा सेवा मुख्यालय द्वारा किसी भी समय बदली जा सकती हैं।

ध्यान दें : (I)(क) उम्मीदवार से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के संबंधित कॉलम में यह स्पष्ट उल्लेख करें कि वह सेवाओं को अपने वरीयता क्रम में किस-किस पर विचार किए जाने के इच्छुक हैं, पुरुष उम्मीदवारों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वह नीचे पैरा (ख) एवं (ग) में बताई गई शर्तों के अनुसार जितनी वरीयता के इच्छुक हों उन सभी का उल्लेख करें, ताकि योग्यताक्रम में उनके रैंक को देखते हुए नियुक्ति करते समय उनकी वरीयताओं पर यथोचित विचार किया जा सके।

चूंकि महिला अभ्यर्थी केवल अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओ.टी.ए.) के लिए पात्र हैं, उन्हें केवल ओ.टी.ए. को ही अपनी प्रथम तथा एकमात्र वरीयता देनी चाहिए ।

(ख) (i) यदि कोई पुरूष उम्मीदवार केवल अल्पकालिक सेवा कमीशन (सेना) के लिए आवेदन कर रहा है तो उसे अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी को ही अपने विकल्प के रूप में निर्दिष्ट करना चाहिए तथापि अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के अल्पकालिक सेवा कमीशन पाठ्यक्रम के साथ-साथ भारतीय सैन्य अकादमी तथा वायु सेना अकादमी के लिए स्थायी कमीशन पाठ्यक्रम के प्रतियोगी पुरूष उम्मीदवारों को अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी को अपने अंतिम विकल्प के रूप में निर्दिष्ट करना चाहिए अन्यथा उम्मीदवार द्वारा उच्च वरीयता दिए जाने पर भी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी को अंतिम विकल्प माना जाएगा।

(ख) (ii) चूंकि महिला अभ्यर्थी केवल अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओ.टी.ए.) में अल्पकालिक सेवा कमीशन (एस.एस.सी.) के लिए ही पात्र है । उन्हें ओ.टी.ए. को ही अपनी प्रथम तथा एकमात्र वरीयता देनी चाहिए।

(ग) वायु सेना अकादमी में **प्रवेश** के इच्छुक उम्मीदवार, वायु सेना अकादमी (ए एफ ए) को ही अपना प्रथम विकल्प **दर्शाएं** क्योंकि केंद्रीय संस्थापना/उड़ान चिकित्सा संस्थान में उनके लिए कम्प्यूटर पायलट चयन प्रणाली (सी पी एस एस) तथा/अथवा वायु सेना चिकित्सा परीक्षण आयोजित किया जाएगा। वायु सेना अकादमी को द्वितीय/तृतीय आदि विकल्प **दर्शाए** जाने की स्थिति में उसे अमान्य समझा जाएगा।

(घ) उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि नीचे ध्यान दें: (II) में बताई गई **परिस्थितियों** के अतिरिक्त उन्हें केवल उन कोर्सों में नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा जिसके लिए उसने अपनी वरीयता दी होगी और अन्य किसी कोर्स (कोर्सों) के लिए नहीं।

(ड.) किसी भी उम्मीदवार को अपने आवेदन प्रपत्र में पहले से निर्दिष्ट वरीयताओं को बढ़ाने/परिवर्तन करने के बारे में कोई अनुरोध आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार दी गयी वरीयता में परिवर्तन नहीं करने दिया जाएगा। दूसरी वरीयता पर भी तभी विचार किया जाएगा जब सेना मुख्यालय द्वारा उम्मीदवार को पहली वरीयता नहीं दी गयी हो। जब उम्मीदवार को पहली वरीयता दी गयी हो तथा उम्मीदवार ने उसे लेने से इंकार कर दिया हो तो नियमित कमीशन प्रदान करने हेतु अन्य वरीयताओं के लिए उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

ध्यान दें : (II) भारतीय सैन्य अकादमी/भारतीय नौसेना अकादमी/वायु सेना अकादमी कोर्सों के बचे हुए उम्मीदवार अर्थात इस परीक्षा के अंतिम परिणाम के आधार पर स्थाई कमीशन प्राप्त करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जिनकी सिफारिश की गयी है लेकिन जिन्हें किन्हीं कारणों से इन कोर्सों में शामिल नहीं किया जा सकता है यदि वे बाद में अल्पकालीन सेवा कमीशन कोर्स के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हों तो वे निम्नलिखित शर्तों के अधीन अल्पकालीन सेवा कमीशन प्रदान करने के लिए विचार योग्य हो सकते हैं, चाहे उन्होंने अपने आवेदन प्रपत्रों में इस कोर्स के लिए अपनी वरीयता नहीं बताई है :

(i) यदि अल्पकालीन सेवा कमीशन कोर्स के लिए प्रतियोगी सभी उम्मीदवारों को लेने के बाद भी कमी है और

(ii) जो उम्मीदवार अल्पकालीन सेवा कमीशन हेतु वरीयता व्यक्त न करने पर भी प्रशिक्षण के लिए भेजे जाते हैं उन्हें वरीयता सूची के क्रम में उस अंतिम उम्मीदवार के बाद रखा जाएगा जिसने इस कोर्स के लिए अपना विकल्प दिया हुआ था क्योंकि ये उम्मीदवार उस कोर्स में प्रवेश पा सकेंगे जिसके लिए वे व्यक्त वरीयता के अनुसार हकदार नहीं हैं।

(iii) वायु सेना को अपने प्रथम तथा एकमात्र विकल्प के रूप में चुनने वाले ऐसे उम्मीदवार, जो कम्प्यूटर पायलट चयन प्रणाली (सीपीएसएस) तथा/अथवा पायलट एप्टीट्यूड बैटरी टेस्ट में विफल रहते हैं उन्हें एसएससी (ओटीए) प्रदान करने हेतु विचारार्थ शेष उम्मीदवारों को श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। यदि ऐसे उम्मीदवार एसएससी (ओटीए) हेतु विचार किए जाने के इच्छुक हों तो वे ओटीए के लिए भी अपना **विकल्प** दें।

टिप्पणी - (I) : एनसीसी [सेना स्कंध(वरिष्ठ प्रभाग)/वायु सेना स्कंध/नौसेना स्कंध] के 'सी' प्रमाण-पत्र प्राप्त उम्मीदवार अल्पकालिक सेवा कमीशन कोर्सों की **रिक्तियों** के लिए भी प्रतियोगिता में बैठ सकते हैं। चूंकि उनके लिए इस कोर्स में कोई आरक्षण नहीं है, अत: इस कोर्स में **रिक्तियों** को भरने के लिए उन्हें सामान्य उम्मीदवारों की तरह ही समझा जाएगा। जिन उम्मीदवारों को अभी एनसीसी में 'सी' प्रमाण-पत्र [सेना स्कंध(वरिष्ठ प्रभाग)/वायु सेना स्कंध/नौसेना स्कंध] की परीक्षा उत्तीर्ण करनी है, किंतु अन्यथा वे आरक्षित रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता में बैठने के लिए पात्र हों, तो वे भी आवेदन कर सकते हैं। किन्तु उन्हें एनसीसी 'सी' प्रमाण-पत्र [सेना स्कंध(वरिष्ठ प्रभाग)/वायु सेना स्कंध/नौसेना स्कंध] की परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा जो कि आईएमए/एसएससी प्रथम विकल्प वाले उम्मीदवारों के मामले में रक्षा मंत्रालय का एकीकृत मुख्यालय/महानिदेशक भर्ती (भर्ती ए) सीडीएसई एण्ट्री, (एसएससी पुरुष उम्मीदवार और एसएससी महिला एंट्री, महिला उम्मीदवारों के लिए) वेस्ट ब्लॉक **– III,** आरके पुरम, नई दिल्ली- 110066 तथा एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (नौसेना)/डीएमपीआर, (ओआई एंड आर अनुभाग) कमरा नं. 204, सी विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 को और वायु सेना के प्रथम विकल्प वाले उम्मीदवारों के मामले में पीओ 3 (ए)/वायुसेना मुख्यालय, जे ब्लाक, कमरा नं. 17, वायु भवन के सामने, मोती लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110106 को **13 मई** 2021 तक पहुंच जाएं। आरक्षित **रिक्तियों** के लिए प्रतियोगिता की पात्रता हेतु उम्मीदवार ने राष्ट्रीय कोर में जो सेवा की हो वह सीनियर डिवीजन सेना स्कंध वायु सेना/नौसेना स्कंध में 3 शैक्षणिक वर्षों से कम न हो और आयोग के कार्यालय में आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को उसे राष्ट्रीय कैडेट कोर से मुक्त हुए भारतीय सैन्य अकादमी/भारतीय नौसेना अकादमी/वायु सेना अकादमी कोर्स के लिए 24 मास से अधिक न हुए हों।

टिप्पणी – (II) : भारतीय सैन्य अकादमी कोर्स/वायु सेना अकादमी/भारतीय नौसेना अकादमी कोर्स में एनसीसी (सेना स्कंध/सीनियर डिवीजन/वायु सेना स्कंध/नौसेना स्कंध) के 'सी' प्रमाण-पत्र धारी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए परीक्षा परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त इन उम्मीदवारों को पर्याप्त संख्या में न मिलने के कारण न भरी गयी आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित समझा जाएगा और उन्हें सामान्य उम्मीदवारों से भरा जाएगा। आयोग द्वारा आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा तथा उसके बाद सेवा चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा में योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आयोजित बौद्धिक और व्यक्तित्व परीक्षण के आधार पर उपर्युक्त कोर्सों में प्रवेश दिया जाएगा।

(क) परीक्षा की योजना स्तर और पाठ्यविवरण, (ख) सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के शारीरिक मानकों संबंधी दिशा-निर्देश तथा (ग) भारतीय सैन्य अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी, वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों की सेवा आदि की संक्षिप्त सूचना क्रमश: परिशिष्ट - I, II और III, में विस्तार से समझाए गए हैं।

2. पात्रता की शर्तें:

(क) राष्ट्रीयता : उम्मीदवार अविवाहित होना चाहिए और या तो

1. भारत का नागरिक हो, या

2. नेपाल की प्रजा हो, या

3. भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के उद्देश्य से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे कीनिया, यूगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य, जाम्बिया, मालावी, जैरे तथा इथियोपिया या वियतनाम से प्रवर्जन करके आया हो।

परंतु उपर्युक्त वर्ग 2 और 3 के अंतर्गत आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो जिसको भारत सरकार ने पात्रता प्रमाणपत्र प्रदान किया हो ।

लेकिन नेपाल के गोरखा उम्मीदवारों के लिए यह पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं होगा ।

जिस उम्मीदवार के लिए पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक है उसे उक्त परीक्षा में इस शर्त पर अंतिम रूप से प्रवेश दिया जा सकता है, कि सरकार द्वारा उसे आवश्यक प्रमाणपत्र संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परिणाम की घोषणा से पहले दे दिया जाए।

(ख) आयु-सीमाएं, लिंग और वैवाहिक स्थिति**:-**

(1) भारतीय सैन्य **अकादमी के लिए :** केवल ऐसे अविवाहित पुरूष उम्मीदवार ही पात्र हैं जिनका जन्म **02 जुलाई 1997 ,** से पहले का तथा **01 जुलाई, 2002** के बाद का न हो।

(2) भारतीय नौसेना अकादमी के लिए : केवल ऐसे अविवाहित पुरूष उम्मीदवार ही पात्र हैं जिनका जन्म **02 जुलाई 1997 ,**से पहले का तथा **01 जुलाई, 2002** के बाद न हो।

(3) वायु सेना अकादमी के लिए :

केवल वे उम्मीदवार पात्र हैं जो **01 जुलाई, 2021** को 20 से 24 वर्ष के हैं अर्थात उनका जन्म **02 जुलाई, 1997** से पहले और **01 जुलाई 2001** के बाद का नहीं होना चाहिए डीजीसीए (भारत) द्वारा जारी वैध एवं वर्तमान वाणिज्यिक पायलेट लाइसेंस धारकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 26 वर्ष तक शिथिलनीय है अर्थात् उम्मीदवार का जन्म **02 जुलाई, 1995** से पहले और **01 जुलाई 2001** के बाद का नहीं होना चाहिए।

नोट: 25 वर्ष की आयु से कम के उम्मीदवार अविवाहित होने चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान विवाह की अनुमति नहीं दी जाएगी। 25 वर्ष की आयु से अधिक वाले विवाहित उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं परन्तु प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें न ही विवाहित अधिकारियों हेतु निर्धारित आवास दिया जाएगा और न ही वे परिवार के साथ बाहर रह सकते हैं।

(4) **अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए (पुरुषों के लिए एसएससी गैर-तकनीकी कोर्स):** केवल ऐसे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं, जिनका जन्म **02 जुलाई 1996** से पहले का तथा **01 जुलाई 2002** के बाद का न हो।

(5) **अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए (महिलाओं के लिए एसएससी गैर-तकनीकी कोर्स):** अविवाहित महिलाएं, संतानहीन विधवाएं जिन्होंने पुनर्विवाह न किया हो, तथा संतानविहीन तलाकशुदा महिलाएं जिन्होंने पुनर्विवाह न किया हो, (तलाक के कागजात होने पर) पात्र हैं। इनका जन्म **02 जुलाई**, 1996 से पहले का तथा 01 **जुलाई 2002** के बाद न हुआ हो।

नोट : तलाकशुदा/विधुर पुरुष उम्मीदवार आईएमए/आईएनए/एएफए/ओ.टी.ए., चैन्नई कोर्सों में प्रवेश के लिए अविवाहित पुरुष नहीं माने जाएंगे और तदनुसार वे इन कोर्सों के लिए पात्र नहीं हैं।

आयोग जन्म की वह तिथि स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा के प्रमाण पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाण पत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और यह उदाहरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो या

मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में दर्ज हो। ये प्रमाण पत्र परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम घोषित हो जाने के बाद ही प्रस्तुत किए जाने अपेक्षित हैं।

आयु के संबंध में अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुंडली, शपथ पत्र, नगर निगम से संबंधी उदाहरण, सेवा अभिलेख तथा अन्य ऐसे ही प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

'अनुदेशों के इस भाग में आए हुए मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण-पत्र' वाक्यांश के अंतर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण पत्र सम्मिलित हैं। कभी-कभी मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण-पत्र में जन्म की तारीख नहीं होती या आयु के केवल पूरे वर्ष या वर्ष और महीने ही दिए होते हैं। ऐसे मामलों में उम्मीदवारों को मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि के अतिरिक्त उस संस्थान के हैड मास्टर/प्रिंसिपल से लिए गए प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि भेजनी चाहिए, जहां से उसने मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इस प्रमाण पत्र में उस संस्था के दाखिला रजिस्टर में दर्ज की गई उसकी जन्म की तारीख या वास्तविक आयु लिखी होनी चाहिए।

टिप्पणी - 1 : उम्मीदवार यह ध्यान रखें कि आयोग उम्मीदवार की जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र या समकक्ष प्रमाण पत्र में दर्ज है और इसके बाद उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न तो विचार किया जाएगा और न ही उसे स्वीकार किया जाएगा।

टिप्पणी - 2 : उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार घोषित कर देने और आयोग द्वारा उसे अपने अभिलेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें परिवर्तन या बाद की किसी अन्य परीक्षा में किसी भी आधार पर परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

टिप्पणी - 3 : उम्मीदवारों को इस परीक्षा के लिए जन्म तिथि भरते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए। यदि बाद की किसी अवस्था में, जांच के दौरान उनके द्वारा भरी गई जन्म तिथि यदि उनके मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में दी गई जन्म तिथि से कोई भिन्नता पाई गई तो आयोग द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

(ग) शैक्षिक योग्यताएं :

(1) **भारतीय सैन्य अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चैन्नई के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष योग्यता।

(2) **भारतीय नौसेना अकादमी के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से इंजीनियरींग में डिग्री।

(3) **वायु सेना अकादमी के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री (10+2 स्तर तक भौतिकी एवं गणित विषयों सहित) अथवा इंजीनियरींग में स्नातक।

थल सेना/नौसेना/वायु सेना की पहली वरीयता वाले स्नातकों को ग्रेजुएशन के प्रमाण के रूप में स्नातक/अनंतिम प्रमाण पत्र सेवा चयन बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले साक्षात्कार के दिन सेवा चयन बोर्ड केन्द्र पर प्रस्तुत करने होंगे ।

जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष/सेमेस्टर डिग्री पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे हैं और उन्हें अंतिम वर्ष की डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण करना अभी शेष है, वे भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करते समय तक उम्मीदवार के पास अंतिम सेमेस्टर/वर्ष जिनके लिए परिणाम घोषित किए गए हैं, हेतु कोई मौजूदा बैकलॉग नहीं होना चाहिए और उन्हें कोर्स के प्रारंभ होने के समय डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा जो एकीकृत, मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (सेना) मुख्यालय, सीडीएसई एंट्री, पश्चिमी ब्लॉक – III आर के पुरम, नई दिल्ली- 110066 तथा नौसेना के प्रथम विकल्प वाले उम्मीदवारों के मामले में एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) डीएमपीआर, (ओआई एंड आर अनुभाग) कमरा नं. 204,सी विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 को और वायु सेना के प्रथम विकल्प वाले उम्मीदवारों के मामले में पीओ3 (ए)/वायु सेना मुख्यालय, जे ब्लाक, कमरा नं. 17, वायु भवन के सामने, मोती लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110 106 को निम्नलिखित तारीख तक पहुंच जाए, जिसके न पहुंचने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी:–

(1) भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में प्रवेश हेतु **01 जुलाई, 2021** को या उससे पहले, भारतीय नौसेना अकादमी में प्रवेश हेतु **01 जुलाई, 2021** को या उससे पहले तथा वायु सेना अकादमी में प्रवेश हेतु **13 मई 2021** को या उससे पहले।

(2) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई में प्रवेश के लिए **01 अक्तूबर, 2021** तक या उससे पहले ।

जिन उम्मीदवारों के पास व्यावसायिक और तकनीकी योग्यताएं हों जो सरकार द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी डिग्री के समकक्ष मान्यता प्राप्त हो वे भी परीक्षा के लिए पात्र होंगे ।

अपवाद की परिस्थितियों में आयोग किसी ऐसे उम्मीदवार को इस नियम में निर्धारित योग्यताओं से युक्त न होने पर भी शैक्षिक रूप से योग्य मान सकता है, जिसके पास ऐसी योग्यताएं हों जिनका स्तर आयोग के विचार में, इस परीक्षा में प्रवेश पाने योग्य हो।

टिप्पणी 1: जिन उम्मीदवारों को अभी उनकी डिग्री परीक्षा पास करनी शेष हो, उन्हें तभी पात्र माना जाएगा जब वे डिग्री परीक्षा के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हों। जिन उम्मीदवारों द्वारा डिग्री परीक्षा के अंतिम वर्ष में अभी अर्हता प्राप्त की जानी शेष है और उन्हें संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई है; उन्हें ध्यान में रखना चाहिए कि यह उन्हें दी गई एक विशिष्ट छूट है। उनके लिए निर्धारित तिथि तक, उनके द्वारा डिग्री परीक्षा पास किए जाने का प्रमाण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है तथा इस तिथि को आगे बढ़ाने के किसी भी अनुरोध को इस आधार पर, कि मूलभूत पात्रता विश्वविद्यालय परीक्षा देर से संचालित की गई; परीक्षा परिणाम की घोषणा में विलंब हुआ; अथवा किसी भी अन्य आधार पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। डिग्री/सेमेस्टर पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत उम्मीदवारों को एसएसबी साक्षात्कार के समय विश्वविद्यालय अथवा कॉलेज द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे निर्धारित तिथि तक स्नातक डिग्री/ परीक्षा पास कर लिए जाने का प्रमाण प्रस्तुत कर देंगे, जिसमें विफल रहने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

टिप्पणी-2 : जो उम्मीदवार रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा सेवाओं में किसी प्रकार के कमीशन से अपवर्जित हैं, वे इस परीक्षा में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे। अगर प्रवेश दे दिया गया तो भी उनके उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

टिप्पणी-3: उड़ान सीखने में असफल होने के कारण वायु सेना के जिन उम्मीदवारों को उड़ान प्रशिक्षण से निलंबित किया जा रहा हो उन्हें भारतीय वायु सेना की नौ परिवहन/ग्राउंड ड्यूटी (गैर–तकनीकी) शाखाओं में शमिल किया जाएगा। यह रिक्तियों की उपलब्धता और निर्धारित गुणात्मक अपेक्षाओं को पूरा करने के आधार पर होगा।

(घ) शारीरिक मानक:

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा - (II), 2020 में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को परिशिष्ट-II में दिए गए शारीरिक मानकों के लिए दिशा-निर्देश के अनुरूप शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए ।

3. शुल्क :

उम्मीदवारों (महिला/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को छोड़कर, जिन्हें शुल्क के भुगतान से छूट मिली हुई है) को आयोग की परीक्षा नोटिस में निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

4. सभी उम्मीदवारों को चाहे वे सशस्त्र बल, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रम अथवा इसी प्रकार के अन्य संगठनों में अथवा निजी रोजगार सहित सरकारी सेवा में कार्यरत हों, अपने आवेदन आयोग को ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे।

कृपया ध्यान दें-I तथापि पहले से ही सरकारी सेवा कर रहे व्यक्तियों, चाहे वे स्थायी या अस्थायी क्षमता में हों अथवा अनियमित या दैनिक वेतन श्रेणी के अतिरिक्त कार्य प्रभार (वर्क चार्ज्ड) कर्मचारी के रूप में अथवा लोक उद्यमों में हों, को अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को लिखित रूप में सूचित करना होगा कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

कृपया ध्यान दें-II सशस्त्र बलों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने कमान अधिकारी को लिखित रूप में सूचित करना होगा

कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। उन्हें इस संदर्भ में सेवा चयन बोर्ड में साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जमा करवाना है।

उम्मीदवार यह नोट कर लें कि आयोग को उम्मीदवारों के नियोक्ता से उनके आवेदन करने/परीक्षा में बैठने की अनुमति रोकने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर उनके आवेदन रद्द किए जा सकते हैं/उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

5. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में आयोग का फैसला अंतिम होगा।

परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा के लिए प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों का परीक्षा के सभी चरणों के लिए प्रवेश पूर्णतया अनंतिम होगा और यह निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्याधीन होगा। अगर परीक्षा के किसी भी चरण से पहले या बाद में, सत्यापन के समय यह पाया जाता है कि वे पात्रता संबंधी सभी शर्तें पूरा नहीं करते हैं, तो आयोग **द्वारा** उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम घोषित हो जाने के शीघ्र बाद, जिसके दिसम्बर, 2020 माह में घोषित किए जाने की संभावना है, सेना मुख्यालय/नौसेना मुख्यालय/वायु सेना मुख्यालय, जैसा मामला हो, को प्रस्तुत करने के लिए निम्नलिखित प्रमाण पत्रों को उनकी स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित तैयार रखें।

(1) जन्म की तारीख दर्शाते हुए मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र अथवा इसके समकक्ष।

(2) डिग्री/अनंतिम डिग्री प्रमाण पत्र/अंक सूची जिसमें स्पष्ट रूप से यह दर्शाया गया हो कि डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और डिग्री पाने के पात्र हैं।

प्रथमत: सेवा चयन बोर्ड में साक्षात्कार के लिए पात्र सभी अर्हक उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के चयन केन्द्रों में साक्षात्कार के लिए जाते समय अपने साथ मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र सहित डिग्री/प्रोविजनल डिग्री प्रमाण पत्र/अंक सूची मूल रूप में अपने साथ लेकर जाएंगे। वे उम्मीदवार जिन्होंने अभी तक डिग्री की अंतिम वर्ष की परीक्षा पास नहीं की है, उन्हें कॉलेज/ संस्था के प्रधानाचार्य से इस आशय का मूल प्रमाण पत्र साथ लेकर आना चाहिए कि उम्मीदवार डिग्री की अंतिम वर्ष की परीक्षा में प्रविष्ट हो चुका/रहा है। जो उम्मीदवार सेवा चयन केन्द्रों पर उपर्युक्त प्रमाण पत्र अपने साथ नहीं लाते हैं, उन्हें सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने दिया जाएगा। चयन केन्द्रों पर उपर्युक्त मूल प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न करने के बारे में कोई छूट प्रदान नहीं की जाती है तथा जो उम्मीदवार उपर्युक्त प्रमाणपत्रों में से कोई मूल प्रमाण पत्र साथ नहीं लाते हैं तो उन्हें सेवा चयन बोर्ड परीक्षण तथा साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उनके खर्च पर उनके घर वापिस भेज दिया जाएगा ।

6. अगर किसी उम्मीदवार के पास परीक्षा के लिए प्रवेश प्रमाणपत्र नहीं है तो उसे परीक्षा के लिए प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

7. यदि उनका कोई भी दावा असत्य पाया जाता है तो उनके विरुद्ध आयोग द्वारा निम्नलिखित उपबंधों के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है । जो उम्मीदवार आयोग द्वारा निम्नांकित कदाचार का दोषी घोषित होता है या हो चुका है :

(i) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना, अर्थात्: -

(क) अवैध परितोषण की पेशकश; या

(ख) दबाव डालना; या

(ग) परीक्षा के संचालन से जुड़े किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना, या ब्लैकमेल करने की धमकी देना; या

(ii) प्रतिरूपण(इमपर्सोनेशन); या

(iii) किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाया जाना; या

(iv) जाली दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करना जिनके साथ छेड़छाड़ की गई

है; या

(v) आवेदन पत्र में वास्तविक फोटो / हस्ताक्षर के स्थान पर असंगत फोटो अपलोड करना।

(vi) ऐसे विवरण देना जो गलत या झूठ हैं अथवा महत्वपूर्ण की सूचना को छिपा रहे हैं; या

(vii) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में निम्नलिखित साधनों का सहारा लेना: -

(क) अनुचित साधनों के माध्यम से प्रश्न पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त करना;

(ख) परीक्षा से संबंधित गुप्त कार्य से जुड़े व्यक्तियों के बारे में पता लगाना;

(ग) परीक्षकों को प्रभावित करना; या

(viii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों को रखना या उनका उपयोग करना; या

(ix) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना, साथी परीक्षार्थियों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उत्पात, उत्पात मचाना और इस प्रकार की हरकत करना

(x) आयोग द्वारा परीक्षा के संचालन के लिए लगाए गए कर्मचारियों को परेशान करना या शारीरिक नुकसान पहुँचाना; या

(xi) कोई भी मोबाइल फोन रखना या उसका उपयोग करना, (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्रामेबल डिवाइस या स्टोरेज मीडिया जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि या कैमरा अथवा ब्लूटूथ डिवाइस या कोई अन्य उपकरण अथवा परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग होने योग्य संबंधित सहायक उपकरण चाहे चालू या बंद हो; या

(xii) उम्मीदवारों को उनके प्रवेश पत्र जो उन्हें परीक्षा देने की अनुमति देना है के साथ जारी किए गए किसी भी अनुदेश का उल्लंघन; या

(xiii) पूर्वगामी खंडों में विनिर्दिष्ट सभी या किन्हीं कृत्यों के लिए आयोग को यथास्थिति उकसाने का प्रयास करने वाले;

उम्मीदवार पर आपराधिक मामला चलाया जा सकता है तथा वह निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी हो सकता है : -

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया जाना जिसके लिए वह उम्मीदवार है; और / या

(ख) स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए विवर्जित किया जाना: -

(i) आयोग द्वारा उनके द्वारा आयोजित किसी परीक्षा या चयन से;

(ii) केंद्र सरकार द्वारा उनके अधीन किसी नौकरी से; तथा

(ग) यदि वह पहले से ही सरकार के अधीन सेवा में है तो उचित नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए:

परंतु यह भी कि निम्नलिखित के सिवाय इस नियम के तहत कोई शास्ति नहीं लगाई जाएगी: -

(i) उम्मीदवार को जैसा वह चाहता है, लिखित में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत अवधि के भीतर प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार करना ।

8. विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों को आयु और शैक्षिक योग्यता के अनुसार उनकी पात्रता तथा उनके द्वारा दर्शाई गई वरीयता के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा।

उम्मीदवार ध्यान रखें कि परीक्षा में प्रवेश आवेदन प्रपत्र पर उनके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पूर्णत: अंतिम होगा। यह सभी पात्रता की शर्तों के सत्यापन के अध्यधीन होगा।

उम्मीदवार को यह सुनिश्चित अवश्य कर लेना चाहिए कि आवेदन में उनके द्वारा दी गई ई-मेल आईडी मान्य और सक्रिय हो।

9. सेना/नौसेना/वायु सेना मुख्यालय के साथ पत्र-व्यवहार :

सेना मुख्यालय से पत्र व्यवहार करते समय निम्नलिखित विवरण अवश्य होना चाहिए।

1. परीक्षा का नाम और वर्ष।
2. रजिस्ट्रेशन आईडी (आरआईडी)
3. अनुक्रमांक (यदि मिला हो)।
4. उम्मीदवार का नाम (पूरा और साफ लिखा हुआ)।
5. पत्र व्यवहार का पूरा पता, टेलीफोन नंबर सहित, यदि कोई हो, जैसा आवेदन प्रपत्र में दिया है।

कृप्या ध्यान दे :

(1) जिन पत्रों में ऊपर का ब्यौरा नहीं होगा, हो सकता है, उन पर कोई कार्रवाई न हो।

(2) यदि किसी परीक्षा समाप्ति के बाद किसी उम्मीदवार का पत्र/पत्रादि प्राप्त होता है जिसमें उसका पूरा नाम और अनुक्रमांक नहीं दिया गया है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा और उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(3) सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों के अगर परीक्षा के लिए आवेदन करने के बाद अपना पता बदल लिया हो तो उनको चाहिए कि परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम घोषित हो जाते ही अपना नया पता, बिना टिकट लगे लिफाफे पर लिखकर, भारतीय सैन्य अकादमी/अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी को अपनी पहली वरीयता देने वाले उम्मीदवारों को रक्षा मंत्रालय का एकीकृत मुख्यालय/महानिदेशक भर्ती (भर्ती ए) सीडीएसई, एंट्री सेक्शन पुरुष उम्मीदवारों के लिए वेस्ट ब्लॉक – 3, विंग-1, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली- 110066 को और नौसेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों को एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना), डीएमपीआर, (ओआई एंड आर अनुभाग) कमरा नं. 204, सी विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 तथा वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों को पीओ-3 (ए), वायुसेना मुख्यालय, 'जे' ब्लाक, कमरा नं. 17, वायु भवन के सामने, मोती लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110106 के पते पर सूचित कर देना चाहिए। जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का पालन नहीं करेगा वह सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए समन पत्र न मिलने पर अपने मामले में विचार किए जाने के दावे से वंचित हो जाएगा। केन्द्रों आबंटन एसएसबी साक्षात्कार की तारीख योग्यताक्रम सूची, ज्वाइन करने के लिए अनुदेश संबंधी सभी प्रश्नों और चयन प्रक्रिया से संबद्ध किसी अन्य प्रकार की संगत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in देखें अथवा सभी कार्यदिवसों में 14:00 बजे से 17:00 बजे के बीच दूरभाष सं. (011)-26173215 और फैक्स सं. 011-26196205 पर भर्ती निदेशालय से संपर्क करें और वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए पीओ-3(ए)/वायुसेना मुख्यालय, 'जे' ब्लाक, कमरा नं. 17, वायु भवन के सामने, मोती लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110106 तथा नौसेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों को एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (नौसेना), डीएमपीआर, (ओआई एंड आर अनुभाग) कमरा नं. 204, सी विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 के पते पर लिखना चाहिए।

उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए भेजे गए समन पत्र द्वारा सूचित तारीख को सेवा चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करना है। साक्षात्कार को स्थगित करने से संबद्ध अनुरोध पर केवल यथार्थ परिस्थितियों में और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखकर ही विचार किया जाएगा जिसके लिए निर्णायक प्राधिकरण सेना मुख्यालय/वायु

सेना मुख्यालय/नौसेना मुख्यालय होगा। ऐसे अनुरोध उस चयन केन्द्र/सेवा चयन बोर्ड, जहां से साक्षात्कार प्रस्ताव प्राप्त होता है, को भेजे जाने चाहिए। नौसेना के उम्मीदवार परिणाम के प्रकाशन के तीन सप्ताह के बाद अपना बुलावा पत्र नौसेना की वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं, या **officer-navy"nic.in** पर ई मेल भेजें।

कृप्या ध्यान दें : यदि किसी उम्मीदवार को भारतीय ISU; अकादमी हेतु फरवरी, **2021** के चौथे हफ्ते तक और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी हेतु मई 2021 के चौथे हफ्ते तक सेवा चयन बोर्ड के लिए साक्षात्कार पत्र प्राप्त नहीं होता है तो उसे सेना मुख्यालय / भर्ती सीडीएसई एंट्री / एसएससी महिला एंट्री अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, वेस्ट ब्लॉक – III रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली–110066 को साक्षात्कार पत्र न मिलने के बारे में लिखना चाहिए अथवा दूरभाष संख्या 26173215 पर संपर्क करना चाहिए । नौसेना/ वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों द्वारा इसी प्रकार के प्रश्न के मामले में उन्हें नौसेना मुख्यालय/वायुसेना मुख्यालय को लिखना चाहिए जैसा कि विशेष ध्यान दें- **(III)** में उल्लिखित है। (फरवरी, **2021** के चौथे सप्ताह तक पत्र न मिलने की स्थिति में)

10. **लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा, योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार, अंतिम परिणामों की घोषणा और अंतिम रूप से योग्य पाये गये उम्मीदवारों का प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश :**

संघ लोक सेवा आयोग अपने विवेक से लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करेगा। जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा के आधार पर सफल घोषित किए जाते हैं उन्हें बंधित सेवा मुख्यालय द्वारा उनकी वरीयता के आधार पर सेवा बोर्ड में बुद्धि और व्यक्तित्व परीक्षण के लिए भेजा जाता है। लिखित परीक्षा में अर्हक हुए उम्मीदवारों को, जिन्होंने वरीयता क्रम में सेना (भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून/अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई) को प्रथम विकल्प दर्शाया है, उन्हें स्वयं को भर्ती निदेशालय की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर पंजीकृत करना होगा ताकि उन्हें एसएसबी साक्षात्कार के लिए आमंत्रण पत्र प्राप्त हो सके। वे अभ्यर्थी जो पहले से स्वंय को पंजीकृत कर चुके है, उन्हें पुनः पंजीकरण नहीं करने की सलाह दी जाती हैं। भर्ती महानिदेशालय की वेबसाइट अर्थात् www.joinindianarmy.nic.in पर पंजीकृत ईमेल आईडी और संघ लोक सेवा आयोग को प्रदान की गई आईडी एक ही होनी चाहिए और उम्मीदवार की अपनी होनी चाहिए। सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षण के परिणाम सभी पाठ्यक्रमों के लिए उचित रूप से रहेंगे अर्थात् भारतीय सैन्य अकादमी (डीई) पाठ्यक्रम, देहरादून, भारतीय नौसेना अकादमी इझीमाला पाठ्यक्रम, वायु सेना अकादमी (उड़ान पूर्व) पाठ्यक्रम हैदराबाद तथा अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई पर एसएससी (एनटी) पाठ्यक्रम जिनके लिए उम्मीदवार ने लिखित परीक्षा पास की है चाहे उसे आयोजित करने वाला सेवा मुख्यालय कोई भी हो।

सेवा चयन बोर्ड में मनोवैज्ञानिक अभिरुचि परीक्षण और बुद्धि परीक्षण पर आधारित द्विस्तरीय चयन प्रक्रिया आरंभ की है। सभी उम्मीदवारों को चयन केन्द्रों पर रिपोर्ट करने के पहले दिन ही पहले स्तर का परीक्षण पास कर लेते हैं, उन्हें द्वितीय स्तर/शेष परीक्षणों में प्रवेश दिया जाएगा तथा वे सभी उम्मीदवार जो पहला स्तर पास करने में असफल रहते हैं उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। द्वितीय स्तर के सफल उम्मीदवारों को निम्नलिखित की एक-एक फोटो प्रति प्रस्तुत करनी होगी :-

(i) जन्मतिथि के समर्थन में मैट्रिकुलेशन पास प्रमाण पत्र या समकक्ष।

(ii) शैक्षिक योग्यता के समर्थन में सभी वर्षों/सेमिस्टरों के अंक पत्रकों सहित बैचलर डिग्री/अनंतिम डिग्री

उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के सामने हाजिर होकर अपने ही जोखिम पर वहां के परीक्षणों में शामिल होंगे और सेवा चयन बोर्ड में उनका जो परीक्षण होता है उसके दौरान या उसके फलस्वरूप अगर उनको कोई चोट पहुंचती है तो उसके लिए सरकार की ओर से कोई क्षतिपूर्ति और सहायता पाने के वह हकदार नहीं होंगे। वह किसी व्यक्ति की लापरवाही से हो या दूसरे किसी कारण से हो। उम्मीदवारों को आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में इस आशय के एक प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे। स्वीकृति हेतु उम्मीदवारों को (i) लिखित परीक्षा तथा (ii) सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों में अलग-अलग न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे जो क्रमश: आयोग तथा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उनके निर्णय के अनुसार निश्चित किए जाएंगे। लिखित परीक्षा तथा सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को योग्यताक्रम में रखा जाएगा। अलग-अलग उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम किस रूप में किस प्रकार सूचित किए जाएं इस बात का

निर्णय आयोग अपने आप करेगा और परिणाम के संबंध में सफल होने मात्र से ही भारतीय ISU; अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी, वायु सेना अकादमी या अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में, जैसी स्थिति हो, प्रवेश का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। अंतिम चयन शारीरिक क्षमता और अन्य सभी बातों में उपयुक्तता के अतिरिक्त उपलब्ध रिक्तियां की संख्या को दृष्टि से रखते हुए योग्यता के क्रम में किया जाएगा।

टिप्पणी : वायु सेना तथा नौसेना उड़ान (एवियेशन) के प्रत्येक उम्मीदवार का पायलट एप्टीट्यूट टेस्ट केवल एक बार होता है। अत:, उम्मीदवार द्वारा प्रथम परीक्षण (सीपीएसएस तथा/अथवा पीएबीटी) में प्राप्त किया ग्रेड ही भविष्य में वायु सेना चयन बोर्ड के समक्ष होने वाले प्रत्येक साक्षात्कार के समय लागू होगा। भारतीय नौसेना चयन बोर्ड/कंप्यूटर पायलट चयन प्रणाली (सीपीएसएस) तथा/अथवा पायलट एप्टीट्यूट बैटरी टेस्ट में पहले विफल रहे उम्मीदवार तथा आदतन चश्मा पहनने वाले उम्मीदवार वायु सेना हेतु पात्र नहीं हैं।

वायु सेना के लिए एक से अधिक माध्यम से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का वायु सेना चयन बोर्ड के समक्ष परीक्षण/साक्षात्कार:-

एफ (पी) पाठ्यक्रम में प्रवेश के तीन माध्यम हैं, अर्थात् सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएसई)/एनसीसी/एयरमेन। वायु सेना के लिए एक से अधिक माध्यम से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का, वायु सेना हेतु वायु सेना चयन बोर्ड के समक्ष परीक्षण/साक्षात्कार केवल एक बार होगा। एनसीसी अथवा एयरमेन के रूप में कंप्यूटर पायलट चयन प्रणाली (सीपीएसएस) तथा/अथवा पायलट एप्टीट्यूट बैटरी टेस्ट में विफल रहने वाले समान उम्मीदवारों को सेना/नौसेना/ओटीए हेतु ओएलक्यू परीक्षण के लिए पुन: तभी बुलाया जाएगा यदि उन्होंने सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के माध्यम से आवेदन किया हो। आईएमए (डीई) पाठ्यक्रम तथा/अथवा नौसेना (एसई) पाठ्यक्रम तथा/अथवा वायु सेना अकादमी पाठ्यक्रम के लिए लिखित परीक्षा में अर्हक हुए उम्मीदवारों को, भले ही वे एसएससी पाठ्यक्रम के लिए भी सफल हुए हों अथवा नहीं, फरवरी-मार्च 2021 तक आयोजित होने वाले एसएसबी परीक्षण के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और केवल एसएससी पाठ्यक्रम के लिए सफल होने वाले उम्मीदवारों को अप्रैल से जून, 2021 तक आयोजित होने वाले एसएसबी परीक्षण के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

11. **प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए निरर्हताएं :**

जो उम्मीदवार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, भारतीय सैन्य अकादमी, वायुसेना अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई से पहले प्रवेश पा चुके हैं पर अनुशासनिक आधार पर वहां से निकाल दिए गए हैं, उनको भारतीय सैन्य अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी, वायुसेना अकादमी या थल सेना अकादमी से अल्पकालीन सेवा कमीशन में प्रवेश देने की बात पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों को एक अधिकारी से अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण पहले भारतीय सैनिक अकादमी से वापस किया गया हो उनको भारतीय सैन्य अकादमी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों को स्पेशल एंट्री नेवल कैडेट्स के रूप में चुन लिया गया हो पर बाद में एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण राष्ट्रीय रक्षा अकादमी या नौ सेना प्रतिष्ठानों से वापस किया हो वे भारतीय नौ सेना में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे। जिन उम्मीदवारों को एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण भारतीय सैन्य अकादमी, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, एनसीसी तथा स्नातक कोर्स से वापस लिया गया हो, उनके बारे में थल सेना में अल्पकालीन सेवा कमीशन देने की बात पर विचार नहीं किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों को एक अधिकारी से अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण एनसीसी तथा स्नातक कोर्स से पहले वापस किया गया हो, उनको भारतीय सैन्य अकादमी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

12. **भारतीय सैन्य अकादमी या भारतीय नौसेना अकादमी या वायु सेना अकादमी या अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी] चैन्नई में प्रशिक्षण के समय विवाह पर प्रतिबंध :**

भारतीय सैन्य अकादमी या भारतीय नौसेना अकादमी या वायु सेना अकादमी या अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी चैन्नई के कोर्स के उम्मीदवारों को जो अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में भर्ती होते हैं इस बात का वचन देना है कि जब तक उसका

सारा प्रशिक्षण पूरा नहीं होगा तब तक वे शादी नहीं करेंगे। जो उम्मीदवार अपने आवेदन की तारीख के बाद शादी कर लेते हैं उनको प्रशिक्षण के लिए चुना नहीं जाएगा चाहे वह इस परीक्षा में या अगली परीक्षा में भले ही सफल हों। जो उम्मीदवार प्रशिक्षण काल में ही शादी कर लेगा उसे वापस भेज दिया जाएगा और उस पर सरकार ने जो पैसा खर्च किया वह सब उससे वसूल किया जाएगा।

उम्मीदवारों को यह वचन देना होगा कि वे प्रशिक्षण पूरा होने तक विवाह नहीं करेंगे। यदि कोई उम्मीदवार यदि अपने द्वारा आवेदन करने की तारीख के बाद विवाह कर लेता है तो वह प्रशिक्षण का पात्र नहीं होगा, भले ही वह लिखित परीक्षा अथवा सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार अथवा चिकित्सा परीक्षा में सफल रहा हो। जो उम्मीदवार अपनी प्रशिक्षण अवधि के दौरान विवाह करेंगे उन्हें निर्मुक्त कर दिया जाएगा और उन्हें, सरकार द्वारा उन पर व्यय समस्त राशि लौटानी होगी।

13. भारतीय सैन्य अकादमी या भारतीय नौसेना अकादमी या वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण के समय अन्य प्रतिबंध :

भारतीय सैन्य अकादमी या भारतीय नौसेना अकादमी या वायु सेना अकादमी में प्रवेश प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार किसी दूसरे कमीशन के लिए विचार योग्य नहीं होंगे। भारतीय सैन्य अकादमी या भारतीय नौसेना अकादमी या वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से उनका चयन हो जाने के बाद उनको और किसी भी साक्षात्कार या परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

[सं. बी/ 59111/आईएमए 151(डीई)/ आरटीजी 'अ'/सीडीएसई/1720/16(2)/2020 डीएमए(एजी)]

मेजर जनरल के. नारायनन, संयुक्त सचिव

परिशिष्ट-I

(परीक्षा की योजना, स्तर और पाठ्य विवरण)

(क) परीक्षा की योजना :

1. प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित सम्मिलित होगा

(क) नीचे के पैरा 2 में निर्दिष्ट रीति से लिखित परीक्षा

(ख) उन उम्मीदवारों का बौद्धिक और व्यक्तित्व परीक्षण (इस परिशिष्ट के भाग-ख के अनुसार) के लिए साक्षात्कार जिन्हें किसी भी एक सर्विसेज सेलेक्शन सेंटर में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

2. लिखित परीक्षा के विषय, उनके लिए दिए जाने वाला समय तथा प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम अंक निम्नलिखित होंगे :

(क) भारतीय सैनिक अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी और वायु सेना अकादमी में प्रवेश के लिए

विषय	अवधि	अधिकतम अंक
1. अंग्रेजी	2 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	2 घंटे	100
3. प्रारंभिक गणित	2 घंटे	100

(ख) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रवेश के लिए

विषय	अवधि	अधिकतम अंक
1. अंग्रेजी	2 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	2 घंटे	100

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए जो अधिकतम अंक नियत किए गए हैं, वे प्रत्येक विषय के लिए समान होंगे अर्थात भारतीय सैनिक अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी, वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए अधिकतम अंक क्रमश: 300, 300, 300 और 200 होंगे।

3. **सभी विषयों के प्रश्नपत्र केवल वस्तुपरक प्रकार के होंगे। सामान्य ज्ञान तथा प्रारंभिक गणित के प्रश्न पत्र (परीक्षण पुस्तिकाएं) हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में, द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे।**

4. प्रश्न पत्रों में जहां भी आवश्यक होगा केवल तोल और माप की मीटरी पद्धति से संबंधित प्रश्नों को ही पूछा जाएगा।

5. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिए। किसी भी दशा में उन्हें प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए लिखने वाले की सहायता सुलभ नहीं की जाएगी।

6. परीक्षा के एक या सभी विषयों के अर्हक अंकों का निर्धारण आयोग के विवेक पर है।

7. उम्मीदवारों को वस्तुपरक प्रश्न पत्रों (परीक्षण पुस्तिकाओं) के उत्तर देने के लिए केलकुलेटर का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है, अत: वे उसे परीक्षा भवन में न लाएं।

(ख) परीक्षा का स्तर और पाठ्यक्रम विवरण :

स्तर

प्रारंभिक गणित के प्रश्न पत्रों का स्तर मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होगा, अन्य विषयों में प्रश्न पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जिसकी किसी भारतीय विश्वविद्यालय के स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है।

पाठ्य विवरण

अंग्रेजी (कोड सं. 01)

प्रश्न पत्र इस प्रकार का होगा कि जिससे उम्मीदवार की अंग्रेजी और अंग्रेजी के शब्दों के बोध की परीक्षा ली जा सके।

सामान्य ज्ञान (कोड सं. 02)

सामान्य ज्ञान तथा साथ में समसामयिक घटनाओं और दिन प्रतिदिन देखे और अनुभव किए जाने वाले इसी तरह के मामले के वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। प्रश्न पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल से संबंधित ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार को उन विषयों का विशेष अध्ययन किये बिना देने मे सक्षम होना चाहिए।

प्रारंभिक गणित (कोड सं. 03)

अंकगणित

संख्या पद्धतियां : प्राकृतिक संख्याएं, पूर्णांक, परिमेय और वास्तविक संक्रियाएं, मूल संक्रियाएं – जोड़ना, घटाना, गुणन और विभाजन, वर्गमूल, दशमल भिन्न।

ऐकिक विधि: समय तथा दूरी, समय तथा कार्य, प्रतिशतता, साधारण तथा चक्रवृद्धि ब्याज में अनुप्रयोग, लाभ और हानि, अनुपात और समानुपात विवरण।

प्रारंभिक संख्या सिद्धांत : विभाजन की कलन विधि, अभाज्य और भाज्य संख्याएं, 2,3,4,5,9 और 11 द्वारा विभाज्यता के परीक्षण/ गुणनखंड और भाज्य प्रमेय/ महत्तम समापवर्त्तक और लघुत्तम समापवर्त्य, यूक्लिड की कलन विधि।

आधार 10 तक लघुगुणक, लघुगुणक के नियम, लघु-गुणकीय सारणीयों का प्रयोग।

बीजगणित

आधारभूत संक्रियाएं: साधारण गुणनखंड, शेषफल प्रमेय, बहुपदों का महत्तम समापवर्त्तक और लघुत्तम समापवर्त्य सिद्धांत, द्विघातीय समीकरणों का हल, इसके मूलों और गुणकों के बीच संबंध (केवल वास्तविक मूल पर विचार किया जाए) दो अज्ञात राशियों के युगपद रैखिक समीकरण, विश्लेषण और ग्राफ संबंधी हल, दो चरों में युगपद रैखिक असिमिकाएं और उनके हल, प्रायोगिक प्रश्न जिनसे दो चरों में दो युगपद, रैखिक समीकरण या असिमिकाएं बनती हैं या एक चर में द्विघात, समीकरण तथा हल समुच्चय भाषा तथा समुच्चय अंकन पद्धति, परिमेय व्यंजक तथा प्रतिबंध तत्समक घातांक नियम।

त्रिकोणमिति

ज्या X, कोटिज्या X, स्पर्श रेखा X, जब $0^0 \leq X \leq 90^0$ कोटिज्या, स्पर्श रेखा X का मान जबकि X 0^0, 30^0, 45^0, 60^0 और 90^0 सरल त्रिकोणमितीय सारणियों, सरल त्रिकोणमितीय सारणियों का प्रयोग, ऊंचाइयों और दूरियों संबंधित सरल प्रश्न ।

ज्यामिति

रेखा और कोण, समतल और समतल आकृति: निम्नलिखित पर प्रमेय: (1) किसी बिंदु पर कोणों के गुणधर्म, (2) समांतर रेखाएं, (3) किसी त्रिभुज की भुजाएं और कोण, (4) त्रिभुज की सर्वांगसमता, (5) समरूप त्रिभुज (6) माध्यिकाओं और शीर्ष लम्बों का संगमन, (7) समानान्तर चतुर्भुजों, आयात और वर्ग के कोणों, भुजाओं के विकल्पों के गुणधर्म, (8) वृत्त और उनके गुणधर्म जिसमें, स्पर्श रेखा तथा अभिलंब भी शामिल हैं, (9) स्थानिल संयक।

क्षेत्रमिति

वर्गों, आयतों, समानांतर चतुर्भुजों, त्रिभुजों और वृत्तों के क्षेत्रफल। ऐसी आकृतियों के क्षेत्रफल जिन्हे (फील्ड बुक) इन आकृतियों में विभाजित किया जा सकता हैं। घनाभों का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन, लम्ब, वृतीय शंकुओं और बेलनों का पार्श्व क्षेत्र तथा आयतन और गोलकों का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन।

सांख्यिकी

सांख्यिकी तथ्यों का संग्रह तथा सारणीयन, आरेखी निरूपण, बारम्बारता, बहुभुज, आयत, चित्र, बार चार्ट, पाई चार्ट आदि। केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापन ।

बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षण

सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) प्रक्रिया के अंतर्गत चयन प्रक्रिया के दो चरण होते हैं – चरण-I तथा चरण-II । चरण- II में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है, जो चरण- । में सफल रहते हैं। इसका विवरण निम्नानुसार है :-

(क) चरण- I के अंतर्गत अधिकारी बुद्धिमता रेटिंग (ओआईआर) परीक्षण चित्र बोध (पिक्चर परसेप्शन)* विवरण परीक्षण (पीपी एवं डीटी) शामिल होते हैं। उम्मीदवारों को ओआईआर परीक्षण तथा पीपी एवं डीटी में उनके संयुक्त रूप में कार्य निष्पादन के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

(ख) चरण-II के अंतर्गत साक्षात्कार, ग्रुप टेस्टिंग अधिकारी टास्क, मनोविज्ञान परीक्षण तथा सम्मेलन (कांफ्रेंस) शामिल होता है। ये परीक्षण चरणबद्ध होते हैं। इन परीक्षणों का विवरण वेबसाइट www.joinindianrmy.nic.in पर मौजूद है।

किसी उम्मीदवार के व्यक्तित्व का आकलन तीन विभिन्न आकलनकर्ताओं, नाम: साक्षात्कार अधिकारी (आईओ), ग्रुप टेस्टिंग अधिकारी (जीटीओ) तथा मनोवैज्ञानिक द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षण के लिए अलग-अलग अंक (वेटेज) नहीं हैं । आकलनकर्ताओं द्वारा उम्मीदवारों को अंकों का आवंटन सभी परीक्षणों में उनके समग्र कार्यनिष्पादन पर विचार करने के

पश्चात् ही किया जाता है। इसके अतिरिक्त, कांफ्रेंस हेतु अंकों का आवंटन भी तीनों तकनीकों में उम्मीदवार के आरंभिक कार्यनिष्पादन तथा बोर्ड के निर्णय के आधार पर किया जाता है। इन सभी के अंक (वेटेज) समान हैं।

आईओ, जीटीओ तथा मनोविज्ञान के विभिन्न परीक्षण इस प्रकार तैयार किए जाते हैं जिससे उम्मीदवार में अधिकारी सम्मत गुणों (आफिसर लाइक क्वालिटीज) के होने/नहीं होने तथा प्रशिक्षित किए जाने की उसकी क्षमता के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। तदनुसार, एसएसबी में उम्मीदवारों की अनुशंसा की अथवा नहीं की जाती है।

परिशिष्ट – II

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के शारीरिक मानकों संबंधी दिशा–निर्देश

1. सेना में अधिकारियों के प्रवेश पर लागू चिकित्सा मानकों और प्रक्रिया के लिये कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

2. नौसेना में अधिकारियों के प्रवेश पर लागू चिकित्सा मानकों और प्रक्रिया के लिये कृपया www.joinindiannavy.gov.in पर जाएं।

3. वायु सेना में अधिकारियों के प्रवेश पर लागू चिकित्सा मानकों और प्रक्रिया के लिये कृपया www.careerindianairforce.cdac.in पर जाएं।

अनुलग्नक-I

सेना में अफसर पदों पर भर्ती के लिए चिकित्सा मानक और मेडिकल परीक्षा की प्रक्रिया

1- उद्देश्य

इस दस्तावेज का **उद्देश्य** जनसाधारण को विभिन्न प्रकार की भर्ती के माध्यम से सेना में उम्मीदवारों के नामांकन के लिए विहित चिकित्सा मानकों से परिचित करवाना है। यह दस्तावेज आर टी आई अधिनियम–2005 के तहत सूचना आयोग की नीति के अनुसार सार्वजनिक डोमेन में जानकारी उपलब्ध करवाने का काम भी करता है।

2. **परिचय**

(क) सशस्त्र सेनाओं का प्रमुख उत्तरदायित्व देश की सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसीलिए सशस्त्र सेनाओं को हमेशा युद्ध के लिए तैयार रखा जाता है। युद्ध की तैयारी के लिए सैन्यकर्मियों को कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। इसके साथ–साथ जब भी जरूरत हो जैसे कि आपदाओं के समय, सशस्त्र सेनाएं सिविल प्राधिकारियों की सहायता के लिए भी उपलब्ध रहती हैं। इस प्रकार के कार्यों को पूरा करने के लिए सशस्त्र सेनाओं में शारीरिक सौश्ठव और सुदृढ़ मानसिक संतुलन वाले जवानों की जरूरत होती है। ऐसे उम्मीदवार दुर्गम क्षेत्रों और विशम परिस्थितियों में बगैर मेडिकल सुविधाओं के भी अपने सैन्य दायित्वों के निर्वाह में सक्षम होने चाहिएं जो उन परिस्थितियों में कठोर तनाव को झेल सकें। किसी रोग/अपंगता के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य कार्मिक न केवल कीमती संसाधनों की बरबादी करेगा बल्कि सैन्य ऑपरेशनों के दौरान अपने दल के अन्य सदस्यों के लिए भी मुसीबत और खतरे का सबब बन सकता है। इसलिए केवल चिकित्सीय रूप से योग्य अथवा फिट उम्मीदवारों का ही चयन किया जाता है जो युद्ध प्रशिक्षण के लिए योग्य हों।

(ख) सशस्त्र सेनाओं में 'चिकित्सीय रूप से योग्य' कार्मिकों का चयन सुनिशिचत करने का उत्तरदायित्व सशस्त्र सेना मेडिकल सर्विस का होता है।

(ग) अपनी पशवर विशिष्टता यूनिट में सौपा गया कार्य, आयु अथवा लिंग से परे हटकर हर सशस्त्र सेना कार्मिक के लिए सेना में शामिल होने के समय आधारभूत 'मेडिकल फिटनेस' होना अनिवार्य है। फिटनेस के इसी आधारभूत स्तर को उनकी भावी पेषेवर विशिष्टताओं अथवा यूनिट कार्यों के लिए प्रशिक्षण के बेंचमार्क के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे युद्ध में उनकी तैनाती की तत्परता में भी वृद्धि होगी।

(घ) सशस्त्र सेना मेडिकल सर्विस के मेडिकल अफसरों द्वारा चिकित्सा जांच का कार्य अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाता है। बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण के बाद ये मेडिकल अफसर सशस्त्र सेनाओं की विशिष्ट कार्य परिस्थितियों में काम करने के लिए भली–भांति तैयार होते हैं। एक मेडिकल अफसर बोर्ड द्वारा इन चिकित्सा जांचों का अंतिम निर्णय लिया जाता है। गौरतलब है कि **मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा। उम्मीदवार के नामांकन/** कमीशन **के दौरान किसी रोग/अपंगता/चोट/** आनुवंशिक **रोग अथवा विकार के संबंध में यदि कोई संदेह उत्पन्न हो तो संदेह का लाभ प्राधिकारी को दिया जाएगा।**

<u>चिकित्सा मानक</u>

3. निम्नलिखित पैराग्राफों में विर्णत चिकित्सा मानक सामान्य दिशानिर्देश हैं जो रोगों से संबंधित अथाह ज्ञान के संदर्भ में संपूर्ण नहीं हैं। वैज्ञानिक ज्ञान में प्रगति और नए उपकरणों/टड के प्रवेश के साथ सशस्त्र सेनाओं में काम करने के तरीकों में परिवर्तनों के चलते यह मानक भी परिवर्तनशील होते हैं। ये परिवर्तन समय–समय पर सक्षम प्राधिकारी के नीति पत्रों द्वारा लागू किए जाते हैं। इन दिशानिर्देशों व सिद्धांतों के आधार पर मेडिकल अफसरों, विशष मेडिकल अफसरों तथा मेडिकल बोर्ड द्वारा उपयुक्त निर्णय लिए जाते हैं।

4. 'चिकित्सीय रूप स फिट अथवा योग्य' करार दिए जाने के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार की शारीरिक व मानसिक दशा सही हो तथा वह ऐसे किसी भी रोग/अपंगता/लक्षणों से मुक्त हो जो समुद्र व हवाई भूभागों सहित दुर्गम क्षेत्रों में तथा विषम परिस्थितियों में मेडिकल सुविधाओं को उपलब्धता के बगैर उसके सैन्य दायित्वों के निर्वहन में बाधक हों। उम्मीदवार ऐसी किसी भी चिकित्सीय परिस्थितियों से मुक्त होना चाहिए जिसमें नियमित रूप से दवाओं अथवा चिकित्सा सुविधाओं के उपयोग की जरूरत हो।

(क) यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उम्मीदवार स्वस्थ हो तथा उसके शरीर के किसी अंग अथवा प्रणाली में खराबी, जन्मजात विकृति/बीमारी के लक्षण न हों।

(ख) ट्यूमर/सिस्ट/लिम्फ नोड्स में सूजन सहित शरीर के किसी भी भाग में कोई सूजन न हो तथा षरीर में कहीं साइनस अथवा नासूर की शिकायत न हो।

(ग) शरीर की त्वचा पर कहीं हाइपर या हाइपो पिगमेंटेशन अथवा किसी अन्य प्रकार की बीमारी के लक्षण/अपंगता न हो।

(घ) शरीर में ह्रार्निया की शिकायत न हो।

(ग) शरीर पर ऐसे कोई निशान न हो, जो कामकाज को बाधित करते हों या विकलांगता अथवा अक्षमता उत्पन्न करते हों।

(छ) शरीर में कहीं भी धमनी व शिराओं से संबंधित खराबी न हो।

(ज) सिर और चेहरे में किसी प्रकार की खराबी जिसमें एकरूपता न हो, अस्थिभंग अथवा खोपड़ी की हड्डियों के दबाव से बनी विकृतियां, अथवा पूर्व में किए गए किसी मेडिकल ऑपरेशन के निशान तथा साइनस व नासूर इत्यादि जैसी खराबियां शामिल हैं, न हों।

(झ) रंगो की पहचान करने में खराबी तथा दृष्टि क्षेत्र मे खराबी सहित किसी प्रकार की दृष्टिबाधिता न हो।

(ट) सुनने में किसी प्रकार की अक्षमता, कानों के पकोष्ठ–कर्णावर्त प्रणाली में किसी प्रकार की खराब/अक्षमता न हो।

(ठ) किसी बीमारी के कारणवश बोलने में किसी प्रकार की बाधा न हो।

(ड) नाक अथवा जिह्वा की हड्डियों अथवा उपास्थि में किसी प्रकार की बीमारी/अक्षमता/जन्मजात विकृति/लक्षण न हों अथवा तालू, नाक में पॉलिप्स अथवा नाक व गले की कोई बीमारी न हो। नाक में कोई विकृति अथवा टॉन्सिलाइटिस की शिकायत न हो।

(ढ) गले, तालू टॉसिल अथवा मसूड़ों की कोई बीमारी/लक्षण/अक्षमता न हो अथवा दोनों जबड़ों के जोड़ों के काम को बाधित करने वाली कोई बीमारी अथवा चोट न हो।

(त) जन्मजात, आनुवांशिक, रक्तचाप और चालन विकारों सहित दिल तथा रक्त वाहिकाओं संबंधी कोई रोग/लक्षण/अक्षमता न हो।

(थ) पलमोनरी टी बी अथवा इस रोग से संबंधित पुराने लक्षण अथवा फेफड़ों व छाती संबंधी कोई अन्य बीमारी/लक्षण/अक्षमता जिसमें किसी प्रकार की एलर्जी/प्रतिरक्षा स्थितियां, संयोजी ऊतक विकार तथा छाती के मस्कयूलोस्केलेटल विकार शामिल हैं, न हों।

(द) पाचन तंत्र संबंधी कोई बीमारी जिसमें असामान्य लिवर तथा लिवर रोग तथा अग्न्याशय की जन्मजात, आनुवाशिक बीमारयां/लक्षण तथा अक्षमताएं शामिल हैं, न हों।

(ध) एंडोक्राइन सिस्टम अथवा प्रणाली तथा रेटिक्युलोएंडोथीलियल सिस्टम संबंधी किसी प्रकार का रोग/लक्षण /अक्षमता न हो।

(न) जेनिटो–यूरीनरी सिस्टम संबंधी कोई रोग/लक्षण /अक्षमता जिसमें किसी अंग अथवा ग्रंथि की विकलांगता, एट्रॉफी/हाइपरट्रॉफी शामिल हैं, न हो।

(प) किसी प्रकार का सक्रिय, अव्यक्त या छिपा हुआ अथवा जन्मजात यौन रोग न हो।

(फ) किसी प्रकार के मानसिक रोग, मिर्गी, मूत्र नियंत्रण संबंधी अक्षमता न हो अथवा उसका इतिहास न हो।

(ब) मस्क्युलोस्केलेटल सिस्टम तथा खोपड़ी, रीढ़ की हड्डी व अन्य अंगों सहित जोड़ों से संबंधित किसी प्रकार की बीमारी/अक्षमता/लक्षण न हों।

(भ) कोई जन्मजात अथवा आनुवांशिक रोग/लक्षण/अक्षमता न हों।

5. एस एस बी चयन प्रक्रिया के दौरान मनोवैज्ञानिक परीक्षा आयोजित की जाएगी मगर चिकित्सीय जांच के दौरान यदि किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो वह उम्मीदवार के चयन की अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

6. उपर्युक्त दिशनिर्देशों के आधार पर सामान्यतः जिन चिकित्सीय जांच अनियमितताओं, कमियों या अक्षमताओं के कारण किसी उम्मीदवार की उम्मीदवारी को अस्वीकृत किया जाता है, वे निम्नलिखित हैं :–

(क) रीढ़ की हड्डी, छाती व कूल्हे तथा अन्य अंगों से संबंधित मस्क्युलो–स्केलेटल विकलांगता जैसे, स्कोलियॉसिस, टॉरटीकॉलिस, कायफॉसिस, मेरूदण्ड, पसलियों, वक्ष–अस्थि तथा अस्थि पिंजर की अन्य विकलांगताएं, विकृत अंग, उंगलियां, पैरो की उंगलियां तथा रीढ़ की हड्डी के जन्मजात विकार।

(ख) अंगों की विकलांगताः विकृत अंग, हाथों व पैरों की उंगलियां, विकृत जोड जैसे कि क्यूबिटस वलगस, क्युबिटस, वॅरस, नॉक नीज, बो लेग, हाइपरमोबाइल जोड़, हाथ व पैरों की विच्छेदित उंगलियां तथा शरीर के अंग, जो वास्तविक आकार से छोटे हों।

(ग) नेत्र व नेत्रज्योति : मायोपिया हाइपरमेट्रोपिया, एस्टिग, कॉर्निया, लेंस, रेटिना में चोट, आंखों में भैंगापन एवं टॉसिस।

(छ) सुनने की क्षमता, कान, नाक व गला : सुनने की क्षमता अथवा श्रवण शक्ति कम होना, बाह्य कर्ण, कान की पट्टी की झिल्लियों, कान का भीतरी हिस्सा, नाक का सेक्टम मुड़ा हुआ होना एवं होंठ, तालू, पेरी–ऑरिक्युलर साइनस तथा लिम्फेंडिनाइटिस/एडीनोपैथी ऑफ नेक। दानों कानों के लिए बातचीत तथा फुसफुसाहट को सुनने की क्षमता 610 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

(च) <u>दंतचिकित्सा की स्थिति</u> :

(i) जबड़ों की प्रारंभिक रोगात्मक स्थिति जो बढ़ भी सकता है और बार–बार भी हो सकता है।

(ii) ऊपरी और निचले जबड़े के बीच विसंगति होना जिससे खाना चबाने में और बोलने में दिक्कत होती है जो उम्मीदवारी रद्द करता है।

(iii) रोगसूचक टेम्पोरो–मैंडीबुलर जोड़ एवं उसमें सूजन होना। मुंह का किनारों पर 30 सेंटीमीटर से कम खुलना तथा मुंह ज्यादा खोलने पर टेम्पोरो–मैंडीबुलर जोड़ अपने स्थान से हटना।

(iv) कैंसर की सभी संभावित स्थितियां।

(v) मुंह खोलने के प्रतिबंध के साथ तथा उसके बगैर सब–म्यूकस फाइब्रोसिस की नैदानिक पहचान।

(vi) दंतसंरचना में खराबी तथा/अथवा मसूड़ों से खून निकलना जिसके कारण दंत–स्वास्थ्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है।

(vii) दांत ढीले होना : दो से अधिक दांत हिलने पर या कमजोर होने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द होगी।

(viii) कॉस्मेटिक अथवा मैक्सिलोफैशियल सर्जरी/टामा के बाद उम्मीदवार सर्जरी/चोट लगने की तारीख से, जो भी बाद में हो, कम से कम 24 सप्ताह तक उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी के अयोग्य ठहराया जाएगा।

(ix) यदि दांतों के रखरखाव में कमी के कारण भोजन चबाने, दंत–स्वास्थ्य एवं मुंह की स्वस्थता को बनाए रखने अथवा सामान्य पोषण को कायम रखने में दिक्कत हो अथवा उम्मीदवार के कर्त्तव्यों के निवर्हन में दिक्कत हो तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

(छ) **छाती** : तपेदिक रोग अथवा तपेदिक होने के प्रमाण हों, दिल या फेफड़ों में घाव, छाती की दीवार पर मस्क्यूलो–स्केलेटल घाव हों।

(ज) पेट तथा जनिटर–मूत्र प्रणाली : हर्निया, अन–डिसेंडेड टेस्टीस, वेरिकोसील, ऑर्गेनोमिगैली, सॉलिटरी किडनी, हॉर्सशू किडनी, तथा किडनी/लिवर में सिस्ट होना, गॉल ब्लेडर में पथरी, रीनल एवं यूरेट्रिक पथरी, यूरोजिनाइटल अंगों में अपंगता अथवा घाव होना, बवासीर रोग तथा लिम्फैडिनाइटिस रोग होना।

(झ) **तंत्रिका तंत्र** : झटके/दौरे पड़ना, बोलने में दिक्कत होना या असंतुलन होना।

(ट) **त्वचा** : विटिलिगो, हीमैजियोमास, मस्से होना, कॉर्न की समस्या होना, त्वचा रोग, त्वचा संक्रमण, त्वचा पर कहीं वृद्धि तथा हाइपरहाइड्रॉसिस होना।

7. **लम्बाई एवं वजन**

सेना में प्रवेश की शाखा के आधार पर वांछित लम्बाई भिन्न–भिन्न होती है। शरीर का वजन शरीर की लंबाई के अनुपात में होना चाहिए जैसा कि निम्नलिखित चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है :–

आयु (वर्ष में)	सभी आयु के लिए न्यूनतम वजन	आयु वर्गः 17 से 20 वर्ष	आयु वर्गः 20+01दिन 30 वर्ष	आयु वर्गः 30+01दिन से 40 वर्ष	आयु 40 वर्ष से अधिक
लंबाई (से.मी.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)
140	35.3	43.1	45.1	47.0	49.0
141	35.8	43.7	45.7	47.7	49.7
142	36.3	44.4	46.4	48.4	50.4
143	36.8	45.0	47.0	49.1	51.1
144	37.3	45.6	47.7	49.8	51.8
145	37.8	46.3	48.4	50.5	52.6
146	38.4	46.9	49.0	51.2	53.3
147	38.9	47.5	49.7	51.9	54.0
148	39.4	48.2	50.4	52.6	54.8
149	40.0	48.8	51.1	53.3	55.5
150	40.5	49.5	51.8	54.0	56.3
151	41.0	50.2	52.4	54.7	57.0
152	41.6	50.8	53.1	55.4	57.8
153	42.1	51.5	53.8	56.2	58.5
154	42.7	52.2	54.5	56.9	59.3
155	43.2	52.9	55.3	57.7	60.1
156	43.8	53.5	56.0	58.4	60.8
157	44.4	54.2	56.7	59.2	61.6
158	44.9	54.9	57.4	59.9	62.4
159	45.5	55.6	58.1	60.7	63.2
160	46.1	56.3	58.9	61.4	64.0
161	46.7	57.0	59.6	62.2	64.8
162	47.2	57.7	60.4	63.0	65.6
163	47.8	58.5	61.1	63.8	66.4
164	48.4	59.2	61.9	64.6	67.2
165	49.0	59.9	62.6	65.3	68.1
166	49.6	60.6	63.4	66.1	68.9
167	50.2	61.4	64.1	66.9	69.7

आयु (वर्ष में)	सभी आयु के लिए न्यूनतम वजन	आयु वर्गः 17 से 20 वर्ष	आयु वर्गः 20+01दिन 30 वर्ष	आयु वर्गः 30+01दिन से 40 वर्ष	आयु 40 वर्ष से अधिक
लंबाई (से.मी.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)
168	50.8	62.1	64.9	67.7	70.6
169	51.4	62.8	65.7	68.5	71.4
170	52.0	63.6	66.5	69.4	72.3
171	52.6	64.3	67.3	70.2	73.1
172	53.3	65.1	68.0	71.0	74.0
173	53.9	65.8	68.8	71.8	74.8
174	54.5	66.6	69.6	72.7	75.7
175	55.1	67.4	70.4	73.5	76.6
176	55.8	68.1	71.2	74.3	77.4
177	56.4	68.9	72.1	75.2	78.3
178	57.0	69.7	72.9	76.0	79.2
179	57.7	70.5	73.7	76.9	80.1
180	58.3	71.3	74.5	77.8	81.0
181	59.0	72.1	75.4	78.6	81.9
182	59.6	72.9	76.2	79.5	82.8
183	60.3	73.7	77.0	80.4	83.7
184	60.9	74.5	77.9	81.3	84.6
185	61.6	75.3	78.7	82.1	85.6
186	62.3	76.1	79.6	83.0	86.5
187	62.9	76.9	80.4	83.9	87.4
188	63.6	77.8	81.3	84.8	88.4
189	64.3	78.6	82.2	85.7	89.3
190	65.0	79.4	83.0	86.6	90.3
191	65.7	80.3	83.9	87.6	91.2
192	66.4	81.1	84.8	88.5	92.2
193	67.0	81.9	85.7	89.4	93.1
194	67.7	82.8	86.6	90.3	94.1
195	68.4	83.7	87.5	91.3	95.1
196	69.1	84.5	88.4	92.2	96.0
197	69.9	85.4	89.3	93.1	97.0
198	70.6	86.2	90.2	94.1	98.0
199	71.3	87.1	91.1	95.0	99.0
200	72.0	88.0	92.0	96.0	100.0
201	72.7	88.9	92.9	97.0	101.0
202	73.4	89.8	93.8	97.9	102.0
203	74.2	90.7	94.8	98.9	103.0
204	74.9	91.6	95.7	99.9	104.0
205	75.6	92.5	96.7	100.9	105.1
206	76.4	93.4	97.6	101.8	106.1

आयु (वर्ष में)	सभी आयु के लिए न्यूनतम वजन	आयु वर्गः 17 से 20 वर्ष	आयु वर्गः 20+01दिन 30 वर्ष	आयु वर्गः 30+01दिन से 40 वर्ष	आयु 40 वर्ष से अधिक
लंबाई (से.मी.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)	वजन (कि.ग्रा.)
207	77.1	94.3	98.6	102.8	107.1
208	77.9	95.2	99.5	103.8	108.2
209	78.6	96.1	100.5	104.8	109.2
210	79.4	97.0	101.4	105.8	110.3

(क) ऊपर दिया गया लंबाई–वजन चार्ट सभी वर्गों के कार्मिकों के लिए है। यह चार्ट बी एम आई के आधार पर बनाया गया है। इस चार्ट में किसी लंबाई विशष के उम्मीदवार का न्यूनतम स्वीकृत वजन दिया गया है। किसी भी मामले में न्यूनतम स्वीकृत वजन से कम वजन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दी गई लंबाई के अनुसार अधिकतम स्वीकृत वजन को विभिन्न आयु–वर्ग में विभाजित किया गया है। अधिकतम स्वीकृत वजन सीमा से अधिक वजन वाले उम्मीदवारों को केवल उन मामलों में स्वीकार किया जाएगा। जहां वे राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती, बॉडी–बिल्डिंग एवं बॉक्सिंग खेलों में शामिल होने का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। ऐसे मामलों में निम्नलिखित मानक होंगे :–

(i) बॉडी मास इंडेक्स 25 से कम होना चाहिए।

(ii) कमर और कूल्हे का अनुपात पुरूषों के लिए 0.9 तथा महिलाओं के लिए 0.8 होगा।

(iii) कमर का घेरा पुरूषों के लिए 90 सेंटीमीटर तथा महिलाओं के लिए 80 सेंटीमीटर से कम होगा।

(iv) सभी बायोकेमिकल मेटाबॉलिक मानक सामान्य सीमाओं में होंगे।

नोट : 17 वर्ष से कम आयु के उम्मीदवारों के लिए लंबाई तथा वजन का मापदंड '05 वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के लिए इंडियन एकेडेमी ऑफ पेडियाट्रिक्स के लंबाई, वजन बी एम आई विकास चार्ट' के दिशानिर्देशानुसार होगा।

8. सभी अफसर प्रवेश और प्री–कमीशन प्रशिक्षण अकादमियों में निम्नलिखित जांच की जाएंगी परंतु यदि मेडिकल अफसर/मेडिकल बोर्ड चाहे या ठीक समझे तो इसके अलावा अन्य किसी बिन्दु पर भी जांच कर सकते हैं।

(क) संपूर्ण हीमोग्राम

(ख) यूरिन आर ई (रूटीन)

(ग) चेस्ट एक्सरे

(घ) अल्ट्रासाउंड (यू एस जी) पेट व पेडू

9. आयु वर्ग एवं भर्ती या प्रवेश के प्रकार के आधार पर नेत्र ज्योति संबंधी कुछ मानक भिन्न हो सकते हैं जैसा कि निम्नलिखित है :–

मानदण्ड	स्टैंडड : 10+2 प्रवेश एन डी ए (सेना), टी ई एस	स्नातक एवं समकक्ष प्रवेश : सी डी एस ई, आई एम ए, ओ टी ए, यू ई एस, एन सी सी, टी जी सी एवं समकक्ष	स्नातकोत्तर एवं समकक्ष प्रवेश : जैग, ए ई सी, ए पी एस, टी ए, ए एम सी, ए डी सी, एस एल एवं समकक्ष
असंशोधित दृष्टि (अधिकतम स्वीकृत)	6/36 एवं 6/36	6/60 एवं 6/60	3/60 एवं 3/60
बी सी वी ए	दायां 6/6 तथा बायां 6/6	दायां 6/6 तथा बायां 6/6	दायां 6/6 तथा बायां 6/6
मायोपिया	≤ -2/5 डी एसपीएच (+/- 2.0 डी सीवाईएल अधिकतम दृष्टि वैषक्य/भेंगापन सहित)	≤ -3.50 डी एसपीएच (≤ +/- 2.0 डी सीवाईएल अधिकतम भेंगापन सहित)	≤ -5.50 डी एसपीएच (≤ +/- 2.0 डी सीवाईएल अधिकतम भेंगापन सहित)
हाइपरमेट्रोपिया	≤+2.5 डी एसपीएच	≤+3.50 डी एसपीएच (≤ +/- 2.0	≤+3.50 डी एसपीएच

मानदण्ड	स्टैंडड : 10+2 प्रवेश एन डी ए (सेना), टी ई एस	स्नातक एवं समकक्ष प्रवेश : सी डी एस ई, आई एम ए, ओ टी ए, यू ई एस, एन सी सी, टी जी सी एवं समकक्ष	स्नातकोत्तर एवं समकक्ष प्रवेश : जैग, ए ई सी, ए पी एस, टी ए, ए एम सी, ए डी सी, एस एल एवं समकक्ष
	(≤ +/- 2.0 डी सीवाईएल अधिकतम भेंगापन सहित)	डी सीवाईएल अधिकतम भेंगापन सहित)	(≤ +/- 2.0 डी सीवाईएल अधिकतम भेंगापन सहित)
लसिक /समकक्ष सर्जरी	अस्वीकृत	स्वीकृत *	स्वीकृत *
रंगों की पहचान	सी पी.II	सी पी.II	सी पी.II

'लसिक अथवा समकक्ष केराटो–रिफ्रेक्टिव प्रक्रिया

(क) यदि कोई उम्मीदवार **केराटो– रिफ्रेक्टिव** प्रक्रिया करवाता है तो उसे प्रक्रिया तारीख व सर्जरी किस प्रकार की है, इस बात का उल्लेख करते हुए उस मेडिकल सेंटर से इस आशय का एक प्रमाण पत्र/ऑपरेटिव नोट्स प्रस्तुत करने होंगे जहां यह काम किया गया है।

(ख) : इस संबंध में 'योग्य' अथवा 'फिट' करार देने के लिए निम्नलिखित का ध्यान रखा जाएगा :–

(i) सर्जरी के समय उम्मीदवार की आयु 20 वर्ष से अधिक हो।

(ii) लसिक सर्जरी के बाद न्यूनतम 12 माह का समय हो गया हो।

(iii) केन्द्र में कॉर्निया की मोटाई 450μ के बराबर या उससे अधिक हो।

(iv) आई ओ एल मास्टर द्वारा अक्षीय लंबाई 26 मिमी के बराबर या उससे अधिक हो।

(अ) +/–1.0 डी एवं सिलिंडर से कम या उसके बराबर **अवशिष्ट अपवर्तन हो, बशर्ते** वह उस वर्ग में मान्य हो जिसमें उम्मीदवार द्वारा आवेदन किया गया हो।

(vi) सामान्य स्वस्थ रेटिना।

(vii) अतिरिक्त मापदंड के रूप में कॉर्निया की स्थलाकृति और **एक्टेशिया** मार्कर को भी शामिल किया जा सकता है।

वे उम्मीदवार जिन्होंने रेडियल कॉर्निया (केराटोटॉमी) करवा रखी है, वे स्थायी रूप से अयोग्य माने जाएंगे

10. मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही के लिए प्रयुक्त फॉर्म ए एफ एम एस एफ–2 ए है।

11. <u>चिकित्सा जांच बोर्ड की कार्यवाही</u> : **अफसरों के चयन और प्री–कमीशनिंग प्रशिक्षण अकादमियों के लिए चिकित्सा जांच बोर्ड का आयोजन सर्विस चयन बोर्ड (एस एस बी) के निकट नियत सशस्त्र सेना मेडिकल सर्विस अस्पतालों में किया जाता है। इन मेडिकल बोर्ड को 'विशष मेडिकल बोर्ड' (एस एम बी) कहा जाता है। एस एस बी साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को पहचान दस्तावेजों सहित सशस्त्र सेना मेडिकल सर्विस अस्पताल के पास भेजा जाता है। अस्पताल के स्टॉफ सर्जन उम्मीदवार की पहचान कर उसे ए एफ एम एस एफ–2 में संबंधित भाग भरने के लिए मार्गदर्शन देते हैं, मेडिकल, सर्जिकल, नेत्र रोग, ई एन टी तथा डेंटल विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा जांच आयोजित करवाते हैं। स्त्री रोग विशषज्ञ भी महिला उम्मीदवारों की जांच करते हैं। इन विशषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद उम्मीदवार मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की जांच से संतुष्ट होने के बाद मेडिकल बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों की मेडिकल फिटनेस संबंधी घाषणा की जाती है। यदि विशेष मेडिकल बोर्ड (एस एम बी) द्वारा किसी उम्मीदवार को 'अयोग्य' या 'अनफिट' घोष्ति किया जाता है, तो उसे उम्मीदवार 'अपील मेडिकल बोर्ड' (ए एम बी)के लिए अनुरोध कर सकते हैं। ए एम बी से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया का उल्लेख अध्यक्ष एस एम बी द्वारा किया जाएगा।**

12. <u>विविध पहलू</u> :

(क) परीक्षण अथवा जांच के नैदानिक तरीक डी जी ए एफ एम एस कार्यालय द्वारा स्थापित किए जाते हैं।

(ख) महिला उम्मीदवारों की मेडिकल जांच महिला मेडिकल अफसरों द्वारा की जाएगी परंतु यदि महिला डॉक्टर मौजूद न हों तो यह काम महिला परिचारिकाओं की उपस्थिति में पुरूष डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा।

(ग) <u>सर्जरी के बाद फिटनेस देना</u> :

सर्जरी के बाद उम्मीदवार को फिट घोषित किया जाएगा परंतु सर्जरी में किसी प्रकार की जटिलता या दिक्कत नहीं होनी चाहिए, घाव भर गए हों और उस अंग विशेष की शक्ति पर्याप्त रूप से मिल गई हो, यह आवश्यक होगा। हर्निया की ओपन/लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के 01 वर्ष बाद तथा कॉलसिस्टेक्टमी की लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के 12 सप्ताह बाद किसी उम्मीदवार को फिट घोषित किया जाएगा। किसी अन्य सर्जरी के मामले में भी लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के 12 सप्ताह बाद और ओपन सर्जरी के 12 माह बाद ही फिटनेस दी जाएगी। चोट लगने, मांस फटने और जोड़ों में किसी प्रकार की चोट लगने पर सर्जरी की अवधि को ध्यान में न रखते हुए उम्मीदवार को 'अयोग्य' घोषित किया जाएगा।

अनुलग्नक-II

नौसेना में अफसर पदों पर भर्ती के लिए चिकित्सा मानक और मेडिकल परीक्षा की प्रक्रिया

1. परिचयः

(क) सशस्त्र सेनाओं का प्रमुख दायित्व देश की सीमाओं की सुरक्षा करना है। इसलिए सशस्त्र सेनाओं को युद्ध के लिए सदैव तैयार रखा जाता है। सशस्त्र सेनाओं को युद्ध की तैयारियों के लिए कठिन प्रशिक्षण से गुज़रना पड़ता है। आवश्यकता पड़ने पर सशस्त्र सेनाएं, आपदाओं के समय, सिविल प्राधिकारियों की सहायता भी करती हैं। ऐसे कार्यों के निष्पादन के लिए, सशस्त्र सेनाओं में सशक्त मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य वाले अभ्यर्थियों की आवश्यकता होती है। ऐसे अभ्यर्थी को कठिन परिस्थितियों और सेवा के दौरान तनाव में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए जिससे कि वे दुर्गम भूभागों और प्रतिकूल मौसम में जल एवं वायु दोनों में, कठिन परिस्थितियों में दूर-दराज़ के क्षेत्रों में, जहां चिकित्सा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, अपनी सैन्य ड्यूटी का निर्वाह कर सकें। रोग/अपंगता के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य कार्मिक न केवल कीमती संसाधनों की बरबादी करेगा बल्कि वह ऑपरेशनों के दौरान टीम के अन्य सदस्यों की ज़िंदगियों को भी खतरे में डाल सकता है। इसलिए केवल चिकित्सीय रूप से योग्य अथवा फिट अभ्यर्थियों का ही चयन किया जाता है जो प्रशिक्षण के लिए योग्य हो।

(ख) सशस्त्र सेनाओं में चिकित्सीय रूप से योग्य कार्मिकों का चयन सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व सशस्त्र सेना मेडिकल सर्विस का होता है।

(ग) सशस्त्र सेनाओं के सभी कार्मिकों को, चाहे उनकी पेशेवर विशिष्टताएं, यूनिट में उनको सौंपा गया कार्य, आयु अथवा लिंग से परे हटकर, हर सशस्त्र सेना कार्मिकों के लिए, सेवा में भर्ती होने के दौरान आधारभूत स्तर पर सामान्य चिकित्सीय तौर पर स्वस्थ/योग्य होना चाहिए। योग्यता के इस आधारभूत स्तर को उसकी भावी पेशेवर विशिष्टताओं अथवा यूनिट द्वारा सौंपे जाने वाले कार्यों, जिनमें शारीरिक श्रम अपेक्षित हो, के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षित करने हेतु मानदंड बनाया जा सकता है। यह युद्ध के लिए तैनात सैनिकों की युद्ध-तत्परता में वृद्धि करेगा।

(घ) चिकित्सीय जांच सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बड़ी सावधानी से की जाती है। ये चिकित्सा अधिकारी मूलभूत मिलिटरी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सशस्त्र सेनाओं की विनिर्दिष्ट कार्य-परिस्थितियों में काम करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो जाते हैं। चिकित्सा जांच संबंधी अंतिम निर्णय चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा लिए जाते हैं। चिकित्सा बोर्ड का निर्णय अंतिम होता है। भर्ती/कमीशनिंग के दौरान नज़र आए किसी रोग/विकलांगता/चोट/अनुवांशिक विकृति आदि संबंधी किसी संशय की स्थिति में संदेह का लाभ राज्य को मिलेगा।

चिकित्सा के मानक

2. निम्निलिखित अनुच्छेदों में वर्णित चिकित्सा मानक सामान्य दिशानिर्देश हैं जो रोगों के संबंधित अथाह ज्ञान के संबंध में संपूर्ण नहीं हैं। वैज्ञानिक ज्ञान में प्रगति और नए उपकरणों/ट्रैड के प्रवेश के साथ सशस्त्र सेनाओं में काम करने के तरीकों में परिवर्तनों के चलते यह मानक भी परिवर्तनशील होते हैं। ये परिवर्तन समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी के नीति पत्रों द्वारा लागू किए जाते हैं। इन दिशानिर्देशों व सिद्धांतों के आधार पर मेडिकल अफसरों, विशेष मेडिकल अफसरों तथा मेडिकल बोर्ड द्वारा उपयुक्त निर्णय लिए जाते हैं।

3. 'चिकित्सीय रूप से फिट अथवा योग्य' करार दिए जाने के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी की शारीरिक एवं मानसिक दशा सही हो तथा वह ऐसे किसी भी रोग/अपंगता/लक्षणों से मुक्त हो जो समुद्र व हवाई भू-भागों सहित दुर्गम क्षेत्रों में तथा विषय परिस्थितियों में मेडिकल सुविधाओं की उपलब्धता के बगैर उसके सैन्य दायित्वों के निर्वहन में बाधक हो। अभ्यर्थी ऐसे किसी भी चिकित्सीय अवस्था से मुक्त होना चाहिए जिसमें नियमित रूप से दवाओं अथवा चिकित्सा सुविधाओं के उपयोग की जरूरत हो।

(क) सुनिश्चित कर दिया जाएगा कि अभ्यर्थी स्वस्थ हो तथा उसके शरीर के किसी भी अंग अथवा प्रणाली में खराबी, जन्मजात विकृति/बीमरी के लक्षण न हो।

(ख) ट्यूमर/सिस्ट/लिम्फ नोड्स में सूजन सहित शरीर के किसी भी भाग में कोई सूजन न हो तथा शरीर में कहीं साइनस अथवा फिस्ट्यूला की शिकायत न हो।

(ग) त्वचा पर किसी प्रकार का हाइपर अथवा हाइपो पिगमेंटेशन या किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण/अपगंता न हो।

(घ) शरीर में हर्निया की शिकायत नहीं हो।

(च) शरीर पर ऐसा कोई भी निशान न हो जो कार्य को बाधित करता हो तथा महत्वपूर्ण विकलांगता का कारण हो।

(छ) शरीर में कहीं पर भी धमनी व शिराओं से संबंधित खराबी न हो।

(ज) सिर और चेहरे में किसी प्रकार की खराबी जिसमें एकरूपता न हो, अस्थिभंग अथवा खोपड़ी की हड्डी के दबाव से बनी विकृतियां अथवा पहले हुए किसी मेडिकल ऑपरेशन के निशान तथा साइनस एवं फिस्ट्यूला इत्यादि जैसे खराबियां शामिल हैं, न हों।

(झ) रंगों की पहचान करने में कठिनाई न हो तथा दृष्टि क्षेत्र में खराबी समेत किसी प्रकार की दृष्टिबाधिता न हो।

(ट) सुनने में किसी प्रकार की अक्षमता कानों के प्रकोष्ठ- कर्णावृत्त प्रणाली में किसी प्रकार की खराबी/अक्षमता न हो।

(ठ) किसी रोग के कारण बोलने में समस्या न हो।

(ड) नाक अथवा तालू की अस्थि अथवा उपास्थि में किसी प्रकार की बीमारी अक्षमता/जन्मजात विकृति/लक्षण न हो, नासिकय पोलिस अथवा नासा-ग्रसनी, अलि जिह्वा तथा गौण साइनस से जुड़ी कोई बीमारी न हो। नाक में कोई विकृति अथवा पुरानी टौंसिलाइटिस के लक्षण न हो।

(ढ) गले, तालू टोंसिल अथवा मसूढ़ों की बीमारी के कोई लक्षण/ अक्षमता अथवा चोट नहीं होने चाहिए जो मैनडिबलर ज्वाइंट के सामान्य कार्य को प्रभावित करते हों।

(त) जन्मजात, आनुवंशिक, आंगिक और उच्च रक्तचाप और चालन विकारों सहित हृदय और रक्त वाहिकाओं संबंधी कोई रोग/लक्षण/अक्षमता विकलांगता न हो।

(थ) पलमोनरी टी बी अथवा इस बीमारी से संबंधित पुराने लक्षण अथवा फेफड़ों व छाती संबंधी अन्य बीमारी/ लक्षण/अक्षमता जिसमें एलर्जी/रोग प्रतिरोधी क्षमता, संयोजी ऊतक विकार तथा छाती के मस्कयूलोस्केलैटल विकार शामिल हैं, न हो।

(द) लिवर अग्नाशय की खराबी समेत पाचन तंत्र संबंधी कोई बीमारी या अंतस्त्रावी, जन्मजात, वंशानुगत अथवा आनुवांशिक बीमारी/ उसका लक्षण तथा अक्षमता न हो।

(ध) अंतःस्त्रावी तंत्र तथा रैटिकुलोऐंडोथैलिथल तंत्र (सिस्टम) से जुड़ी कोई बीमारी/लक्षण/अक्षमता न हो।

(प) जेनिटोयूरिनरी सिस्टम संबंधी कोई बीमारी/अक्षमता जिसमें किसी अंग अथवा ग्रंथि की विकृति, एट्रोफी/हाइपट्रोफी शामिल है, न हो।

(फ) किसी प्रकार के सक्रिय, गुप्त अथवा जन्मजात यौन रोग से ग्रसित न हो।

(ब) किसी प्रकार की मानसिक बीमारी, मिर्गी, मूत्र नियंत्रण संबंधी अक्षमता न होने अथवा उसका इतिहास न हो।

(भ) मसक्यूलोस्केलैटल सिस्टम तथा खोपड़ी, मेरुदण्ड व अन्य अंगों सहित जोड़ों से संबंधित कोई बीमारी/अक्षमता/लक्षण न हो।

(म) जन्मजात अथवा आनुवंशिक बीमारी/लक्षण/अक्षमता न हो।

4. सेवा चयन बोर्ड (एस एस बी) प्रक्रिया के दौरान मनौवैज्ञानिक परीक्षण किया जाएगा। इसके बावजूद यदि चिकित्सकीय जांच के दौरान असामान्य लक्षण का पता चलता है तो वह अभ्यर्थी के चयन की अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

5. उपर्युक्त दिशानिर्देशों के आधार पर निम्नलिखित चिकित्सकीय अवस्थाएं अभ्यर्थी की अस्वीकृति का कारण होती हैं:-

(क) रीढ़ की हड्डी, छाती व कुल्हे तथा अन्य अंगों से संबंधित मसक्यूलोस्केलेटल विकृतियां जैसे स्कोलिओसिस टौरटिकॉलिस, कॉयफौसिस, मेरूदण्ड, पसली, वक्ष अस्थि, कंठास्थि, अस्थि-पंजर की अन्य विकृतियां, भंगअस्थि का गलत जुड़ना, विकृत अंगों, हाथ और पैर की उंगलियों तथा मेरुदण्ड की जन्मजात विकृतियां न हो।

(ख) अंगों की विकृतियाः विकृत अंग, हाथ और पैर की उंगलियां, विकृत संधि जैसे क्यूबिटस वैल्गस, क्यूविटस वैरस, नॉक नी, धनुषाकार टांगे (बलो लेग्ज) हाइपर मोबाइल ज्वाइंट्स, हाथ अथवा पैर की कटी ऊंगलियां और छोटे अंग।

(ग) दृष्टि और आंखः निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष, दृष्टिवैषम्य, कॉर्निया, लैंस और रेटिना के घाव, भेंगापन और पलक पक्षाघात (पिटोसिस)।

(घ) सुनने की क्षमता, कान, नाक और गलाः सुनने की क्षमता मानक स्तर का न होना, कान के चौड़े भाग, इसके परदे, मध्य कर्ण के जख्म, विसामान्य नासा-पट तथा पंसली, ताल पेरिऑरिक्युलर साइनस और गर्दन की लिफेडेनाइटिस/एडीनोपैथी जैसी जन्मजात विकृतियां/अभ्यर्थी को सामान्य बातचीत और तेज फुसफुसाहट (फोर्स्ड विपरिंग) को 610 सेमी की दूरी से प्रत्येक कान से सुनने में समर्थ होना चाहिए।

(च) दांतों की स्थितिः

(i) जबड़ों की प्रारंभिक प्रोगात्मक स्थिति जो बढ़ भी सकती है और दुबारा भी हो सकती है।

(ii) ऊपरी और निचले जबड़े में ऐसी कोई विशेष विसंगति जिससे अच्छी प्रकार चबाने/अथवा बोलने में कठिनाई हो सकती है, वह भी अभ्यर्थी की अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

(iii) रोगसूचक टैम्प्रो मेंडिबूलर जोड़ एवं उसका कमजोर होना। मुंह के किनारों पर 30 मिली मीटर से कम खुलना तथा मुंह ज्यादा खुलने पर टैम्प्रो मेंडिबूलर जोड़ अपने स्थान से हटना।

(iv) सभी संभावित कैंसरयुक्त अवस्थाएं।

(v) मुंह खुलने में रूकावट या बगैर रुकावट सब-म्यूकस फाइब्रोसिस के लिए नैदानिक जांच।

(vi) दंत संरचना में खराबी तथा/अथवा मसूड़ों से खून निकलना जिसके कारण दंत स्वास्थ्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है।

(vii) दांत हिलना- दो या अधिक दांत हिलने या कमजोर होने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

(viii) कॉस्मैटिक अथवा मैक्सीलोफेएसियल सर्जरी/ट्रॉमा के बाद अभ्यर्थी सर्जरी/चोट लगने की तारीख से, जो भी बाद में हो कम से कम 24 सप्ताह तक अयोग्य माना जाएगा।

(ix) दांत के मेलोक्लूसन यदि अच्छी प्रकार चबाने में, ओरल हाइजिन की देखभाल या सामान्य पोषण या ड्यूटियों के सक्षमतापूर्वक-निष्पादन करने में यदि बाधा पंहुचाता हो।

(छ) छातीः टीवी या टीवी के प्रमाण हो, फेफड़ों या हृदय का घाव, छाती की दीवार पर मसक्यूलोस्केलेटल घाव।

(ज) पेट और जनित्र-मुत्रीय प्रणाली- हर्निया, बढ़ा हुआ वृषण, वेरीसोल, ओरगेनोमेगली, सॉलिटरी किडनी, हार्सशू किडनी एवं किडनी और लिवर में सिस्ट में होना। गोलब्लैड पथरी, रीनल और यूरेट्रिक पथरी, यूरोजेनिटिकल अंगों में घाव/गड़बड़ी, बबासीर रोग तथा साइनस और लिम्फोडेटिंस/पैथी होना।

(झ) तंत्रिका प्रणालीः कंपन, बोलने में बाधा एवं असंतुलन।

(ट) विटिलिगो, हीमोगियोमास, मस्सा, कोर्न, डरमिटिस, त्वचा संक्रमण और हाइपरहाइड्रोसिस होना।

6 ऊंचाई और वजन मानक नीचे दिए गए हैं। ऊंचाई के लिए वजन क्षेपक वर्जित न हो तो किया जा सकता है।

ऊंचाई एवं वजन संबंधी मानक (पुरुष)

ऊंचाई सेंटीमीटर में	वजन किग्रा में			
(बगैर जूतों के)	18 वर्ष	20 वर्ष	22 वर्ष	24 वर्ष
152	45	546	47	48
155	46	47	49	50
157	47	49	50	51
160	48	50	51	52
162	50	52	53	54
165	52	53	55	56
168	53	55	57	58
170	55	57	58	59
173	57	59	60	61
175	59	61	62	62
178	61	62	63	64
180	63	64	65	66
183	65	67	67	68
185	67	69	70	71
188	70	71	72	74
190	72	73	74	76
193	74	76	77	78
95	77	78	79	81

ऊपर दी गई तालिका में जो औसत भार दर्शाया गया है इसमें ±10% के अंतर (नौसेना के लिए) को सामान्य सीमा के अंदर ही माना जाना चाहिए। फिर भी, भारी हड्डियों वाले तथा चौड़े शरीर वाले अभ्यर्थियों के मामले में तथा

कमजोर शरीर वाले अभ्यर्थियों के मामले में जो अन्यथा स्वस्थ हों उनकी मेधा को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में कुछ छूट दी जा सकती है।

7. सभी अफसर एंट्रियों तथा कमीशन पूर्व ट्रेनिंग अकादमियों के लिए निम्नलिखित जांच की जाएगी। फिर भी, जांच करने वाले मेडिकल अफसर/मेडिकल बोर्ड किसी ऐसी अन्य जांच के लिए भी कह सकते हैं जिसे वे उचित समझते हो।

(क) पूर्ण हेमोग्राम

(ख) यूरीन आर ई

(ग) चेस्ट एक्स-रे

(घ) यू एस जी एबडोमेन तथा पेल्विस

8. दृष्टि संबंधी मानकः-

बिना चश्मे का असंशोधित	6/12, 6/12
चश्मे के साथ संशोधित	6/6, 6/6
निकट दृष्टिदोष संबंधी सीमाएं	1.5 D Sph
दीर्घ दृष्टि संबंधी सीमाएं	:+1.5 D Cyl
अंबिदुकता (Aslimatism) (निकट दृष्टिदोष तथा दूर दृष्टि दोष की सीमाओं के अंदर)	+0.75D Sph/Cyl
बायनोकयूलर विजन	III
कलर परसेप्शन (रंगों को समझने संबंधी) सीमाएं	I
लैसिक/समतुल्य शल्यचिकित्सा	अनुमति है
रेडियल केराटोटोमी	अनुमति नहीं है

<u>केराटो रिफ्रैक्टिव सर्जरी:</u> जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी प्रकार की रिफ्रैक्टरी सर्जरी (PRK/LASIK/SMILE) करवाई हो उन्हें एंट्री के लिए फिट माना जाएगा पर उन पर निम्नलिखित शर्तें लागू होंगीः-

(क) सर्जरी 20 वर्ष के पूर्व न की गई हो।

(ख) जांच से कम-से-कम 12 माह पूर्व रिफ्रैक्टव सर्जरी के प्रकार का उल्लेख करने वाला (सर्टिफिकेट, जिसमें सर्जरी की तारीख तथा ऑपरेशन-पूर्व रिफ्रैक्टिव दोष उस नेत्र में कितना था इसके बारे में लिखा हो, इसे अभ्यर्थी को भर्ती पूर्व की जाने वाली चिकित्सकीय जांच के समय प्रस्तुत करना होगा)।

(ग) IOL मास्टर या A स्कैन द्वारा 26 mm से कम या बराबर एक्सियल लेन्थ।

(घ) पैकीमीटर द्वारा मापित रेसिडुअल कॉर्नियल की मोटाई 450 माइक्रॉन से कम नहीं होनी चाहिए।

(च) जिस वर्ग के लिए आवेदन किया गया हो उसके लिए रेसिडूअल रिफ्रैक्शन ± 10 D sph or cyl से कम या उसके बराबर अनुमत सीमा में होना चाहिए।

(छ) ऑपरेशन पूर्व रिफ्रैक्टिव दोष को ±6.0 D से अधिक नहीं होना चाहिए।

(ज) रेटिना संबंधी सामान्य जांच।

(झ) फिर भी, जिन अभ्यर्थियों ने केराटो-रिफ्रैक्टरी सर्जरी (PRK, LASIK, SMILE) करवाई हो उन्हें सबमरीन, डाइविंग तथा MARCO जैसे विशिष्ट संवर्ग में भर्ती नहीं किया जाएगा।

(ट) **जिन अभ्यर्थियों ने केराटोटोमी करवाई हो वे स्थायी तौर पर अनफिट रहेंगे।**

नोटः- आपके हित में सलाह दी जाती है कि कानों में मैल, आंखों के रिफ्रैक्टरी दोष, त्वचा का फंगल संक्रमण की प्राथमिक चिकित्सीय जांच आदि SSB में रिपोर्ट करने के पूर्व करा लें।

9. मेडिकल बोर्ड कार्यवाही के लिए AFMSF-2A फॉर्म प्रयोग करें।

10. चिकित्सकीय जांच बोर्ड की प्रक्रियाः अफसरों के चयन तथा कमीशन पूर्व प्रशिक्षण एकेडमी में नामांकन के लिए अफसरों के चयन के लिए सैन्य सेवा चयन बोर्ड (SSB) के पास स्थित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज हॉस्पिटलों में मेडिकल एग्जामिनेशन बोर्ड का आयोजन किया जाता है। इन मेडिकल बोर्डों को स्पेशल मेडिकल बोर्ड (SMB) कहा जाता है। एस एस बी इंटरव्यू पास कर लेने वाले अभ्यर्थियों को आइडेंटिफिकेशन दस्तावेजों के साथ आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज हॉस्पिटल भेज दिया जाता है। हॉस्पिटल के स्टाफ सर्जन अभ्यर्थी की पहचान करेंगे, उसे AFMSF-2 के संगत भागों को भरने में गाइड करेंगे और मेडिकल, सर्जिकल, आंख, ENT तथा दंत रोग की जांच आयोजित करवाएंगे। महिला अभ्यर्थियों की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ से भी करवाई जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा जांच किए जाने के बाद अभ्यर्थियों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यदि विशेषज्ञों की जांच से मेडिकल बोर्ड संतुष्ट हो जाता है तब वह अभ्यर्थी के फिटनेस की घोषणा कर देगा। यदि SMB किसी अभ्यर्थी को अनफिट घोषित कर देता है तब वह 'अपील मेडिकल बोर्ड' (AMB) के लिए अनुरोध कर सकता है। ए एम बी के लिए विस्तृत प्रक्रिया संबंधी विवरण प्रेसिडेंट, एस एस बी उपलब्ध करवाएंगे।

11. **<u>विविध पहलू:</u>**

(क) DGAFMS का कार्यालय जांच की क्लिनिकल प्रकिया निर्धारित करता है।

(ख) महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला चिकित्सा अफसरों और विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। उनकी अनुपलब्धता की स्थिति में महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला परिचारक की उपस्थिति में चिकित्सा अफसर द्वारा की जाएगी।

(ग) शल्यचिकित्सा के उपरांत की फिटनेसः शल्यचिकित्सा के उपरांत अभ्यर्थियों को फिट घोषित किया जाएगा। तथापि, कोई पेचीदगी नहीं होनी चाहिए, घाव भरे हुए होने चाहिए और आवश्यक तनन बल (tensile strength) होना चाहिए। अभ्यर्थी को हर्निया के ओपन/लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के 01 साल बाद और कॉलिसिसटेकटॉमी के लिए लैप्रोस्कोपिक एब्डोमिनल सर्जरी के बारह हफ्तों के उपरांत फिट माना जाएगा। किसी अन्य शल्यचिकित्सा के लिए, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के 12 हफ्ते बाद और ओपन सर्जरी के 12 महीने के बाद ही फिट समझा जाएगा। चोट, किसी लिगमेन्ट टिअर और मेनिस्कस टिअर के लिए हुई शल्यचिकित्सा, जिसकी अवधि चाहे कितनी भी हो, के लिए अभ्यर्थी अनफिट माना जाएगा।

नोट-II स्थायी बॉडी टैटू बाजू के अंदरूनी हिस्से पर ही अनुमत है अर्थात कोहनी के अंदरूनी हिस्से से लेकर कलाई तक और उल्टी हथेली/हाथ का पिछला भाग (पृष्ठ)। स्थाई बॉडी टैटू शरीर के किसी अन्य भाग में स्वीकार्य नहीं है और अभ्यर्थी आगे की चयन प्रक्रिया से वंचित रहेंगे। विद्यमान परंपराओं के अनुसार चेहरे या शरीर पर टैटू चिह्न जनजातियों के संबंध में लिए संबंधित मामले के अनुसार अनुमत होंगे। ऐसे मामलों के निपटान के लिए सक्षम प्राधिकारी कमांडेंट सिलेक्शन सेन्टर होता है।

12. सैन्य सेवा चयन बोर्ड द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी सैन्य सेवा चिकित्सा अफसरों के बोर्ड द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा में भाग लेगा। अकादमी में केवल उन अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिन्हें चिकित्सा बोर्ड द्वारा फिट घोषित किया गया हो। तथापि, जिन अभ्यर्थियों को अनफिट घोषित कर दिया गया है, उन्हें इसकी सूचना चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी और अपील चिकित्सा बोर्ड (ए एम बी) में अनुरोध करने की प्रक्रिया के बारे में भी अभ्यर्थी को सूचित किया जाएगा।

13. जो अभ्यर्थी अनफिट हैं वे अपील चिकित्सा बोर्ड (ए एम बी) को आवेदन कर सकते हैं जिसे एस एम बी के 42 दिनों के अंदर पूरा हो जाना चाहिए और अपील चिकित्सा बोर्ड के पूरे होन के एक दिन के भीतर रीव्यू मेडिकल बोर्ड (आर एम बी) में अनुरोध कर सकते हैं। अभ्यर्थी जिन्हें ए एम बी द्वारा अनफिट घोषित किया गया है उन्हें ए एम बी के अध्यक्ष ए एम बी के निष्कर्षों को चुनौती देने की प्रक्रिया के बारे में भी अभ्यर्थी सूचित करेंगे। अभ्यर्थी को यह भी सूचित किया जाएगा कि रीव्यू मेडिकल बोर्ड (आर एम बी) मामले के मेरिट के आधार पर डी जी ए एफ एम एस के विवेकाधिकार पर दिया जाएगा और इसे अभ्यर्थी का अधिकार नहीं माना जाएगा। यदि अभ्यर्थी आर एम बी के लिए निवेदन करना चाहता है तो उसे डी एम पी आर/एकीकृत मुख्यालय- रक्षा मंत्रालय (नौसेना) को संबोधित करना होगा और इसकी एक प्रति ए एम बी के अध्यक्ष को भी सौंपी जाएगी। डी जी ए एफ एम एस का कार्यालय अभ्यर्थी को तारीख और स्थान (केवल दिल्ली और पुणे)

के बारे में सूचित करेगा जहां आर एम बी के लिए प्रस्तुत होना है। अभ्यर्थी को निर्धारित शारीरिक मानदण्डों के अनुसार शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए जो संक्षिप्त रूप से नीचे दिए गए हैं:-

(क) अभ्यर्थी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और ऐसी किसी भी बीमारी/अक्षमता से मुक्त होना चाहिए जिससे ड्यूटी के सक्षम रूप से निष्पादन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना हो।

(ख) अभ्यर्थी में किसी भी तरह की शारीरिक कमजोरी, शारीरिक अक्षमता या मानित स्तर से कम वजन के कोई भी लक्षण नहीं होने चाहिए। अभ्यर्थी का वजन मानित स्तर से अधिक नहीं होना चाहिए।

(ग) पुरुष अभ्यर्थियों का न्यूनतम स्वीकार्य कद 157 से मी है। गूरखा और भारत के उत्तर पूर्व पहाड़ियों, गडवाली, कुमाऊं से आने व्यक्तियों का निम्नतम स्वीकार्य कद से 5 सेमी कम है। लक्षद्वीप से आने वाले अभ्यर्थियों के मामले में न्यूनतम स्वीकार्य कद 2 सेमी तक कम हो सकता है। तथापि, हर तरह की छूट के बाद सभी प्रविष्टियों का निम्नतम कद 148 सेमी है। अन्यथा अभ्यर्थी को बौना समझा जाएगा।

(घ) सीना अच्छी तरह विकसित होना चाहिए। पूरी सांस खींचने के बाद विस्तार की न्यूनतम रेंज 5 सेमी होनी चाहिए। माप एक टेप से इस तरह समायोजित की जाएगी कि उसका निचलाछोर सामने वाले निपल को छूना चाहिए और टेप का ऊपरी हिस्सा कंधे की हड्डी के पीछे लोअर एंगल को छूना चाहिए। छाती का एक्स-रे जरूरी है और छाती के किसी भी रोग को खारिज करने के लिए लिया जाता है। नौसेना अभ्यर्थियों के लिए सामान्य एक्स-रे स्पाइन नहीं लिया जाता।

(च) हड्डियों या जोड़ों में कोई अपूर्ण विकास या उनकी कार्यक्षमता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

(छ) अभ्यर्थी का मानसिक आघात या दौरों का कोई पूर्व इतिहास नहीं होना चाहिए।

(ज) श्रवण शक्ति सामान्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी एक शांत कमरे में दोनों कानों से 610 सेमी की दूरी पर जोर के फुसफुसाहट को सुनने में सक्षम होना चाहिए। कान, नाक या गले के रोग का कोई वर्तमान या पूर्व इतिहास का प्रमाण नहीं होना चाहिए। बोलने की क्षमता बाधा रहति हो।

(झ) हृदय या रक्त वाहिका में कार्यात्मक या आंगिक रोग के कोई चिह्न नहीं होने चाहिएं। रक्त दाब सामान्य होना चाहिए।

(ट) यकृत या तिल्ली में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होनी चाहिए। उदर के आंतरिक अंगों के किसी भी रोग का साक्ष्य अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

(ठ) बिना ऑपरेशन वाला हर्निया अभ्यर्थी को अनफिट कर सकता है। हर्निया का ऑपरेशन हो जाने की स्थिति में अंतिम चिकित्सकीय जांच से पहले, कम से कम छः माह की अवधि पूर्ण हो चुकी हो।

(ड) किसी प्रकार का हाइड्रोसिल, वृषण-शिरापस्फीति (वैरिकोसील) या पाइल्स नहीं होना चाहिए।

(ढ) पेशाब की जांच की जाएगी। किसी प्रकार की असामान्यता पाए जाने पर यह अस्वीकृति का कारण होगा।

(त) त्वचा की कोई बीमारी, जिससे अशक्तता या विकृति होने की संभावना हो, भी अस्वीकृति की वजह होगी।

(थ) यू एस जी उदर जांच की जाएगी तथा उदरांगों में किसी प्रकार की जन्मजात संरचनात्मक अपसामान्यता या रोग, अस्वीकृति का कारण होगा।

(द) अभ्यर्थियों को पर्याप्त संख्या में प्राकृतिक व स्वस्थ दांत होने चाहिए। न्यूनतम 14 दंत बिंदु स्वीकार्य होंगे। 32 दांत होने की स्थिति में कुल दंत बिंदु 22 होते हैं। अभ्यर्थी को गंभीर पायरिया से पीड़ित नहीं होना चाहिए।

14. सभी चयनित अभ्यर्थियों को कठोर सैन्य प्रशिक्षण से गुजरना होगा और उन्हें किसी भी क्षेत्र, जलवायु एवं विषम परिस्थितियों में सेना की ड्यूटी हेतु तैनात किया जाएगा। ऐसी स्थितियों में दल के किसी सदस्य की अस्वस्थता सैन्य ऑपरेशन को उथल-पुथल कर सकता है या संपूर्ण दल के जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसलिए किसी भी क्षेत्र, जलवायु तथा कठिन परिस्थितियों में सैन्य ड्यूटी करने के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच की जाती है। अभ्यर्थी को:-

(क) प्रशिक्षण से गुजरने के लिए चिकित्सीय रूप से सक्षम होना चाहिए तथा उन्हें सशस्त्र सेनाओं की सैन्य ड्यूटी करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम होना चाहिए।

(ख) भौगोलिक क्षेत्र की अपसामान्यताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे सैन्य वातावरण के अनुरूप ढलने के लिए चिकित्सा की दृष्टि से होना चाहिए तथा उसे विशिष्ट चिकित्सा देखभाल लिए बिना सैन्य कार्य करने योग्य होना चाहिए।

(ग) उन चिकित्सा परिस्थितियों या शारीरिक विकृतियों से मुक्त होना चाहिए जिनके उपचार तथा अस्पताल में भर्ती के लिए ड्यूटी का अत्यधिक समय नष्ट हो।

(घ) संक्रामक बीमारियों से मुक्त होना चाहिए जो अन्य कार्मिकों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती हों।

15. सभी अभ्यर्थियों की जांच चिकित्सा अफसरों के बोर्ड द्वारा की जाएगी जो कि आधारभूत (बेसिक) सैन्य प्रशिक्षण से गुजर चुके हैं तथा सैन्य तैनाती एवं कार्य परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। चिकित्सा बोर्ड उपर्युक्त वर्णित सिद्धांतों पर आधारित निर्दिष्ट सैन्य अस्पतालों में संपन्न होता है जिसमें चिकित्सा तथा सैन्य विज्ञान की नवीनतम जानकारी रहती है। संपूर्ण शरीर की पूरी जांच की जाती है ताकि सामान्य अनुकूल विकृतियों तथा सरलता से पता लगाने योग्य अन्य अशक्तताओं की पहचान की जा सके। चिकित्सा जांच की प्रकृति नैदानिक नहीं होती है, अतः निर्दिष्ट अंगों की सीमित जांच की जाती है जो सिर्फ छानबीन के लिए होता है जैसा कि उल्लेख किया गया है। इस प्रकार यह निर्दिष्ट चिकित्सा स्वस्थता मानदण्ड की सिर्फ रूपरेखा है जो केवल अभ्यर्थी के सामान्य दिशा-निर्देश के लिए होता है। चिकित्सा अफसर बोर्ड सशस्त्र सेना में भर्ती/कमीशन के लिए लागू इससे अधिक विस्तृत चिकित्सा मानदण्डों का अनुसरण करते हैं।

16. विशेष चिकित्सा बोर्ड के दौरान निम्नलिखित जांच अनिवार्य रूप से की जाती हैं। हालांकि अभ्यर्थी की जांच कर रहा चिकित्सा अफसर/चिकित्सा बोर्ड आवश्यकतानुसार या निर्दिष्ट किसी अन्य जांच की मांग कर सकते हैं:-

(i) पूर्ण हेमोग्राम

(ii) पेशाब आर ई/एम ई

(iii) छाती के एक्स-रे की पी ए जांच

(iv) उदर एवं श्रोणि का अल्ट्रासाउंड

17. अस्वीकृति के सामान्यतः निम्नलिखित कारण होते हैं। यह सूची विस्तृत नहीं है तथा चिकित्सा बोर्ड ही उपयुक्तता (फिटनेस) का अंतिम प्राधिकारी होता है।

(क) साइनस, नासूर एवं हर्निया, सिस्ट, हाइपर/हाइपो रंजित धब्बे, सूजन, नीवस, संवहनी अपरचना, शरीर पर कहीं भी निशान।

(ख) सिर एवं गर्दनः पेशीय विकृतियां जो कि सुरक्षा गियर के उपयोग में हस्तक्षेप कर सकता है, ग्रीवा पसली।

(ग) छातीः पेशीय विकृतियां, जैसे- पेक्टस एक्सकेवेटम पीजन चेस्ट कबूतर छाती, जीर्ण वजन, फुफ्फुस रिसाव, फेफड़ो का सांतर-विधानीय आघात, यक्ष्मा (ट्यूबरक्यूलोसिस) का सक्रिय या अवशिष्ट आघात।

(घ) उदर एवं प्रजनन तंत्रः हर्निया, अंगों में असामान्य वृद्धि, संवहनी विकृतियां, गुर्दे की विकृतियां, पित्त की पथरी, गुर्दे की ध्वनि इत्यादि। प्रजनन तंत्र की विकृतियां।

(च) ऊपरी अंग, निचले अंग और मेरूदंडः अत्यंत लचीला या जोड़ों में अवरोध, कोहनी में समस्या (क्युबिटस वैल्गुस) क्युबिटस बैरस, जेन रेक्युवेटम (घुटनों की समस्या), हाथ और पैर की विकृति, कुब्जता, पार्श्वकुब्जता, द्विमेरुता (स्पाइना बिफिडा) जैसी जन्मजात विकृति।

(छ) त्वचा/चर्मः विटिलिगो, घाव का निशान, संवहनी विकृति, पुराना चर्म रोग।

(ज) निम्नलिखित नेत्र संबंधित रोग किसी अभ्यर्थी को अयोग्य बना देंगे।

(कक) पलकों का पक्षाघात (टोसीस)

(कख) कॉर्निया की अपारदर्शिता (कॉर्नियल ओपेसिटी)

(कग) टेरिजियम

(कघ) लेन्टिक्युलेरोसिटी

(कच) यूवाइटिस

(कछ) अक्षिदोलन (निस्टेग्मस)

(कज) पलकों का अन्तर्वलन/पलकों का बाहर की ओर मुडना (एन्ट्रोपिओन/एक्ट्रोपिओन)

(कझ) भेंगापन (स्कुइंट)

(कट) रतौंधी

(कठ) रेटिना के घाव

(कड) नासो-लेक्रिमल समावेशन

(झ) कान और सुनने के मानक

(क) अस्वीकृति के कारण

(कक) ऑरिकल और मस्टॉयड क्षेत्र, कानकेफ्तों (पीना) की जांच उससे संबंधित घोर विकृति के लिए की जाएगी क्योंकि उससे वर्दी, व्यक्तिगत किट, संरक्षित उपकरण पहनने में बाधा होती है, या जो सैन्य प्रभाव के प्रतिकूल प्रभाव डालता हो।

(कख) बाह्य कर्ण-कुहरः कर्णमल, किसी फॉरन बाडी की उपस्थिति, एक्सोसटोसिस ग्रोथ, ऑटो माइकोसिस या स्राव।

(कग) कान के पर्दे का वेध, घाव या आघात, निशान, टीम्पेनोसइरोटिक प्लैक या झिल्ली में सिकुड़न और अस्थिर या आंशिक रूप से स्थिर टेम्पैनिक मेम्ब्रन।

(कघ) सुनने के मानकः परीक्षक की ओर पीठ करके खड़े होकर अभ्यर्थी प्रत्येक कान से अलग-अलग 610 सेमी की दूरी से फुसफुसाहठ और बातचीत की आवाज सुनने में सक्षम होना चाहिए।

18. एक्स-रे परीक्षण में निम्नलिखित स्थितियों के पता लगने पर नौसैना में प्रवेश के लिए अयोग्य होंगेः-

(क) रीढ़ की हड्डी की ग्रेनुलोमैटस बीमारी

(ख) आर्थराइटिस- न्यूमोटाइड आर्थराइटिस और उससे संबंधित डिसऑर्डर और एन्किलूंसिंग स्पोंडेलाइटिस

(ग) कोब्स विधि से मापी गई 10° डिग्री से अधिक स्कोलिओसिस

(घ) हल्के से ज्यादा काईफॉसिस/लार्डोसिस

(च) स्पोंडिलोथेसिस/स्पोंडिलोसिस/स्पोंडिलोलिसिस

(छ) हर्नियेटेड न्यूक्लियस पल्पोसस

(ज) रीढ़ की कशेरूक (वर्टिब्रा) में कम्प्रैशन फ्रैक्चर

(झ) सेक्रेलाइजेशन रोग (रीढ़ की हड्डी में अनियमितता)

(ट) स्पष्ट स्नायविक तथा परिसंचरण संबंधी कमी के साथ सर्वाइकल रिब्स

(ठ) एक से अधिक स्तर पर स्केमोरल नोड्स की उपस्थिति

(ड) एटलांटो ऑप्टिकल और अटलांटो एक्सिएल कमियां

(ढ) एक पक्षीय या द्वीपक्षीय अपूर्ण स्कारालाइजेशन

(त) एस वी 1 और एल वी 5 के अलावा स्पाइनेबीफिडा

(थ) विशेषज्ञ द्वारा बताई गई कोई अन्य असामान्यता

19. यदि मेडिकल बोर्ड द्वारा अयोग्य माना जाता है तो एक सेवा के लिए निर्धारित विशेष जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अयोग्यता पाई जाने पर अभ्यर्थी किसी अन्य सेवा के लिए भी अयोग्य माना जा सकता है।

20. शारीरिक स्थितिः- नीचे दिए गए रूटीन का अनुपालन करके भावी अभ्यर्थियों को स्वयं को अच्छी शारीरिक स्थिति में रखने की सलाह दी जाती हैः-

(क)	दौड़ना	- 15 मिनट में 2 से 4 किमी
(ख)	रस्सा कूदना	
(ग)	पुश अप्स/सिट अप्स	- प्रत्येक 20 न्यूनतम
(घ)	चिन अप्स	- न्यूनतम 08
(च)	रोप क्लाइम्बिंग	- 3 से 4 मी

अनुलग्नक-III

वायु सेना सेना में अफसर पदों पर भर्ती के लिए चिकित्सा मानक और मेडिकल परीक्षा की प्रक्रिया

सामान्य अनुदेश

1. इस खण्ड में सी डी एस ई द्वारा भारतीय वायु सेना की उड़ान शाखा में कमीशन प्रदान करने के लिए अभ्यर्थी का आकलन किया जाता है।

2. चिकित्सीय रूप से स्वस्थता की मूल आवश्यकता सभी शाखाओं के लिए अनिवार्यतः एकसमान होगी, केवल उन एयरक्र् को छोड़कर जिनके लिए पैनी नज़र के पैरामीटर, एन्थ्रोपोमेटो और कुछ अन्य शारीरिक मानक अधिक सख्त होते हैं । किसी अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से तब तक पूरी तरह फिट नहीं माना जाएगा जब तक कि पूरी तरह जांच करने के बाद यह पाया जाए कि वह विश्व के किसी भी भाग में किसी भी प्रकार के मौसम में लंबी अवधि तक कठोर शारीरिक और मानसिक तनाव सहन करने की शारीरिक और मानसिक क्षमता रखता हो।

3. निर्दिष्ट चिकित्सा मानक प्रारंभिक भर्ती से संबंधित चिकित्सा मानक हैं। कमीशन प्रदान करने से पहले प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल फिटनेस के बने रहने की जांच ए एफ ए में होने वाली आवधिक चिकित्सा जांच द्वारा की जाती है। परंतु, यदि, प्रशिक्षण के दौरान किसी रोग अथवा अशक्तता का पता लगता है, जिसका असर फ्लाइट कैडेटों के बाद की शारीरिक फिटनेस और चिकित्सा श्रेणी पर पड़ेगा, तो इस प्रकार के मामलों की सूचना तुरंत डी जी एम एस (वायु)–चिकि.–7 के कार्यालय को देते हुए आई ए एम (एयरक्र् के लिए)/एम एच के विशेषज्ञ (गैर–एयरक्र् के लिए) को भेजी जाएगी। यदि आई ए एम में उस रोग अथवा अशक्तता की स्थायी प्रकृति के होने का पता चलता है तो कैडेट के सर्विस/शाखा/स्टोम में बने रहने के संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। यदि डी जी एम एस (वायु) की विशिष्ट छूट का अनुरोध किया जाता है तो आई ए पी 4303 चौथे संस्करण (संशोधित) के संबंधित पैरा के अनुसार मामले का पूरा औचित्य भेजा जाएगा।

सामान्य चिकित्सा और सर्जिकल आकलन

4. प्रत्येक अभ्यर्थी को वायु सेना के लिए फिट होने के लिए आगे के पैराग्राफों में निर्धारित किए गए न्यूनतम मानकों के अनुरूप होना चाहिए। सामान्य कद–काठी अच्छी प्रकार से विकसित और आनुपातिक होनी चाहिए।

5. कार्यक्षमता की किसी भी प्रकार की सीमा के लिए फ्रैक्चर/पुरानी चोटों के बाद के प्रभावों का आकलन किया जाएगा। यदि उनका कार्य पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ रहा हो तो अभ्यर्थी को फिट कहा जा सकता है। रीढ़ की हड्डी के पुराने फ्रैक्चर से संबंधित मामलों को अनफिट माना जाएगा। रीढ़ को हड्डी में बाद में हुई विकृति अथवा कशेरूका (वरटेब्रा) के दबने को अयोग्यता माना जाएगा। यदि बड़ी नसों के अगले हिस्से में जख्म हो, जिनसे कार्यक्षमता कम हो रही है अथवा ऐसे घाव हों जिनके कारण दर्द या ऐंठन हो, तो यह उड़ान ड्यूटी में नियुक्ति के लिए अयोग्यता को निर्दिष्ट करता है। बड़े–बड़े या कई केलोइड्स होने के कारण भी अयोग्य माना जाएगा।

6. मामूली निशान अथवा जन्म के निशान, जैसे तपेदिक ग्रंथियों को हटाने से बने निशान, उड़ान ड्यूटी में नियुक्ति के लिए अयोग्यता के कारण नहीं माने जाएंगे। यदि हाथ–पैरों या धड़ पर घाव के कई निशान हों जिनसे कार्य करने में बाधा हो अथवा वे भद्दे लग रहे हों तो उन्हें अयोग्यता का कारण माना जाएगा।

7. यदि अभ्यर्थी की सरवाइकल रिब के कारण उसके न्यूरोवसक्यूलर सिस्टम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा हो तो उसे स्वीकार किया जाएगा। इसे चिकित्सा बोर्ड की कार्यवाही में दर्ज किया जाएगा।

8. यदि चेहरा और सिर टेढ़ा–मेढ़ा हो जिससे ऑक्सीजन मास्क और हैलमेट की उपयुक्त फिटिंग में रूकावट हो तो उसे उड़ान ड्यूटी के लिए अयोग्यता का कारण माना जाएगा।

9. यदि किसी अभ्यर्थी का साधारण अपेन्डिसेक्टॉमि के अतिरिक्त पेट का ऑपरेशन हुआ है जिसमें बड़ी सर्जरी की गई है अथवा उसमें किसी अंग को आंशिक या पूरी तरह से शरीर से निकाल दिया गया है, तो वह उड़ान ड्यूटी के लिए अयोग्य होगा। यदि खोपड़ी का ऑपरेशन (क्रेनियल वॉल्ट) (जैसे चीड़–फाड़) किया गया हो अथवा छाती का बड़ा ऑपरेशन किया गया हो तो अभ्यर्थी उड़ान के लिए अयोग्य माना जाएगा।

10. छाती का आकार पूरी तरह आनुपातिक और भली–भांति विकसित होना चाहिए जो कम से कम 5 सेमी तक फैल सकती हो।

11. कद, बैठते समय लंबाई, टांग की लंबाई और जांघ की लंबाई

(क) ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं में भर्ती के लिए न्यूनतम कद 157.5 सेमी होना चाहिए। गोरखा और भारत के उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों तथा उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों के व्यक्तियों का न्यूनतम स्वीकृत कद 5 सेमी कम (152.5 सेमी) होगा। यदि अभ्यर्थी लक्षद्वीप से हो तो न्यूनतम स्वीकृत कद 2 सेमी (155.5 सेमी) तक कम किया जा सकता है।

(ख) उड़ान शाखा के लिए न्यूनतम कद 162.5 सेमी होगा। इन एयरक्र् के लिए टांग की लंबाई, जांघ की लंबाई और बैठते समय लंबाई का स्वीकृत माप इस प्रकार होगा :–

(प) बैठते समय लंबाई : न्यूनतम–81.5 समी अधिकतम–96.0 सेमी

(पप) टांग की लंबाई : न्यूनतम–99.0 सेमी अधिकतम–120.0 सेमी

(पपप) जांघ की लंबाई : अधिकतम–64.0 सेमी

12. प्रारूप नियमावली के परिशिष्ट क में दिया गया यू पी एस सी द्वारा निर्धारित वजन चार्ट लागू होगा। शरीर के मानक वजन से अधिकतम 10ः की छूट दी जा सकती है। आधा किग्रा. से कम के अंतर को नोट नहीं किया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी का वजन मानक से 10ः से ज्यादा कम है तो उसका पिछला पूरा विवरण पूछा जाएगा और सावधानीपूर्वक जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि इस कम वजन का कारण तपेदिक, हाइपरथॉयोराइड, डायबिटीज़ इत्यादि तो नहीं है। यदि किसी कारण का पता नहीं लगता तो अभ्यर्थी को फिट घोषित कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण का पता लगता है तो अभ्यर्थी की फिटनेस उसके अनुसार निर्धारित की जाएगी।

13. हृदय वाहिका तंत्र (कार्डियोवस्कुलर)

(क) हृदय वाहिका तंत्र (कार्डियोवस्कुलर) का आकलन करते समय छाती में दर्द, सांस फूलने, घबराहट, बेहोशी के दौरे, चक्कर आने, गठिये के बुखार, अपने–आप ऐंठन होने (कोरिया), बार–बार गले में खराश होने और टॉन्सिल की भली–भांति जांच की जाएगी।

(ख) सामान्य पल्स रेट 60–100 बो पी एम तक घटती बढ़ती रहती है। भावनात्मक कारकों के बाद दीर्घकालिक साइन टेचीकाडिया से अधिक (100 बी पी एम से अधिक) और बुखार को कारणों के रूप में छोड़ दिया जाता है, इसके साथ–साथ कार्मिक कारणों को दीर्घकालिक साइनस ब्रेडिकार्डिया (60 बी पी एम से कम) को विशेषज्ञ की राय के लिए भेज दिया जाएगा। साइनस अरिदेमियां और वेगोटोनिया को भी निकाल दिया जाएगा।

(ग) चिकित्सीय परीक्षा के तनाव के कारण अभ्यर्थियों में व्हाईट कोट हाईपरटेंशन उत्पन्न होने की प्रवृत्ति रहती है जो रक्तचाप में अल्पकालिक वृद्धि होती है। मूल परिस्थितियों के अंतर्गत बार–बार रिकॉर्ड करते हुए व्हाईट कोट प्रभाव को दूर करने का प्रयास किया जाए। जब सूचित किया जाए, रक्तचाप की संचारी रिकॉर्डिंग की जाए या अंतिम स्वस्थता प्रमाणित करने से पूर्व अभ्यर्थी के प्रेषण के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाए। लगातार एच जी के 140/90 से अधिक या इसके बराबर के रक्तचाप वाले व्यक्ति को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(घ) कायिक हृदवाहिका रोग का प्रमाण अस्वीकार किए जाने का कारण होगा। डाइस्टोलिक मर्मर निरपवाद रूप से कायिक होते हैं। निष्कासन सिस्टोलिक प्रकृति के अल्पसिस्टोलिक मर्मर हं जो रोमांच से संबंधित नहीं होते हैं और खड़े रहने पर घटते हैं विशेषतः जब वे सामान्य ई सी जी और छाती के

रेडियोग्राफ से संबंधित होते हैं वे प्रायः काम करते हैं। तथापि एक इकोकॉर्डियोग्राम कायिक हृदय रोग को दूर करने के लिए किया जाएगा। संदेह की किसी भी स्थिति में मामले को हृदय रोग विशेषज्ञ की राय लेने के लिए भेजा जाएगा।

(च) इलैक्ट्रोकार्डियोग्राम। चिकित्सीय विशेषज्ञ द्वारा उपयुक्त रूप से रिकॉर्ड की गई ई सी जी (रेस्टिंग–14 लीड) का मूल्यांकन किया जाएगा। तरंग पैटर्नों विस्तार (आयाम), अंतराल और समय क संबंधों पर नोट लिए जाएंगे। ढांचागत हृदय रोग, के न होने पर अपूर्ण आर बी बी बी को छोड़कर जिसे अवश्य हटाया जाए प्रवेश के समय कोई भी असामान्यता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में वरिष्ठ सलाहकार (चिकित्सा) या हृदय रोग विशेषज्ञ की राय ली जाएगी।

14. श्वसन तंत्र

(क) चेस्ट रेडियोग्राम पर किसी प्रमाण्य अपारदर्शिता के रूप में पल्मोनरी पैरेनकीमा या प्लेयूरा में कोई अवशिष्ट स्कारिंग का अस्वीकार किए जाने का आधार होगा। पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस के पूर्व में इलाज किए गए मामले जिनमें कोई महत्वपूर्ण अवशिष्ट अपसामान्यता नहों होती उसे तब स्वीकार किया जा सकता है जब निदान और इलाज दो वर्ष से भी अधिक पहले स्वीकार किया जा चुका हो। इन मामलों में चिकित्सक के निर्णय के अनुसार यू एस जी, ई एस आर, पी सी आर, इम्यूनोलॉजिकल जांच और मैनटॉक्स टेस्ट के साथ चेस्ट का एक सी टी स्कैन आर फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी ब्रॉन्कियल लेवेज सहित की जाएगी। यदि सभी जांच सामान्य आती है तो अभ्यर्थी को फिट माना जा सकता है। हालांकि इन मामलों में फिटनेस का निर्णय केवल अपील/पुनर्विचार चिकित्सा बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

(ख) एफ्यूजन सहित प्लीयूरीजी महत्वपूर्ण अपशिष्ट प्लीयूरल स्थूलता का कोई भी साक्ष्य अस्वीकार किए जाने का कारण होगा।

(ग) खांसी/सांस लेने में घरघराहट/ब्रोंकाइटिस के बार–बार हुए रोगाक्रमण का इतिहास श्वसन पथ के दीर्घकालीन ब्रोंकाइटिस या अन्य दीर्घकालिक पैथॉलॉजी का परिणाम हो सकता है। ऐस मामलों को अनफिट मूल्यांकित किया जाएगा। यदि उपलब्ध हो तो पल्मोनरी फंक्शन जांच की जाएगी।

(घ) ब्रोंकियल अस्थमा/सांस लेने में घरघराहट/एलर्जिक राइनिटिस के बार–बार हुए रोगाक्रमणों का इतिहास अस्वीकार कर दिए जाने का कारण होगा।

(च) चेस्ट का रेडियोग्राफ करना। फेफड़ों, मीडियास्टिनम और प्लूरा संबंधी रोगों के सुस्पष्ट रेडियोलॉजिकल साक्ष्य वायुसेना में नियोजन के लिए अनुपयुक्तता दर्शाते हैं। यदि अपेक्षित हो तो छाती के चिकित्सक के सुझाव के अंतर्गत उपर्युक्त पैरा 13 (क) में दिए अनुसार जांच की जाएगी।

15. जठरांत्र तंत्र

(क) मुंह, जीभ, मसूड़ों या गले के फोड़े या संक्रमण के किसी भी पिछले इतिहास के साथ किसी मुख्य दंत्य परिवर्तन को नोट किया जाएगा।

(ख) दंत्य संबंधी निम्नलिखित मानकों का अनुपालन किया जाएगा :–

(i) अभ्यर्थी के 14 दंत्य बिंदु अवश्य हों और ऊपरी जबड़े में मौजूद निम्नलिखित दांतों के साथ निचले जबड़े से संबंधित सामने के दांत अच्छी कार्य स्थिति में हों और स्वस्थ हों या मरम्मत योग्य हों :–

(कक) आगे के छह में से कोई चार

(कख) पीछे के दस में से कोई छह

(कग) ये दोनों ओर से संतुलित होने चाहिए। एक ओर से चबाने की अनुमति नहीं है।

(कघ) किसी निकालने वाली या तारों वाली कृत्रिम अंग (प्रोस्थेसिस) की अनुमति नहीं है।

(ii) जिस अभ्यर्थी के दंत्य मानक निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iii) पायरिया, घोर अल्सरेटिव जिंजिवाइटिस के अग्रवर्ती चरण में व्यापक जिंदा घाव के द्वारा प्रभावित दंत्य आर्च वाले अभ्यर्थी या जबड़ों की कुल अपसामान्यता या असंख्य दंतक्षयों या सेप्टिक दांतो वाले अभ्यर्थी को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ग) गैस्ट्रो डुओडेनल अक्षमता। वे अभ्यर्थी जो सिद्ध पेप्टिक अल्सरेशन सहित पुराने अपचन के सांकेतिक लक्षणों से गुजर रहे हैं या पिछले दो वर्षों के दौरान इन लक्षणों से गुजर चुके हैं, उनको इन लक्षणों के दोबारा उभरने के अत्यंत उच्च जोखिम के कारण और अक्षमता की संभावना को ध्यान में रखते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा। पहले हुई किसी शल्य क्रिया जिसमें किसी अंग (अवशेषांगों/पित्ताशय के अतिरिक्त) की आंशिक या कुल क्षति लोप होने से अस्वीकार कर दिए जाने का मामला बनेगा।

(घ) यदि यह पता लगता है कि अभ्यर्थी को पहले पीलिया हो चुका है या उसका लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है तो आकलन के लिए पूरी जांच की जाएगी। वायरल हेपेटाइटिस या किसी अन्य प्रकार के पीलिये से पीड़ित अभ्यर्थियों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को कम से कम छह महीने की न्यूनतम अवधि पूरा होने के बाद इस शर्त पर फिट घोषित किया जाएगा कि वे चिकित्सीय दृष्टि से पूरी तरह ठीक हो चुके हैंय एच बी वी एवं एच बी सी दोनों निगेटिव हों एवं लिवर सामान्य सीमा में कार्य कर रहा है।

(च) यदि अभ्यर्थी का प्लीहा का ऑपरेशन (स्प्लेनेक्टॉमि) हुआ हो तो वह अनफिट माना जाएगा, चाहे ऑपरेशन का कारण कुछ भी हो। यदि प्लीहा किसी भी डिग्री तक बढ़ गया हो (स्प्लेनोमिगलि), तो अभ्यर्थी को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(छ) यदि किसी अभ्यर्थी की सफल सर्जरी के बाद हर्निया पूरी तरह से ठीक हो चुका है और उसका केवल निशान है तो सर्जरी के छह महीने बाद फिट माना जाएगा, बशर्ते कि उसे हनिया फिर से होने की कोई संभावना न हो और पेट की दीवार की मांसपेशियां पुष्ट हों।

(ज) पेट की सर्जरी

(i) यदि अभ्यर्थी के पेट की सर्जरी के पूरी तरह ठीक होने का निशान हो तो उसे सफल सर्जरी के एक वर्ष बाद फिट माना जाएगा बशर्ते कि मूल बीमारी के फिर से होने की कोई संभावना न हो और पेट की दीवार की मांसपेशियां पुष्ट हों।

(ii) यदि अभ्यर्थी की लैपरोस्कोप से पित्ताशय की सर्जरी (कॉलेसिस्टेक्टॉमी) हुई है तो उसे उस सर्जरी के 08 हफ्ते बाद फिट माना जाएगा, बशर्ते कि उसमें रोग का कोई चिह्न और लक्षण न बचा हो और उसका एल एफ टी और पेट का अल्ट्रासाउंड सामान्य आया हो और पूरा गॉल ब्लैडर न हो तथा इंट्रा–एब्डॉमिनल कलैक्शन न हो। पेट के अन्य लैपरोस्कोपिक प्रोसीजर को भी सर्जरी के 08 हफ्ते बाद फिट माना जाएगा बशर्ते कि व्यक्ति में रोग का कोई लक्षण न हो, वह पूरी तरह ठीक हो गया हो और रोग से संबंधित कोई भी परेशानी न हो अथवा रोग के फिर से होने का कोई लक्षण न हो।

(झ) अल्ट्रासोनोग्राफिक (यू एस जी) जांच से फैटी लिवर, छोटे सिस्ट, हीमेंजियोमा, सेप्टेट गॉल ब्लैडर आदि के पता लगने पर ऐसे मामलों का निपटान चिकित्सीय दृष्टि और कार्यक्षमता के आधार पर किया जाएगा। व्यवस्थित तरीके से की गई यू एस जी जांच के दौरान निम्नलिखित की ध्यानपूर्वक जांच की जाएगी। आगामी पैराग्राफों में सूचीबद्ध जांच परिणाम एवं रिपोर्ट किए गए अन्य इंसिडेंटल यू एस जी जांच परिणामों का चिकित्सीय दृष्टि एवं कार्यक्षमता के आधार पर संबंधित विशेषज्ञ द्वारा आकलन किया जाएगा।

(ट) लिवर

(i) फिट

(कक) लिवर का सामान्य इकोएनॉटमी, सी बी डी, आई एच बी आर, पोर्टल एवं हैपेटिक वेन और मिड–क्लैविक्युलर लाइन में लिवर की चौड़ाई 15 सेमी. से ज्यादा न हो।

(कख) 2.5 सेमी व्यास की अकेली साधारण रसौली (थिन वाल, अनेकोइक)

(ii) अनफिट

(कक) मिड–क्लैविकुलर लाइन में 15 सेमी से अधिक हेप्टोमीगेली।

(कख) फैटी लीवर।

(कग) 2.5 से बड़ी अकेली रसौली।

(कघ) थिक वाल, सेप्टेसन तथा डेब्रिस के साथ किसी भी आकार की अकेली रसौली।

(कच) 03 मि. मी से बड़ी किसी भी आकार की कैल्सिफिकेशन।

(कछ) तीन कैल्सिफिकेशन से अधिक चाहे प्रत्येक आकार में 03 मिमी से कम क्यों न हो।

(कज) किसी भी आकार की कई हेप्टिक रसौली।

(कझ) 2.5 सेमी से बड़ा हीमैंगिओमा।

(कट) पोर्टल वेन थ्रोंबोसिस।

(कठ) पोर्टल हाइपर्टेशन (13 मिमी से बड़ा पी वी, कोलेरल, जलोदर) के साक्ष्य।

(iii) अपील मेडिकल बोर्ड/समीक्षा मेडिकल बोर्ड के दौरान अनफिट अभ्यर्थियों की विशेष जांच तथा विस्तृत नैदानिक परीक्षण करायी जाएगी। विशेष स्थितियों के लिए फिटनेस का निर्णय निम्नानुसार किया जाएगाः–

(कक) सामान्य एल एफ टी, कोई मेटाबोलिक असमान्यता न हो तथा निगेटिव HBsAg तथा Anti-HCV सीरोलोजी वाले पतले व्यक्ति के फैटी लीवर को फिट माना जा सकता है।

(कख) 2.5–05 से.मी. तक वाली अकेल साधारण रसौली की पुनः एल एफ टी, सी ई सी टी, उदर तथा हाइडाटिड सीरोलोजी से जांच की जाएगी। यदि एल एफ टी सामान्य, हाइडेटिड सीरोलोजी निगेटिव तथा सी ई सी टी से यू एस जी फाइंडिंग की पुष्टि होती है तो इसे फिट माना जाएगा।

(कग) कोई भी लीवर कैल्सिफिकेसल चाहे उसका आकार तथा संख्या कुछ भी हो उसे फिट माना जाएगा बशर्ते कि जांच के बाद इस बात पता चलता है कि संगत नैदानिक जांच तथा परीक्षण (एल एफ टी, हायडाटिड सीरोलोजी) के आधार पर इनमें से कोई भी संक्रिय बीमारी जैसे टीबी, सार्कोइडोसिस, हायडेटिड बीमारी, मेटास्टैटिक ट्यूमर अथवा लीवर अबसेस के कोई साक्ष्य न हों।

(ठ) गॉल ब्लैडर

(i) फिट

(कक) गॉल ब्लैडर की सामान्य इक्नोटोमी।

(कख) लैपोरोस्पिक कोलेसिस्टेक्टोमी के बाद। ऐसे अभ्यर्थी जिसका लैप–कोलेसिस्टेक्टोमी हुआ है उन्हें फिट माना जा सकता है यदि सर्जरी होने के 08 सप्ताह बीत गए हो तथा बिना इंट्रा–अब्ड्रोमिनल कलेक्शन के गाल ब्लैडर को पूरी तरह से हटा दिया गया है। बिना चीरा हर्निया के घाव अच्छी तरह से ठीक हो गए हों।

(कग) ओपेन कोलेसिस्टेक्टोमी। जिन अभ्यर्थी का ओपेन कोलेसिस्टेक्टोमी हुआ है को फिट माना जा सकता है यदि सर्जरी होने के बाद एक वर्ष पूरा बीत गया हो तथा बिना चीरा हर्निया के घाव ठीक हो गया हो तथा बिना इंटा–अल्डोमिनल कलेक्शन के गॉल ब्लैडर को प9ूरली तरह से हआ दिया गया हो।

(ii) अनफिट

(कक) कोलेलीथियासिस अथवा बायलियरी स्लज।

(कख) कोलेडेकोलीथियसिस।

(कग) किसी भी आकार या संख्या की पॉलिप।

(कघ) कोलेडोकल सिस्ट।

(कच) गॉल ब्लैडर मास।

(कछ) 5 मिमी से अधिक मोटी मॉल ब्लैडर वाल।

(कज) सेप्टेट गॉल ब्लैडर।

(कझ) दोबारा यू एस जी करने पर संकुचित गॉल ब्लैडर का बना रहना।

(कट) अपूर्ण कोलेसिस्टेक्टोमी।

(ड) अनुलंब अक्ष (अथवा यदि नैदानिक रूप से स्पृश्य हो) में 13 सेमी से अधिक बड़ा प्लीहा, जगह घेरने वाला घाव तथा प्लीहाभाव के होने पर अनफिट माना जाएगा।

(ढ) अग्न्याशय की किसी भी ढांचागत असामान्यता, जगह घेरने वाले घाव, बड़े घाव, दीर्घकालिक अग्न्याशय जलन के लक्षणों (कैल्सीभवन, वातमार्गिय असामान्यता, क्षीणता) को अनफिट माना जाएगा।

(त) उदरावरण गुहिका। जलोदर, 1 सेमी. से बड़े एकल आंत्रयोजनी अथवा पश्चपर्युदर्य लसीका पर्वो के होने को अनफिट माना जाएगा।

(थ) जननमूत्र तंत्र

(i) एक वृक्क (किडनी) से 2.5 सेमी. से छोटे आकार के एक साधारण अनवरोधी वृक्क रसौली को फिट माना जाएगा।

(ii) वृक्कों की निम्नलिखित जन्मजात ढांचागत असामान्यताओं को अनफिट घोषित किया जाएगा।

(कक) एकपार्श्विक वृक्कीय विकास।

(कख) 08 सेमी. से छोटे आकार के एकपार्श्विक अथवा द्वविपार्श्विक अविकसित/संकुचित वृक्क।

(कग) अपरिक्रमण।

(कघ) लालाकार वक्क।

(कच) वर्त्मपातित वृक्क।

(कछ) तिर्यक संयुक्त/ अस्थानी वृक्क।

(iii) एक वृक्क से 2.5 सेमी. से बड़े आकपार की साधारण एकल वृक्कीय रसौली।

(iv) दोनों वृक्क में किसी भी आकार की एकल रसौली अथवा एक वृक्क में अनेक रसौली।

(v) वृक्कीय/मूत्र वाहिनी संबंधी/मूत्राशय संबंधी संपुंज।

(vi) जल वृक्कता, जलगवीनी वृक्कता।

(vii) पथरी–वृक्कीय/मूत्रवाहिनी संबंधी/मूत्राशय संबंधी।

(viii) अपील मेडिकल बोर्ड/पुनर्विचार मेडिकल बोर्ड के दौरान अनफिट उम्मीदवारों की विशिष्ट जांच और विस्तृत नैदानिक परीक्षण कराया जाएगा। विशिष्ट अवस्थाओं के लिए नीचे दिए गए रूप में फिटनेस का निर्णय किया जाएगा।

(कक) ऐसे उम्मीदवार जिनके वृक्क के अंकोमा गठन की वियुक्त (अकेली) असामान्यता हो, को फिट माना जा सकता है यदि वृक्कीय प्रकार्य, डी पी टी ए स्कैन और सी ई सी टी वृक्क सामान्य हो।

(द) बड़ा उदरीय संवहन न्यास (महाधमनी/आई वी सी)। किसी भी ढांचागत असामान्यता, विकारस्थानिक विस्फार, ऐन्यूरिज्म और कैल्सीभवन को अनफिट माना जाएगा।

(ध) वृष्णकोश और वृषण

(i) एकपार्श्विक अन्तरूदरीय वृष्ण होने को फिट घोषित किया जाएगा बशर्ते दूसरा वृष्ण पूरी तरह नीचे आया हुआ हो।

(ii) द्विपार्श्विक नीचे न आए वृष्णों अथ्वा द्विपार्श्विक अपुष्ट वृषण होने को अनफिट घोषित किया जाएगा।

(iii) एकपार्श्विक नीचे न आया वृषण यदि वंक्षण नलिका में पड़ता हो, बाह्य वलय पर हो अथवा उदरीय मिति में हो तो ऐसे में अनफिट घोषित किया जाएगा।

(iv) स्फीतवृषण होना अनफिट होगा।

16. मूत्र प्रजनन तंत्र

(क) मूत्रण में किसी भी बदलाव जैसे कि मूत्रकृच्छ अथवा बारंबारता को नोट किया जाएगा। मूत्राशयशोथ, गोणिकावृक्काशोथ और रक्तमेह के पुनरावर्ती रोगाक्रमण को अवश्य छोड़ दिया जाए। वृक्कीय वृहदान्त्र के किसी भी इतिहास, घोर वृक्कशोथ के रोगाक्रमण, एक वृक्क के लोफ (क्षय), अश्म के पास होने अथवा मूत्रमार्गीय आस्राव सहित वृक्कीय पथ पर किसी भी शल्य क्रिया के बारे में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। यदि असंयत मूत्रता का वर्तमान में अथवा विगत में कोई भी इतिहास हा पूरा ब्योरा अवश्य प्राप्त किया जाए।

(ख) मूत्र परीक्षण

(i) प्रोटीनमेह यदि ऊर्ध्वस्थितिज सिद्ध न होता हो तो अस्वीकृति का एक कारण होगा।

(ii) जब शर्करामेह का पता चले तो एक रक्त शर्करा परीक्षण (भूखा रहकर और 75 ग्रा. ग्लूकोज लेने के बाद) और ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी और नतीजों के अनुसार फिटनेस का निर्णय किया जाएगा। वृक्कीय शर्करामेह अस्वीकार करने का एक कारण नहीं है।

(iii) जब उम्मीदवार का मूत्रीण संक्रमण का इतिहास अथवा साक्ष्य हो तो ऐसे में वृक्क की पूरी जांच की जाएगी। मूत्रीय संक्रमण लगातार बने रहने के साक्ष्य से अस्वीकार करने का मामला बनेगा।

(iv) रक्तमेह के इतिहास वाले उम्मीदवारों को संपूर्ण वृक्कीय जांच से गुजरना होगा।

(ग) सतवकवृक्क शोघ

(i) घोर स्थिति में विशेषकर शैशव अवस्था में स्वास्थ्यलाभ दर उच्च होती है। कोई अभ्यर्थी जिसमें पूर्ण रूप से स्वास्थ्यलाभ ले लिया है तथा जिसके प्रोटीनमेह नहीं है उसे पूर्ण स्वास्थ्यलाभ से कम से कम एक वर्ष उपरांत फिट घोषित किया जाए।

(ii) चिरकालिक स्तवकवृक्का शेध वाले अभ्यर्थी को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(घ) वृक्कीय वृहदांत्र तथा वृक्कीय पथरी। पूर्ण वृक्कीय तथा चयापचयी मूल्यांकन अपेक्षित है। वृक्कीय पथरी वाले अभ्यर्थियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(च) जिन अभ्यर्थियों में जन्म से एक ही वृक्क है अथवा जिनका एकपार्श्विक वृक्कछेदन हुआ है उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा। लालाकार वृक्क होने पर भी अस्वीकार कर दिया जाएगा। अकेला कामकर रहा वृक्क, रोगग्रस्त काम न कर रहे प्रतिपक्षी वृक्क के होने पर भी अस्वीकार कर दिया जाएगा। तिरछी अस्थानता, ऊपर न आया हुआ अथवा गलत जगह परी वृक्क, एकपार्श्विक जन्मजात अल्पविकास अस्वीकार किए जाने के कारण होंगे।

(छ) नीचे न आए हुए दोनों वृषण/अपुष्ट वृषण अस्वीकार किए जाने का कारण है। नीचे न आया हुआ एक वृषण, जो पूर्ण रूप से पेट में है, स्वीकार्य है। यदि यह बाहरी घेरे के वंक्षण लाल अथवा उदरीय भित्ति में है तो ऐसे मामलों को या तो वृष्णोच्छेदन अथवा वृषणस्थितिकरण शल्य क्रिया के उपरांत स्वीकार किया जाए। फिटनेस से जुड़े सभी संदेहास्पद मामलों में शल्यक राय अवश्य प्राप्त की जाए।

(ज) जलवृषण अथवा स्फीतिवृषण का विधिवत इलाज कराने के बाद ही फिटनेस पर विचार किया जाए। थोड़ा स्फीतिवृषण होने की स्थिति में अभ्यर्थी की अस्वीकार न किया जाए।

(झ) यौन सवंमित रोग तथा ह्यूमन इम्यूनों डिफिशिएंसी वाइरस (एच आई वी) सेरोपॉजिटिव एच आई वी स्थिति तथा/या यौन संक्रमित रोग का साक्ष्य होने से अस्वीकार करने का मामला बनेगा।

17. अंतःस्रावी तंत्र

(क) साधारणतया अंतःस्रावी विकारों की तरफ सांकेतिक इतिहास अस्वीकार्यता क लिए एक कारण होगा।

(ख) थाइराइड ग्रंथि सूजने/फूलने के सभी मामले जिसमें असामान्य आयोडीन उद्ग्रहण तथा असामान्य थाइराइड हार्मोन स्तर शामिल है को अस्वीकार कर दिया जाएगा। कम से कम थाइराइड सूजने के साथ साधारण गलकंड के मामले, जो चिकित्सीय रूप से प्राकृत अवटु है तथा सामान्य आयोडीन उद्ग्रहण एवं सामान्य थाइराइड क्रिया के साथ स्वीकार किए जा सकते हैं।

(ग) ऐसे अभ्यर्थी जिनमें मधुमेह मेलिटस पाया जाएगा, अस्वीकार कर दिए जाएंगें। वे अभ्यर्थी जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि मधुमेह मेलिटस से संबंधित है, का रक्त शर्करा (भूखे रहने पर तथा ग्लूकोज ग्रहण करने के बाद) तथा ग्लाइकोसिलेटेड एच बी/एच बी ए 1 सी मूल्यांकन किया जाएगा, जो रिकॉर्ड किया जाएगा।

18. <u>त्वचारोग संबंधी प्रणाली</u>

(क) यदि त्वचा की स्थिति बहुत अच्छी न हो तो अभ्यर्थी को त्वचा विशेषज्ञ के पास भेजा जाएगा। यदि अभ्यर्थी विगत में कमर्शियल सेक्स वर्कर (सी एस डब्ल्यू) के साथ यौन संबंध स्थापित कर चुका हो, अथवा इस बात का प्रमाण हो कि उसके लिंग पर घाव के ठीक होने का निशान बाकी है तो उसे स्थायी रूप से अनफिट घोषित कर दिया जाएगा, यदि एस टी डी न होने का स्पष्ट प्रमाण हा क्योंकि ऐसे अभ्यर्थियों की ऐसे अविवेकपूर्ण आचरण में पुनः आसक्त होने की संभावना बनी रहती है।

(ख) जिन नॉन–एक्सेन्थिमेटस और नॉन–कम्यूनिकेबल बीमारियों में सामान्यतया थोड़े दिन इलाज किया जाता है, उन्हें अभ्यर्थी को अस्वीकृत करने का कारण नहीं माना जाएगा। साधारण बीमारियों और जिन बीमारियों से सामान्य स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता हो अथवा जिनसे अक्षमता उत्पन्न हो, उन्हें अस्वीकृत करने का कारण नहीं माना जाएगा।

(ग) त्वचा की कुछ स्थितियां उष्ण कटिबंधीय परिस्थितियों में सक्रिय हो जाती हैं और अक्षमता उत्पन्न कर देती हैं। यदि किसी व्यक्ति को निश्चित रूप से त्वचा की पुरानी या बार–बार होने वाली बीमारी है अथवा उसके लक्षण हैं तो वह सेना के लिए अनुपयुक्त होगा। ऐसी कुछ स्थितियों का नीचे वर्णन किया गया है :–

(i) कुछ मात्रा में पसीना अधिक आना शारीरिक क्रिया ह, जो चिकित्सा जांच के दौरान रंगरूट को आ सकता है, परंतु यदि उम्मीदवार को बहुत अधिक ही पसीना आता है तो उसे अनफिट माना जाएगा।

(ii) हल्के (ग्रेड प) एक्ने वल्गेरिस जिनमें केवल मुंह पर कुछ मस्से अथवा फुंसियां हों तो वह स्वीकार्य है। परंतु मध्यम से बहुत अधिक डिग्री वाले एक्ने (ग्रांठ की तरह के जिन पर पपड़ीदार निशान हो या नहीं हो) अथवा पीठ पर एक्ने हों तो अभ्यर्थी को अनफिट माना जाएगा।

(iii) हथेलियों, तलवों और एड़ियों की त्वचा कटी–फटी होने और हाइपरकेरेटोटिक के स्पष्ट लक्षण सहित किसी भी डिग्री का पाल्मोप्लांटर केरेटोडर्मा होने पर अभ्यर्थी को अनफिट माना जाएगा।

(iv) हाथ–पैरों में इक्थियॉसिस वल्गेरिस जिसमें त्वचा स्पष्ट रूप से सूखी, पपड़ीदार, कटी–फटी हो, तो अभ्यर्थी को अनफिट माना जाएगा। मामूली जेरोसिस (सूखी त्वचा) को फिट माना जा सकता है।

(v) किसी भी प्रकार के केलॉइड होने पर अभ्यर्थी को अनफिट माना जाएगा।

(vi) चिकित्सीय दृष्टि से अंगुली और पैर के नाखून में स्पष्ट रूप से ऑनकोमॉयकोसिस होने पर अनफिट घोषित किया जाएगा, विशेष रूप से यदि इसके

साथ नाखून के पूरी तरह विकसित न होने की समस्या भी हो। किसी एक नाखून पर हल्के–फुल्के धब्बे हों परंतु नाखून के अविकसित होने की समस्या न हो तो यह स्वीकृत होगा।

(vii) 10 सेमी से अधिक बड़े जाइंट कॉग्जेनिटल मेलेनोसिटिक नेवि को अनफिट होने का कारण माना जाएगा, क्योंकि इतने बड़े आकार के नेवि के घातक होने की संभावना होती है।

(viii) उपचार के बाद छोटे आकार के किण (कैलोसिटी) घट्टा (कॉर्न) तथा मस्सा (वार्ट) स्वीकार्य माने जा सकते हैं। तथापि अनेक सामान्य मस्सा (वार्ट) या विकीर्ण पामोप्लांटर मोजेइक मस्सा (वार्ट) हथेलियों तथ तलवों के दबाव क्षेत्रों पर बड़े किण (कैलोसिटी) तथा अनेक घट्टे (कॉर्न) वाले उम्मीदवार अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

(ix) सोरियासिस एक घिरकारी चर्म अवस्था है जो फिर से हो जाती है तथा/या लौट आती हैं तथा इससे ग्रस्त उम्मीदवारों को अनफिट समझा जाएगा।

(x) ऐसे उम्मीदवार ने शरीर के ढके हुए हिस्सों पर अल्प मात्रा से श्वित्र (ल्यूकोडर्मा) से प्रभावित है, को स्वीकार किया जा सकता हैं विटिलिगों जो केवल मुण्ड (ग्लैन) तथा शिश्नमुंडच्छद (प्रीपयूस) तक सीमित है को उपयुक्त समझा जा सकता है। वे, जिनकी त्वचा का बहुत बड़ा हिस्सा इसमें सम्मिलित है तथा विशिष्टता जब इसमें शरीर के उघड़े हिस्से भी प्रभावित हो, चाहे कम ही क्यों न हों, को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(घ) त्वचा संक्रमण के चिरकालिक या बार–बार होने वाले रोगाक्रमणों का इतिहास भी अस्वीकार्यता का कारण होगा। फोड़ों (बॉयल) का एक साधारण रोगाक्रमण या सायकोसिस जिससे को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ हो चुका है, को स्वीकार करने का विचार किया जा सकता है।

(च) ऐसे व्यक्ति जो त्वचा संबंधी रोगों के चिरकालिक या बार–बार होने वाले गंभीर या अक्षम प्रकृति के रोगों से ग्रस्त है उदाहरण के तौर पर एक्ज़िमा, को स्थायी रूप से अयोग्य समझा जाएगा तथा अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(छ) कुष्ठ रोग का कोई भी चिह्न अस्वीकार्यता का कारण होगा।

(ज) नीवस विवर्णकता तथ बेकर्स नीवस को फिट समझा जा सकता है। अंतरत्वचा नीवस, वाहिका संबंधी नीवस को अयोग्य समझा जाए।

(झ) उपचार के बाद हल्के शल्क रोग वर्णशबल (माइल्ड पिटिरियासिस वर्सिकलर) को फिट समझा जा सकता हैं, विस्तृत शल्क रोग वर्णशबल को अनफिट समझा जाए।

(ट) स्वास्थ्य लाभ के उपरांत टीनिया क्रूरिस तथा टीनिया कारपोरिस को फिट समझा जाए।

(ठ) स्वास्थ्य लाभ के उपरांत अंडकोष एक्ज़िमा को फिट समझा जाए।

(ड) कैनिटी (समय पूर्व घूसर डाग) को फिट समझा जा सकता है यदि हल्के किस्म की हो और इसका कोई नियमित संयोजन न दिखाई दे।

(ढ) स्वास्थ्य लाभ के उपरांत त्वग्वलिशोथ (इंटर ट्राइगो) को फिट समझा जा सकता है।

(त) जननांग फोड़ों सहित यौन संक्रमित रोग अनफिट समझे जाएंगे।

(थ) कच्छ (स्केबीज) को केवल स्वास्थ्य लाभ के उपरांत ही फिट समझा जाएगा।

19. पेशीय अस्थि–पंजर प्रणाली तथ शारीरिक क्षमता

(क) अभ्यर्थी की शारीरिक बनावट का आकलन सामान्य मानकों जैसे प्रत्यक्ष पेशीय विकास, आयु, कद, वज़न और इनका अंतरसंबंध अर्थात् प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप शारीरिक बल हासिल करने की क्षमता को सावधानी पूर्वक ध्यान में रखकर किया जाएगा। अभ्यर्थी की शारीरिक क्षमता सामान्य शारीरिक विकास अथवा अन्य मूलभूत या रोगात्मक परिस्थितियों से प्रभावित होती है।

(ख) बीमारी का पिछला चिकित्सा संबंधी विवरण या सक्रोइलियाक जोड़ों या रीढ़ की जोड़ जो अदृश्य अथवा दिखाई देने वाले लक्षणों से युक्त हो, जिससे अभ्यर्थी शारीरिक रूप से सफलतापूर्वक सक्रिय जीवन नहीं मिला पा रहा हो, को कमीशन के लिए निरस्त किया जाएगा।

रीढ़ की हड्डी में फ्रेक्चर/पोलाप्सस इंटरवर्टिबरल डिस्क और इन परिस्थितियों के लिए शल्य चिकित्सा को अस्वीकार किए जाने के लिए आधार माना जाएगा।

(ग) ऐसी हल्की कुब्जता अथवा अग्रकुब्जता जहां विकृति मुश्किल से ही दिखाई है और इसमें किसी तरह का दर्द अथवा हरकत करने से बाधा न हो, को स्वीकार किया जा सकता है। जब पाश्वकुब्जता दिखाई पड़े और रीढ़ के कोई रोगात्मक लक्षण पर संदेह हो, तो रीढ़ के इस हिस्से की रेडियोग्राफी जांच की जानी चाहिए।

(घ) उड़ान संबंधी ड्यूटियों के लिए सर्विकल, थोरासिक तथा लुंब्रोसकराल रीढ़ की रेडियोग्राफी (ए पी और पार्श्विक जांच) की जाएगी। ग्राउंड ड्यूटियों के लिए यदि जरूरी समझा जाए तो रीढ़ की रेडियोग्राफी की जा सकती है।

(च) रेडियोग्राफी में निम्नलिखित स्थितियों के होने पर अभ्यथी को वायु सेना सेवा के लिए अयोग्य माना जाएगाः–

(i) रीढ़ का ग्रेनुलोमेटस रोग।

(ii) आर्थराइटिस/स्पोंडिलाइटिस।

(कक) रूमाटोइड आर्थराइटिस और संबंधित रोग।

(कख) अंकीलोसिस स्पोंडिलाइटिस।

(कग) ऑस्टियो आर्थराइटिस, स्पोंडिलाइटिस और डिजेनरेटिव जोड़ों से संबंधित रोग।

(कघ) नॉन आर्टिकुलर रूमाटिस्म (जैसे रोटाटर कफ्फ में जख्म, टेनिस एल्बो, रिकररेंट लुंबागों आदि।)

(कच) एस एल ई, पॉलीमयोसिटिस अंड वासकुलिटिस सहित विविध रोग।

(कछ) स्पोंडिलोलिसथेसिस/स्पोंडिलाइटिस।

(कज) रीढ़ के जोड़ पर दबाव से उत्पन्न फ्रेक्चर।

(कझ) शेयूरमेन रोग (किशोरावस्था की हल्की कुब्जता)।

(कट) सर्विकल लॉर्डोडोस्इस की कमी जब चिकित्सीय कारणों से सर्विकल रीढ़ संबंधी हरकतें भी सीमित हों।

(कठ) प्रदर्शनीय तंत्रिका अथवा परिसंचारी कमी वाली एकतरफा/दोतरफा सर्विकल पसली।

(iii) विशेषज्ञ की राय के अनुसार अन्य कोई भी विकृति।

(च) ऊपर के पैरा में वर्णित विकृति/रोगों का होना भा वा से की सभी शाखाओं के लिए अस्वीकृत माना जाएगा। इसके अतिरिक्त उड़ान शाखाओं के अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित नियम भी लागू होंगे :–

(i) उड़ान ड्यूटियों के लिए स्वीकार्य रीढ़ संबंधी असंगतियां :–

(कक) एल वी 5 का दोतरफा पूर्ण सेक्रालाइजेशन तथा एस वी 1 का दोतरफा पूर्ण लंबराइजेशन।

(कख) सेक्रम तथा एल वी 5 में स्पाइना ब्राइफिडा यदि यह पूरी तरह सेक्रमी हो।

(कग) सर्विकल में पूर्णतः कलाक (फ्यूज्ड) बरटेब्रा और/अथवा एकल स्तर पर डोरसेल स्पाइन।

(ii) उड़ान ड्यूटियों के लिए रीढ़ की अस्वीकार्य स्थितियां

(कक) कॉब पद्धति के द्वारा मापने पर 15 डिग्री से ज्यादा का स्कॉलिओसिस। यह अनफिट माना जाएगा यदि रीढ़ के पूर्ण फ्लैक्शन के पश्चात भी विसंगति बनी रहती है और रीढ़ की हरकत भी सीमित हो अथवा यह किसी ऑर्गेनिक विसंगति का परीणाम हो।

(कख) डिजनरेटिव डिस्क रोग

(कग) एटलांटो–ओसिपिटल तथा एटलांटो–एक्सियल असंगतियां।

(कघ) संर्विकल, डोर्सल अथवा लुंबार रीढ़ के किसी भी स्तर पर हेमी बर्टेब्रा और/अथवा अपूर्ण ब्लाक (फ्यूज्ड) बर्टेब्रा तथा सर्विकल अथवा डोर्सल रीढ़ पर एक से ज्यादा स्तर पर पूरी तरह ब्लॉक (फ्यूज) बर्टेब्रा।

(कच) सभी स्तरों पर (पूर्ण अथवा अपूर्ण) एकतरफा सेक्रलाइजेशन अथवा लुंबराइजेशन तथा दोतरफा अपूर्ण सेक्रलाइजेशन अथवा लुंबराइजेशन। केस्टलवी के प्रकार ΙΙ ए ΙΙΙ एवं ΙΤ लंबोसेक्रल ट्रांजिशनल वर्टेब्रा अयोग्य होंगे।

(ज) ऊपरी अंगों के आकलन को प्रभावित करने वाली स्थितियां

(i) अंग–विच्छेदन वाले अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि, दोनों तरफ की कनिष्ठिकों के टर्मिनल फलेंक्स का विच्छेदन स्वीकाय है।

(ii) ऊपरी अंगों अथवा इनके हिस्सों में विकृति रद्दीकरण का आधार होगा। कटे हुए पॉलिडैकटिली के सिवाय सिन्डैकटिली तथा पॉलिडैकटिली का अयोग्य माना जाएगा।

(iii) कलाई की दर्दरहित सीमित हरकत की कठोरता की मात्रा के अनुसार श्रेणीकरण किया जाएगा। डोरसीफ्लक्शन का क्षय पॉलमट फ्लेक्शन से ज्यादा गंभीर है।

(iv) कुहनी की थोड़ी–बहुत सीमित हरकत स्वीकृति में बाधक नहीं होगी बशर्ते कि कार्यात्मक क्षमता पर्याप्त हो। एंकीलोसिस को रद्दीकरण का आधार माना जाएगा जब कैरिंग एंगल (सीधे खड़े होने की भंगिमा की स्थिति में बांह और कोहिनी के बीच का कोण) बेहद ज्यादा हो, तो क्यूबिटस वाल्गस की उपस्थिति मानी जाती है। कार्यात्मक अक्षमता न होने पर और फ्रैक्चर सही से न जुड़ने, फिबरोसिस अथवा ऐसी अन्य स्थिति में, जब 15 डिग्री तक कैरिंग कोण हो, स्वीकार्य होगा।

(v) कंधे के बार–बार खिसकने को अस्वीकार किए जाने का कारण माना जाएगा।

(vi) पुराने फ्रैक्चर क्लैविकल के सही से नहीं जुड़ने/जोड़ा ही नहीं जाने को अस्वीकार किए जाने का कारण माना जाएगा।

(झ) नीचे के अंगों के आकलन को प्रभावित करने वाली स्थितियां

(i) हैलुक्स वाल्गस के मामूली मामले (20 डिग्री से कम), एसिंप्टोमेटिक, असंबद्ध कॉर्न/कैलोसिटीज/बुनियन स्वीकार्य हैं। अन्य मामले अस्वीकृत होंगे। पहले मेटाटर्सल का छोटा होना भी अयोग्य माना जाएगा।

(ii) हेलक्स रिजिडस स्वीकार्य नहीं हैं।

(iii) बिना लक्षणों वाला अलग एकल लचीला हल्का हैमर टो स्वीकार्य है। कॉर्न्स, कैलोसिटीस, मैलेट टो या मैटाटार्सोफैलंजियल जोड़ पर हाइपरएक्सटेंशन (पंजे की कुरूपता) से संबद्ध फिक्सड (रिजिड) कुरूपता अथवा हैमर टो को अस्वीकार किया जाएगा।

(iv) पंजे की किसी अंगुली का न होना अस्वीकृत करने का आधार होगा।

(अ) अतिरिक्त अंगुलियां अस्वीकृत करने का आधार होंगी यदि वह हड्डी के साथ की अंगुलियों को छू रही हो। सिनडैक्टिली अथवा पंजे/अंगुलियों के न होने के मामले रद्द कर दिए जाएंगे।

(vi) पैर देखने में सपाट हो सकते हैं। यदि पंजे पर खड़े होने पर पैरों की आर्क पुनः दिखने लगती हैं, यदि अभ्यर्थी पंजे पर उछल सकता हो और अच्छी तरह से भाग सकता हो, यदि पैर लचीले, गतिशील और दर्दरहित हों तो अभ्यर्थी स्वीकार्य है। पैर के हिलने–डुलने में बाधा होना अस्वीकृत करने का कारण होगा। पैर का आकार भले ही कैसा भी हो, पैरों की कठोरता अस्वीकृत करने का कारण होगी।

(vii) हल्की मात्रा का इडियोपाथिक पेस कवुस स्वीकार्य है। मंद और तीव्र मात्रा का पेस कवुस एवं आनुवांशिक बीमारी के पेस कवुस को अस्वीकार्य माना जाएगा। तालिपेस (क्लब फुट) के सारे मामले अस्वीकार्य होंगे।

(viii) टखने के जोड़ में पहले से हुए किसो चोट के कारण हरकत में होने वाली कोई भी परेशानी अस्वीकार्य है। तथापि, ऐसी पुनरावर्तक परेशानी जिसका कोई पूर्व विवरण न हो और कम से कम 20 डिग्री के प्लांटर एवं डोर्सिफ्लेक्सिन हरकत के मामले ग्राउंड ड्यूटी के लिए उपयुक्त माने जाएंगे। एयरक्रू ड्यूटी के लिए उपयुक्तता क्रियागत मूल्यांकन पर आधारित होगी।

(ix) घुटने के जोड़ की आंतरिक अव्यवस्था से संबंधित पूर्ववर्ती या रोग विषयक संकेतों पर सावधानी से विचार करने की जरूरत है। ऐसे मामलों में स्वस्थता का आधार क्रियागत मूल्यांकन एवं रोगविज्ञान की दृष्टि से उपचार किए गए मामलों की संभावना/प्रगमन/पुनरावृत्ति पर निर्भर करेगा।

(x) अगर किसी अभ्यर्थी के आंतरिक मल्लेओली के बीच की दूरी 5 से. मी. से कम हो एवं उसमें कोई विकृति न हो तो उसे गेणु वेल्गुम (क्नोक्क घुटना) की दृष्टि से उपयुक्त माना जाएगा। अगर किसी अभ्यर्थी के आंतरिक मल्लेओली के बीच की दूरी 5 से. मी. से अधिक हो तो उसे गेणु वल्गुम की दृष्टि से अनुपयुक्त घोषित किया जाएगा।

(xi) यदि किसी अभ्यर्थी के फेमोरल कोन्द्यलेस के बीच की दूरी 10 से. मी. के भीतर हो तो उसे गेणु वरूम (बाउ लेग्स) की दृष्टि से उपयुक्त माना जाएगा।

(xii) यदि किसी अभ्यर्थी के घुटने का अतिप्रसार 10 डिग्री के भीतर हो और इसके साथ कोई अन्य विकृति न हो तो उसे गेणु रेकुर्वटुम की दृष्टि से स्वीकार किया जाएगा।

(xiii) कमर के जोड़ की वास्तविक चोट को अस्वीकृत माना जाएगा।

20. <u>केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली</u>

(क) ऐसे अभ्यर्थी जिसने मानसिक बीमारी/मनोवैज्ञानिक रोग का पिछला इतिहास प्रस्तुत किया हो उनकी विस्तृत जांच की जाएगी और उन्हें मनोचिकित्सा की जांच के लिए नामांकित किया जाएगा। ऐसे मामलों को अस्वीकार किया जाएगा पारिवारिक विवरण एवं दवाई ग्रहण करने का पूर्व विवरण भी प्रासंगिक है।

(ख) अनिंद्रारोग, दुःस्वप्न या रात में लगातार उठकर चलना या रात में पलंग पर ही पेशाब करना जैसे रोगों की पुरावृत्ति या निरंतरता, अस्वीकृति के कारण होंगे।

(ग) प्रचंड स्पंदित सिर–दर्द और माइग्रेन। साधारण किस्म के बार–बार होने वाले सिर–दर्द जो पहले की सिर की चोट या माइग्रेन के कारण होते हों। दूसरे प्रकार के कभी–कभी होने वाले सिर–दर्द के संभाव्य कारण को ध्यान में रखा जाए। ऐसे अभ्यर्थी जिसे इतना ज्यादा माइग्रेन हुआ हो जिसके लिए उसने डॉक्टर से परामर्श लिया हो, वह अस्वीकृति का कारण होगा। माइग्रेन का साधारण–सा दौरा जिसमें दिखाई न दें या 'माइग्रेन से युक्त' मिर्गी हुई हो, को स्वीकृति के लिए बाधक माना जाएगा।

(घ) उम्मीदवार/अभ्यर्थी में एपीलेप्सी का इतिहास होना अस्वीकृति का एक कारण है। पांच वर्ष की आयु के बाद ऐंठन/दौरे भी अस्वीकृति का एक कारण हैं। शिशु अवस्था में ऐंठन बुरा नहीं है बशर्ते ऐसा लगता हो कि ऐंठन फेबराईल ऐंठन हो और किसी प्रत्यक्ष न्यूरोलोजिकल कमी से संबंध न रखती हो। एपीलेप्सी के कारणों में आनुवांशिक कारक, भयानक दिमागी चोट, दिल का दौरा, संक्रमण, डिमाईलिनेटिंग और डिनरेटिव रोग, जन्म संबंधी कमियां, नशे का सेवन, विथड्राल सिज़ेरस आदि शामिल हैं। सिजेरस 'बेहोशी' का रूप ले सकती हैं और इसलिए जिस बारंबारता और परिस्थितियों में 'बेहोशी' आती है उसको अवश्य विस्तार से देखना चाहिए। सिजेरस अटैक उड़ान के लिए असक्षमता दर्शाता है, चाहे वह किसी भी प्रकृति का हो।

(च) बार–बार हीट स्ट्रोक, हाइपरपाइरेक्सिया या गर्मी से थकान का इतिहास वायु सेना की ड्यूटी में भर्ती करने की मनाही करता है, क्योंकि यह एक दोषपूर्ण गर्मी नियमन मैकेनिज़्म का सबूत है। गर्मी के प्रभावों का एक गंभीर आक्रमण अपने आप में उम्मीदवार की अस्वीकृति का

कारण नहीं है बशर्ते गर्मी में काम करने का इतिहास गंभीर हो, और कोई स्थायी रोगोत्तर लक्षण न दिखते हों।

(छ) सिर में गंभीर चोट या कोनकसेन का इतिहास अस्वीकृति का एक कारण है। गंभीरता के स्तर को पोस्ट ट्रोमेटिक अमनेशिया (पी टी ए) की अवधि के इतिहास से माप सकते हैं। सिर की चोट के दूसरे रोगोत्तर लक्षणों में पोस्ट कोनकसेन सिंड्रोम आता है जिसमें व्यक्तिगत लक्षण जैसे सिर में दर्द, जी मिचलाना, नींद न आना, बैचेनी, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता न होना और ध्यान में कमी, फोकल न्यूरालोजिकल कमी, पोस्ट ट्रोमेटिक एपीलेप्सी हैं। पोस्ट ट्रोमेटिक न्यूरोसाईकोलोजिकल रोग भी हो सकता है जिसमें ध्यान एकाग्रता में कमी, सूचना प्रोसेसिंग स्पीड, दिमागी लचीलापन, फ्रंटल लोब एक्जिक्यूटिव फंक्शन तथा साईकोसोसल फंक्शनिंग शामिल हैं। सिर के कपाल का टूटना अस्वीकृति का कारण नहीं होगा जब तक संबंधित इंटराक्रनियल क्षति या डीप्रैसड फ्रक्चर या हड्डी के न होने से संबंध इतिहास रहा हो। जब गंभीर चोट या कोई संबंधित दौरे के अटैक का इतिहास रहा हो, तब इलेक्टरोइनसेफेलोग्राम किया जाएगा जो आवश्यक रूप से सामान्य होना चाहिए। बूर होल की उपस्थिति उड़ान सेवाओं के लिए अस्वीकृति का कारण होगी, लेकिन ग्राउंड ड्यूटी के लिए नहीं। प्रत्येक मामले को व्यक्तिगत गुणों के आधार पर जांचा जाना चाहिए। स्वीकृति से पूर्व न्यूरोसर्जन तथा मनोवैज्ञानिक की सलाह अवश्य प्राप्त करनी हागी।

(ज) जब पारिवारिक इतिहास में मनोवैज्ञानिक रोगों जैसे नर्वस ब्रेकडाउन, मानसिक बीमारी या नजदीकी रिश्तेदार की आत्महत्या का पता चलता है तो एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि से व्यक्तिगत पूर्व इतिहास की सावधानीपूर्ण जांच प्राप्त की जानी चाहिए। हालांकि इस प्रकार का इतिहास वायु सेना में सेवा करने से नहीं रोकता है, फिर भी व्यक्तिगत इतिहास या वर्तमान स्थिति में थोड़ी सी मनोवैज्ञानिक अस्थिरता का प्रमाण मिलने पर चयन से रोक दिया जाएगा।

(झ) यदि परिवार में एपीलेप्सी का इतिहास पाया जाता है, तो इसके प्रकार को निर्धारण करने का प्रयास करना चाहिए। जब य स्थिति किसी नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम स्तर) में मिलती है तो उम्मीदवार को स्वीकार किया जा सकता है, यदि उसमें संबंधित चेतना की परेशानी, न्यूरोलोजिकल कमी या उच्चतर मानसिक कार्य का इतिहास न हो और उसका इलेक्ट्रोइनसेफेलोग्राम एकदम सामान्य हो।

(त) भावनात्मक स्थिरता के आकलन में व्यक्तिगत एवं पारिवारिक इतिहास को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए, इसमें तनाव के दौरान भावात्मक अस्थिरता के लक्षण जो बचपन में व्याप्त असंगत भावनात्मकता के कारण प्रदर्शित होते हैं या फिर पूर्व की कोई नर्व्स (तंत्रिका संबंधी) बीमारी या विकार शामिल हैं। हकलाना, टिक, नाखून चबाना, हाइपर–हाइडोसिस या परीक्षा के दौरान बेचैनी भावनात्मक अस्थिरता के लक्षण हैं।

(थ) मानसिक उन्माद से ग्रसित अभ्यर्थियों का चयन नहीं किया जाएगा। किसी भी रूप में ड्रग पर निर्भरता भी अस्वीकृति का कारण होगी।

(द) मानसिक रूप से अस्थिर एवं विक्षिप्त व्यक्ति कमीशनिंग के लिए अयोग्य है। किशोर या वयस्क अपचार (अपराध), तंत्रिका संबंधी विकार (नर्वस ब्रेक–डाउन) या लंबी बीमारी का इतिहास भी अस्वीकृति का कारण बनेगा। नाखुश बचपन, अभावग्रस्त पाारिवारिक पृष्ठभूमि, टांसी, किशोर या वयस्क अपचार (अपराध), रोजगार एवं सामाजिक अपसमायोजन के खराब रिकॉर्ड, नर्वस ब्रेक–डाउन या लंबी बीमारी का इतिहास आदि कारकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, विशेषतया यदि इन कारको ने पूर्व में रोजगार में बाधा पहुंचाई हो तो।

(ध) किसी प्रकार का प्रत्यक्ष न्यूरोलाजिकल डेफिसिट भी अस्वीकृति का कारण बनेगी।

(न) ट्रेमर्स (कंपकंपी) पारस्परिक उत्तेजित पेशीय समूह (इनरवेटेड मसल ग्रुप) की लयात्मक दोलक गतिविधि (रिटमिक आसिलेटरी मूवमेंट) होते हैं। अत्यधिक डर, क्रोध, चिंता, अत्यधि शारीरिक थकान, मेटाबॉलिक परेशानी जिसमें हाइपर–थाइराइडिज्म शामिल हैं, शराब का प्रत्याहार और लीथियम के जहरीले प्रभाव, धूम्रपान (निकोटिन) एवं चाय, कॉफी का अत्यधिक उपभोग की अवस्था में टमर्स (कंपकंपी) होते हैं। कोअर्स ट्रेमर्स के अन्य कारक पार्किंसनिज्म, सेरेबलर (इंटेंशन) ट्रेमर, अपरिहार्य (पारिवारिक) ट्रेमर, न्यूरोपैथी के ट्रेमर्स एवं मुद्रा विषयक (पास्च्यूरल) या एक्शन टमर्स हैं।

(प) हकलाने वाले अभ्यर्थी वायु सेना ड्यूटीज में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संदेहास्पद मामलों में ई एन टी विशेषज्ञ, स्पीच थेरेपिस्ट, मनोविज्ञानी/मनोरोग विज्ञानी द्वारा सावधानीपूर्वक किया गया मूल्यांकन प्राप्त किया जा सकता है।

(फ) केवल वे अभ्यर्थी जो एयर क्रू ड्यूटीज के लिए हैं, उनका बेसल इलेक्ट्रोइनसिफैलोग्राम (ई ई जी) परीक्षण कराया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के विश्राम अवस्था में किए गए ई ई जी या चुनौतीपूर्ण अवस्था में किए गए ई ई जी मे असामान्यता पाई जाएगी, वे एयर क्रू ड्यूटीज के लिए अस्वीकार माने जाएंगेः—

(i) बैकग्राउंड एक्टिविटी, ऐम्प्लीट्यूड में बैकग्राउंड एक्टिविटी की तरफ बढ़ती स्लो वेव्स का फोकल रन एवं 2.3 β/सामान्य से अधिक की फोकल, अत्यधिक एवं उच्च एम्पलीट्यूड बीटी एक्टिविटी/हेमीस्फेरिकल एसेमेट्री।

(ii) हाइपरवेंटिलेशन, पैराक्जिमल स्पाक्स एवं स्लो वेव्स/स्पाइक्स/फोकल स्पाइक्स पैटर्न।

(iii) फोटो उद्दीपन। बीलेटरेल्ली साइनेक्रोनस या फोकल पेरोक्जाइमल स्पाइक्स और पोस्ट फोटिक उद्दीपन अवधि/निरूद्ध में निरंतर धीमी गति से तरंगो का प्रवाह या हेमीस्फेयर क ऊपर तेज प्रतिक्रिया।

(ब) अविशिष्ट ई ई जी अपसामान्यता को न्यूरोसाइकेटरिस्ट/न्यूरोफीजिशियन से प्राप्त सुझाव के आधार पर स्वीकार किया जाएगा। यदि ई ई जी को अपसामान्य पाया जाता है तो वैसी स्थिति में अभ्यर्थी को सी एच ए एफ (बी) में न्यूरोफीजिशियन के द्वारा व्यापक जांच के लिए रेफर किया जाएगा जिसकी समीक्षा आई ए एम भारतीय वायु सेना के बोर्ड द्वारा की जाएगी।

21. <u>कान, नाक और गला</u>

(क) नाक और पैरानेजल साइनस

(i) मार्क्ड सेपटल डेविएशन के कारण उन्मुक्त रूप से श्वास लेने में आने वाली दिक्क्त अस्वीकार करने का एक कारण है। पर्याप्त रूप से श्वास लेने के लिए शेष बचे हुए मध्यम विसामान्यता का ठीक करने वाली सर्जरी को स्वीकार किया जाएगा।

(ii) किसी भी प्रकार का सेप्टल परफोरेसन अस्वीकृति का कारण होगा।

(iii) एट्रोफीक राइनाइट्स अस्वीकृति का कारण होगा।

(iv) एलर्जिक राइनाइट्स संबंधी केस फ्लाइंग ड्यूटी पर जाने के लिए अस्वीकृति का कारण होगा।

(v) किसी भी प्रकार का पैरानेजन साइनस संक्रमण होने पर अस्वस्थ घोषित किया जाएगा। ऐसे मामलों को प्राधिकृत चिकित्सा परिषद के द्वारा सफल इलाज के बाद ही स्वीकार किया जाएगा।

(vi) मल्टीपल पोलीपोजीज अस्वीकृति का एक कारण होगा।

(ख) ओरल केविटि और गला

(i) ऐसे अभ्यर्थी जिनमें टोनसिलेक्टोमि की आवश्यकता है, उन्हें अस्वीकृत किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को प्राधिकृत चिकित्सा परिषद् द्वारा सफल सर्जरी के बाद ही स्वीकार किया जाएगा।

(ii) क्लेफ्ट पालेट का पाया जाना अस्वीकृति का एक कारण होगा।

(iii) आवाज़ में लगातार आ रहे फटेपन के साथ फैरिन्क्स या लैरिन्क्स में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए अस्वीकृत किया जाएगा।

(ग) यूस्टेशियन ट्यूब का कार्य न करना या उसमें किसी भी प्रकार की बाधा आना, अस्वीकृति का एक कारण होगा।

(घ) टिन्नीट्स का पाया जाना उसकी अवधि, स्थानीकरण, पृथकता और संभावित कारणों की जांच को आवश्यक बना देता है। स्थायी टिन्नीट्स अस्वीकृति का एक कारण है क्योंकि नाक के माध्यम

से परित्याग होने पर इसके और अधिक खराब होने की संभावना बन जाती है और यह पारंभिक स्थिति से ओटोस्कलेरोसिस और मेनियर बीमारी में बदल सकती है।

(च) किसी भी प्रकार के मोशन सिकनेस की संभावना पाए जाने पर विशिष्ट जांच कराई जाएगी। ऐसे मामलों का पूरी तरह से मूल्यांकन किया जाएगा और मोशन सिकनेस की बीमारी का खतरा होने पर, उन्हें फ्लाइंग ड्यूटी करने के लिए अस्वीकृत किया जाएगा।

(छ) एक अभ्यर्थी जिसको चक्कर आने की बीमारी का इतिहास रहा है, उसकी पूरी तरह से जांच किया जाना अनिवार्य है।

(ज) हियरिंग लॉस

(i) फ्री फील्ड हियरिंग लॉस अस्वीकृति का एक कारण है।

(ii) 250 और 8000 हट्र्ज के बीच की आवृत्ति में ऑडियोमेट्रिक लॉस 20 डी बी से अधिक नहीं होना चाहिए। ई एन टी विशेषज्ञ की सिफारिश पर 30 डी बी तक पृथक यूनिलेटरल हियरिंग लॉस को ई एन टी की परीक्षा देने से छूट दिया जाना सामान्य माना जाएगा।

(iii) आवाज़ में लगातार आ रहे फटेपन के साथ फैरिन्क्स या लैरिन्क्स में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए अस्वीकृत किया जाएगा।

(झ) जब हियरिंग को पूरी तरह एपीथेलियालाइज्ड और सही पाया गया है, ऐसी स्थिति में भी एक मूल/परिवर्तित रेडिकल मासटोइडेक्टोमी के लिए अस्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में टाइमपैनिक मेमबन इनटेक्ट, सामान्य हियरिंग और वर्तमान में किसी भी प्रकार की बीमारी न होने की स्थिति के साथ कोरटिकल मासटोइडेक्टोमी के मामलों को स्वीकार किया जा सकता है।

(ट) एगजोस्टोसेस या अनड्यूलि नैरो मिटी के साथ क्रोनिक ओटिटिस एक्सट्रेना के मामलों को अस्वीकृत किया जाएगा। कैनल के टोरट्यूसिटी का बढ़ना, टाइमपैनिक मेमब्रेन के अगले प्रकट रूप का अभिलोपन अस्वीकृति का कारण होगा।

(ठ) अल्टीट्यूड चैंबर में इयर क्लिरेन्स परीक्षण को सामान्य पाए जाने पर सर्जरी के 12 सप्ताह के बाद टाइमपेनोप्लास्टी टाइप I को स्वीकृत माना जाएगा। मध्य कान की निम्नलिखित स्थितियों के अंतर्गत अस्वीकृत माना जाएगा :—

(i) एटीक, सेंट्रल या मार्जिनल परफोरेशन।

(ii) चिन्हित प्रतिकर्षण के साथ टाइमपैनिक मेमब्रेन का दाग।

(iii) टाइमपैनोप्लास्टी टाइप II से किंतु टाइप I से नहीं।

(iv) कालकारीयस प्लाक्यूज (टाइमपैनास्कालेरोसिस) यदि पार्स टेंसा के 1/3 हिस्से से अधिक जगह घेरता हो।

(v) मिडल इयर संक्रमण।

(vi) बाहरी ऑडिटरी नली में ग्रान्यूलेसन या पॉल्येप

(vii) स्टापेडेक्टोमी ऑपरेशन

(त) कान की विविध स्थितियां अस्वीकृति के लिए कान की निम्नलिखित स्थितियां होंगी :—

(i) आटोस्क्लेरोसिस

(ii) मेनिरी रोग

(iii) ऑफ वेस्टिबूलर मूल का निस्टेग्मस सहित वेस्टिबूलर डिस्फंक्शन

(iv) बेल्स पाल्सी के पश्चात् कर्ण संक्रमण

22. नेत्र प्रणाली

(क) उड़ान ड्यूटियों के लिए अस्वीकृत होने का बड़ा कारण दृष्टि दोष और चिकित्सीय नेत्र दशाएं हैं।

(ख) व्यक्तिगत और पारिवारिक इतिहास और बाह्य परीक्षण।

(i) भेंगापन और अन्य कारणों से चश्मों की आवश्यकता प्रायः आनुवांशिक है और विकृति की मात्रा का अनुमान लगाने के लिए पारिवारिक इतिहास (पृष्ठभूमि) महत्वपूर्ण सूचना प्रदान कर सकता है। अभ्यर्थी जो चश्मा लगाए हैं अथवा जिनमें दृष्टिगत दोष पाया गया हो, उनका उचित निर्धारण किया जाएगा।

(ii) वतर्मपात जिसमें साथ ही दृष्टि या दृष्टिक्षेत्र में बाधा हो, अस्वीकृति का एक कारण है जब तक छह माह की अवधि के लिए सर्जरी उपचार सफल न हो। अनियंत्रित वतर्मशोथ वाले अभ्यर्थी विशेषकर जिनमें आइलैसेस की हानि है, सामान्यतः अनुपयुक्त हैं और इन्हें अस्वीकृत किया जाएगा। वतर्मशोथ और पुराने नेत्रश्लेष्मलाशोथ के गंभीर मामलों का निर्धारण तब तक अस्थाई रूप से अनफिट के रूप में किया जाएगा जब तक कि उपचार से रेस्पॉन्स का निर्धारण नहों किया जा सकता हो।

(iii) नासाश्रु अंतर्रोध जिससे ऐपिफोरा अथवा श्लेष्मपुटी के मामले अस्वीकृत होंगे जब तक सर्जरी द्वारा अधिकतम छह माह में राहत न मिले।

(iv) यूविआशोथ (रंजित पटल शोथ, रोमक पिण्ड शोथ, परितारिका शोथ) की अक्सर पुनरावृत्ति होती हो और अभ्यर्थी जिसके परिवार में से ये बीमारी चली आ रही हो अथवा अभ्यर्थी में ये लक्षण दिखाई देते हों, उनका निर्धारण सावधानीपूर्वक किया जाएगा। अभ्यर्थियों में जहां स्थायी विक्षति के साक्ष्य हों, ऐसे अभ्यर्थियों को अस्वीकृत किया जाएगा।

(v) कार्नियल स्कार्स आपेसिटी अस्वीकृति का कारण होंगे जब तक कि ये दृष्टि में बाधा न डालें। स्वीकृति से पूर्व ऐसे मामलों का सावधानीपूर्वक निर्धारण किया जाएगा, चूंकि कई स्थितियों की पुनरावृत्ति होती है।

(vi) लेंटिकुलर ओपेसिटी के मामलों का निर्धारण सावधानीपूर्वक किया जाएगा। जैसा कि दिशानिर्देश है कोई भी ओपेसिटी जिसके कारण दृष्टिगत खराबी होती हो अथवा यह दृष्टि अक्ष में है अथवा प्यूपिल के परित, 7 मिमी के क्षेत्र में मौजूद है जिससे चौंध लगती हो, को फिट नहीं माना जाएगा। फिटनेस का निर्धारण करते समय इस पर भी विचार किया जाएगा कि ओपेसिटी की प्रवणता संख्या अथवा आकार में न बढ़े हों।

(vii) माइग्रेनियस किस्म के सिरदर्द के साथ दृष्टि बाधाएं पूर्णतः (विक्षोभ) : नेत्र संबंधी समस्या नहीं है और इनका निर्धारण तदनुसार किया जाएगा। डिप्लोपिया की मौजूदगी अथवा नाइस्टागमस की पहचान के लिए उचित परीक्षण की आवश्यकता है। चूंकि ये मनोवैज्ञानिक कारणों से हो सकते हैं।

(viii) रतौंधी अधिकांशतः जन्मजात होती है परंतु आंख की कुछ बीमारियों में रतौंधी एक पूर्व लक्षण के रूप में प्रकट होती है, इसलिए अंतिम निर्धारण करने से पहले उचित जांच आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक मामले में इस आशय का एक प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाएगा कि व्यक्ति रतौंधी से पीड़ित नहीं है। प्रमाणपत्र ड्राफ्ट नियम परिशिष्ट ख के अनुसार होगा।

(ix) नेत्र गोलक का किसी भी दिशा में न घूमने और नेत्र गोलक के अनुचित दबाव/उभार के लिए उचित निर्धारण की आवश्यकता (प्रोमिनेंस) है।

(ग) दृष्टि तीक्ष्णता और कलर विजन की आवश्यकताओं का ब्योरा इस नियम के परिशिष्ट ग में दिया गया है। अभ्यर्थी जो इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें अस्वीकृत किया जाएगा।

(घ) यदि परिवार में मायोपिया का इतिहास रहा है, विशेषकर यदि यह निर्धारित होता है कि दृष्टि दोष हाल ही में हुआ है, यदि इसके फिजीकल ग्रोथ की अभी भी संभावना है अथवा यदि फण्डस उपस्थिति प्रोग्रेसिव मायोपिया का संकेत हो, भले ही दृष्टि की प्रखरता (एक्विटी) निर्धारित सीमा में हो, अभ्यर्थी को अनफिट घोषित किया जाएगा।

(च) रिफरेक्टिव सर्जरियां अभ्यर्थी जिनका पी आर के (फोटो रिफ्रैक्टिव केराटोटोमी)/लासिक (केराटोमिलेयूसिस के स्थान पर लेजर) हुआ हो, उन्हें वायुसेना की सभी ब्रांचों में कमीशन प्रदान करने के लिए फिट माना जाएगा।

(छ) पी आर के/लासिक हुए अभ्यर्थियों का चयन होने से पूर्व उनमें निम्नलिखित मानदंड निर्धारित होने चाहिए :–

(i) पी आर के/लासिक सर्जरी 20 वर्ष की आयु से पहले नहीं होनी चाहिए।

(ii) आई ओ एल मास्टर द्वारा मापी गई आंख की अक्षीय लंबाई 25.5 मिमी. से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(iii) स्टेबल पी आर के/लासिक हुए न्यूनतम 12 माह की अवधि बिना किसी जटिलता के बीत चुकी हो और साथ ही किसी जटिलता का इतिहास अथवा साक्ष्य न हो।

(iv) कोर्नियल पैकिमीटर द्वारा पी आर के/लासिक के बाद की मापी गई कोर्नियल मोटाई 450 माइक्रोन्स से कम नहीं होनी चाहिए।

(v) पी आर के/लासिक से पूर्व उच्च रिफ्रैक्टिव कमियों (झ6 क) वाले व्यक्तियों को निकाल दिया जाएगा।

(ज) वायु सेना की किसी भी ड्यूटी के लिए रिफ्रेक्टिव कमियों को ठीक करने के लिए रेडियल किरेटोटोमी (आर के) सर्जरी की अनुमति नहीं है। आई ओ एल इंम्प्लाट सहित या इसके बिना कैटेरैक्ट सर्जरी करवाने वाले अभ्यर्थियों को भी अनफिट घोषित किया जाएगा।

(झ) नेत्र मांसपेशी का संतुलन

(प) भेंगापन दिखायी देने वाले व्यक्तियों को कमीशन प्रदान करने के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ii) वायुकर्मी दल के मामले में लेटेन्ट स्क्विंट या हीट्रोफोरिया का निर्धारण प्रमुखतः फ्यूजन क्षमता के मूल्यांकन पर आधारित होगा। फ्यूजन की एक मजबूत समझ, तनाव और थकान होने पर बाइनोक्यूलर विजन का अनुरक्षण सुनिश्चित करती है। इसलिए स्वीकार्यता के लिए यह मुख्य मानदंड है।

(कक) अभिसरण

(ककक) अभिदृश्यक अभिसरण। इसका औसत 6.5 से 8 सेमी तक है। यह 10 सेमी और उससे अधिक पर खराब होता है।

(ककख) सब्जेक्टिव अभिसरण (एस सी)। यह अभिसरण के तनाव के अधीन बाइनाकूलर विजन के ऐंड प्वाइंट (अंतिम छोर) को दर्शाता है। यदि सब्जेक्टिव अभिसरण ऑब्जेक्टिव अभिसरण की सीमा से परे 10 सेमी से अधिक है तो फ्यूजन क्षमता खराब होती है। यह विशेषकर तब होती है जब ऑब्जेक्टिव अभिसरण 10 सेमी और इससे अधिक होता है।

(कख) एकमोडेशन। मायोप्स (निकटदृष्टिक) के मामले में एकमोडेशन का करेक्टिव निर्धारण ग्लास को सही पॉजिशन में रखकर किया जाना चाहिए। विभिन्न आयु समूहों में एकमोडेशन के लिए स्वीकार्य मानक नीचे तालिका में दिए गए हैं :–

आयु वर्ष में	17–20	21–25	26–30	31–35	36–40	41–45
एकमोडेशन (सेमी में)	10–11	11–12	12.5–13.5	14–16	16–18.5	18.5–27

(ठ) नेत्र मांसपेशी का संतुलन गतिज होता है और एकाग्रता, उत्तेजना, थकान, हाइपोक्सिया, ड्रग्स और शराब का सेवन करने से इसमें परिवर्तन होता है। अंतिम निर्धारण के लिए, उपर्युक्त जांचों पर एक साथ विचार किया जाएगा। उदाहरण के लिए, मैड्डोक्स रॉड जांच की अधिकतम सीमा से थोड़े अधिक वाले मामले, परन्तु जो अच्छी बाइनाकुलर, प्रतिक्रिया एक अच्छी ऑब्जेक्टिव अभिसरण जिसमें सब्जेक्टिव अभिसरण के मुकाबले बहुत कम अंतर होता है को दर्शाते हैं और कवर जांचों पर पूर्ण और तीव्र स्वास्थ्यालाभ देते हैं को स्वीकार किया जा सकता है। दूसरी तरफ मैड्डोक्स रॉड जांच सीमाओं के भीतर के मामले परन्तु जो बहुत कम या शून्य फ्यूजन क्षमता दर्शाते हैं, कवर जांचों पर अपूर्ण या कोई स्वास्थ्यलाभ नहीं दर्शाते और खराब सब्जेक्टिव अभिसरण दर्शाते हैं, को अस्वीकार किया जाएगा। नेत्र मांसपेशी के संतुलन के मूल्यांकन के लिए मानक ड्राफ्ट नियमों के परिशिष्ट–ग में उल्लिखित हैं।

(ड) मीडिया (कोर्निया, लेंस, विट्रियस) या फंडस में कोई क्लिनिकल परिणाम जो कि पैथोलॉजिकल प्रकृति का है और जिसकी बढ़ने की संभावना है, अस्वीकृति का एक कारण होगा। यह जांच माइड्रियासिस के अंतर्गत स्लिट लैंप और ऑफथैलमोस्कॉपि द्वारा की जाएगी।

23. हीमोपॉइटिक प्रणाली

(क) सभी अभ्यर्थियों की पेल्लौर (एनीमिया), कुपोषण, पीलिया, पेरिफेरल लिम्फेडिनोपैथी, पुरपुरा, पेटिकेई/एकिमोसिस और हिपेटोस्प्लिनोमिगेली की क्लिनिकल साक्ष्य के लिए जांच की जाएगी।

(ख) प्रयोगशाला द्वारा एनीमिया (पुरूषों में ढ 13हध्कस) की पुष्टि होने की स्थिति में, एनीमिया के प्रकार और एटियोलॉजी का पता लगाने के लिए आगे जांच की जाएगी। इसमें संपूर्ण हीमोग्राम (पीसीवी एमसीवी, एम सी एच, एम सी एच सी, टी आर बी सी, टी डब्ल्यू बी सी, डी एल सी, प्लेटलेट की मात्रा, रेटिकुलोसाइट की मात्रा और ईएस आर शामिल होंगे) और पेरिफेरल ब्लड स्मीयर शामिल होगा। इटियोलॉजी का निर्धारण करने के लिए अन्य सभी जांच यथावश्यक की जाएंगी। पित्त की थैली में पथरी के लिए पेट की अल्ट्रासेनोग्राफी, ऊपरी जी आई एंडोस्कॉपी/प्रैक्टोस्कोपी और हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफोरेसिस इत्यादि दर्शाए अनुसार की जाएंगी और अभ्यर्थी की फिटनैस का निर्धारण प्रत्येक मामले की मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

(ग) प्रथम दृष्टया माइल्ड माइक्रोसाइटिक हाइपोक्रोमिक (लौह की कमी से होने वाला एनीमिया) या डाइमोर्फिक एनीमिया (पुरूषों में ढ11.5हध्कस) वाले अभ्यर्थियों को 04 से 06 सप्ताह की अवधि के लिए अस्थायी तौर पर अनफिट घोषित किया जाएगा जिसकी बाद में समीक्षा की जाएगी। इन अभ्यर्थियों को स्वीकार किया जा सकता है यदि पूर्ण हीमोग्राम और पी सी वी पेरिफेरल स्मीयर की जांच का परिणाम सामान्य रेंज के भीतर रहता है। मैक्रासाइटिक/मिगेलोब्लास्टिक एनीमिया वाले अभ्यर्थियों को अनफिट माना जाएगा।

(घ) आनुवंशिक हीमोलाइटिक एनीमिया (लाल रक्त कोषिका की मेंबरेंस में खराबी के कारण या लाल रक्त एन्जाइम की कमी के कारण) और हीमोग्लोबिनोपेथीज (सिकल सेल रोग, बीटा थेलेसीमिया : मेजर, इंटरमीडिया, माइनर, ट्रेट और अल्फा थेलेसीमिया इत्यादि) के लक्षण वाले सभी अभ्यर्थियों को सर्विस (सेवा) के लिए अनफिट समझा जाएगा।

(च) त्वचा में किसी प्रकार के पुराने हीमोरहेज जैसे एकीमोसिस/पेटिकेई, एपिस्टेक्सस, मसूढ़ां और पोषण नली से रक्तस्राव, छोटे आघात या लेसरेशन/दांत निकलने के बाद लगातार रक्तस्राव और हीमोफीलिया या अन्य रक्तस्राव की बीमारियों का कोई पुराना पारिवारिक इतिहास होने पर संपूर्ण जांच की जाएगी। सर्विस (सेवा) में प्रवेश के लिए इन अभ्यर्थियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुरपुरा की क्लिनिकल पुष्टि या थ्रोम्बोसाइटोपीनिया के लक्षण वाले सभी अभ्यर्थियों को सर्विस (सेवा) के लिए अनफिट माना जाएगा।

(छ) जांच के बाद पुरानी हीमोफीलिया, वॉन वाइलब्रांड रोग के लक्षण वाले अभ्यर्थियों को शुरूआती स्तर पर सर्विस (सेवा) के लिए अनफिट घोषित किया जाएगा।

परिशिष्ट 'क'

(पैरा 12 देखें)

सी डी एस ई में अभ्यर्थियों की भर्ती के समय विभिन्न आयु समूहों के पुरूषों की ऊंचाई एवं मानक निर्वस्त्र वनज (औसत के उच्च स्तर पर 10 प्रतिशत परिवर्तन स्वीकार्य)

ऊचाई से. मी. में	एज रेंज (सालां में/वजन कि.ग्रा.)							
	15—17	18—22	23—27	28—32	33—37	38—42	43—47	झ48
152	46	47	50	54	54	54	55	54
153	47	47	51	55	55	54	56	54
154	47	48	51	56	55	55	57	55
155	48	49	52	56	56	56	57	56
156	48	49	53	57	57	56	58	56
157	49	50	54	58	58	57	58	57
158	49	50	54	58	58	58	59	58
159	50	51	55	59	59	59	60	58

160	51	52	56	59	60	59	60	59
161	51	52	56	60	60	60	61	60
162	52	53	57	61	61	61	62	60
163	52	54	58	61	62	61	62	61
164	53	54	59	62	63	62	63	62
165	53	55	59	63	63	63	64	62
166	54	56	60	63	64	64	64	63
167	54	56	61	64	65	64	65	64
168	55	57	61	65	65	65	65	65
169	55	57	62	65	66	66	66	65
170	56	58	63	66	67	67	67	66
171	56	59	64	66	68	67	67	67
172	57	59	64	67	68	68	68	67
173	58	60	65	68	69	69	69	68
174	58	61	66	68	70	69	69	69
175	59	61	66	69	71	70	70	69
176	59	62	67	70	71	71	71	70
177	60	62	68	70	72	72	71	71
178	60	63	69	71	73	72	72	71
179	61	64	69	72	73	73	73	72
180	61	64	70	72	74	74	73	73
181	62	65	71	73	75	75	74	73
182	62	66	72	74	76	75	74	74
183	63	66	72	74	76	76	75	75
184	64	67	73	75	77	77	76	75
185	64	68	74	75	78	77	76	76
186	65	68	74	76	78	78	77	77
187	65	69	75	77	79	79	78	77
188	66	69	76	77	80	80	78	78
189	66	70	77	78	81	80	79	79
190	67	71	77	79	81	81	80	79
191	67	71	78	79	82	82	80	80
192	68	72	79	80	83	82	81	81
193	68	73	79	81	83	83	81	82
एस डी	6.0	6.3	7.1	6.6	6.9	6.8	5.8	7.26

परिशिष्ट 'ख'

(पैरा 22(ख)(अपपप) देखें)

रतौंधी के संबंध में प्रमाणपत्र

आद्यक्षर सहित नाम

बैंच संख्या चेस्ट सं.

मैं एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार मेरे परिवार में रतौंधी का कोई मामला नहीं रहा है, और मैं इससे पीड़ित नहीं हूं।

दिनांक ..... (अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

(चिकित्सा अधिकारी का नाम)

परिशिष्ट 'ग'

(पैरा 22(ग) देखें)

भर्ती के समय सी डी एस ई अभ्यर्थियों के दृष्टिगत मानक

क्रम सं.	ब्रांच	अपवर्तक त्रुटि की अधिकतम सीमा	दृश्यता तीक्ष्णता त्रुटि	कलर विजन
1.	एफ (पी) डब्ल्यू एस ओ सहित	हायपरमेट्रोपिया 2.0 डी एस पी एच मेनीफेस्टमायोपिया : शून्य, रेटिनोस्कोपिक मायोपिया–0.5 किसी भी यामोत्तर परमिटिड एसटिगमेटिज्म में 0.75 डी क्लीनिकल (अधिकतम 2.0 डी की सीमा में)	एक आंख 6/6 एवं दूसरी 6/9 केवल हाइपरमेट्रोपिया के लिए 6/6 तक संशोधनीय	सी पी–v

विशेष –क्रम सं. 1 और 2 में आने वाले कार्मिकों का नेत्र मांसपेशी संतुलन नीचे दी गई सारणी के अनुरूप होना चाहिए :–

फ्लाइंग ड्यूटियों के लिए नेत्र मांसपेशी संतुलन

क्रम सं.	टेस्ट	फिट	अस्थायी रूप से अनफिट	स्थायी रूप से अनफिट
1.	6 मी. पर मेडोक्स रोड टेस्ट	एक्सो–6 प्रिज्म डी ईसो–6 प्रिज्म डी हायपर–1 प्रिज्म डी हायपो–1 प्रिज्म डी	एक्सो–6 प्रिज्म डी ईसो से ज्यादा–6 प्रिज्म डी हायपर से ज्यादा–1 प्रिज्म डी हायपो से ज्यादा–1 प्रिज्म डी से ज्यादा	यूनिओक्यूलर सपरेशन हायपर/हायपो 2 प्रिज्म डी से ज्यादा
2.	33 सेमी. पर मेडोक्स रोड टेस्ट	एक्सो–16 प्रिज्म डी ईसो–6 प्रिज्म डी हायपर–1 प्रिज्म डी हायपो–1 प्रिज्म डी	एक्सो–16 प्रिज्म डी ईसो से ज्यादा–6 प्रिज्म डी हायपर से ज्यादा–1 प्रिज्म डी हायपो से ज्यादा–1 प्रिज्म डी से ज्यादा	यूनिओक्यूलर सपरेशन हायपर/हायपो 2 प्रिज्म डी से ज्यादा
3.	हेंड हेल्ड स्टीरियोस्कोप	बी एस वी ग्रेड के सभी	पूअर फ्यूजनल रिजर्व	एस एम पी की अनुपस्थिति, फ्यूजन स्टीरियोसिस
4.	कनवर्जेंस	10 सेमी. तक	15 सेमी. तक प्रयास सहित	प्रयास करने पर 15 सेमी से अधिक
5.	नजदीक एवं दूर के लिए कवर टेस्ट	लेटेंट डायवर्जेंस/कनवर्जेंस रिकवरी रेपिड एवं कम्पलीट	कम्पनसेटिड हीटिरियो–फोरिया/ट्रोफिया जिसके उपचार के पश्चात सुधार की संभावना हो/सही उपचार के पश्चात भी बना रहता है।	कम्पनसेटिड हीटिरियो फोरिया

नोट 2–एन डी ए में एयर विंग कैडेट एवं ए एफ ए में एफ (पी) के फ्लाइट कैडेट के दृश्यता मानक ए1 जी1 एफ (पी) मानक (क्रम सं. 1) के अनुरूप होने चाहिए।

नोट 3–उपरोक्त उल्लिखित एस पी एच संशोधन कारकों में निर्दिष्ट एस्टिमेटिक संशोधन कारक शामिल होंगे। विनिर्दिष्ट दृश्यता तीक्ष्णता तक जो न्यूनतम संशोधन कारक स्वीकार किए जा सकते हैं।

टिप्पणी II : केवल हाथ के भीतर की तरफ अर्थात् कुहनी के भीतर से कलाई तक और हथेली के ऊपरी भाग/हाथ के पिछले हिस्से की तरफ शरीर पर स्थायी टैटू की अनुमति है। शरीर के किसी अन्य हिस्से पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और उम्मीदवार को आगे के चयन से विवर्जित कर दिया जाएगा। जनजातियों को उनके मौजूदा रीति रिवाजों एवं परंपरा के अनुसार मामला दर मामला के आधार पर उनके चेहरे या शरीर पर टैटू के निशान की अनुमति होगी। कमांडेंट चयन केंद्र ऐसे मामलों के समाशोधन के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे।

परिशिष्ट – III

(सेवा का संक्षिप्त विवरण आदि)

सेना के अधिकारियों के वेतनमान और वायु सेना और नौसेना में बराबर रैंक

(i) वेतन

रैंक	लेवल	(वेतन, रुपये में)
लेफ्टिनेंट	लेवल 10	56,100 – 1,77,500
कप्तान	लेवल 10बी	61,300 - 1,93,900
मेजर	लेवल 11	69,400 – 2,07,200
लेफ्टिनेंट कर्नल	लेवल 12ए	1,21,200 – 2,12,400
कर्नल	लेवल 13	1,30,600 - 2,15,900
ब्रिगेडियर	लेवल 13ए	1,39,600 - 2,17,600
मेजर जनरल	लेवल 14	1,44,200 - 2,18,200
लेफ्टिनेंट जनरल एचएजी स्केल	लेवल 15	1,82,200 - 2,24,100
एचएजी + स्केल	लेवल 16	2,05,400 – 2,24,400
वाइस थलसेनाध्यक्ष / सेना कमांडर / लेफ्टिनेंट जनरल (एनएफएसजी)	लेवल 17	2,25,000/- (नियत)
थलसेनाध्यक्ष	लेवल 18	2,50,000/- (नियत)

अधिकारी को देय सैन्य सेवा वेतन निम्नानुसार है

लेफ्टिनेंट से ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारियों को देय सैन्य सेवा वेतन (एमएसपी)	रु.15500 प्रतिमाह नियत

कैडेट प्रशिक्षण के लिए नियत वजीफा: -

सेवा अकादमी यानी आईएमए और ओटीए में प्रशिक्षण की संपूर्ण अवधि के दौरान पुरुष या महिला कैडेटों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान वजीफा	रु.56,100 प्रतिमाह (लेवल 10 में आरंभिक वेतन)

* सफलतापूर्वक कमीशन प्राप्ति पर, कमीशन प्राप्त अधिकारी का वेतन, वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10 के प्रथम सेल में तय किया जाएगा और प्रशिक्षण की अवधि को कमीशन प्राप्त सेवा के रूप में नहीं माना जाएगा तथा प्रशिक्षण अवधि के लिए कैडेटों को यथाअनुमेय भत्तों के बकाया का भुगतान किया जाएगा।

(ii) योग्यता वेतन और अनुदान

(i) योग्यता अनुदान

इसे अलग से भत्ते के रूप में समाप्त कर दिया गया है। पात्र कर्मचारियों के मामले में नया प्रस्तावित उच्चतर योग्यता प्रोत्साहन (एच क्यू आई) लागू होगा। एच क्यू आई के लिए आदेश रक्षा मंत्रालय द्वारा अभी जारी किया जाना है।

(ii) फ्लाइंग भत्ता:-

आर्मी एविएशन कोर में सेवारत सेना विमानवाहक (पायलट्स) को उड़ान प्रदान करने के हकदार हैं:-

लेफ्टिनेंट और इससे ऊपर	लेवल 10 और इससे ऊपर	रु. 25,000/- प्रतिमाह नियत (जोखिम व कठिनाई मैट्रिक्स का आर1 एच1)

(iii) अन्य भत्ते:-

(a)	महंगाई भत्ता	समय समय पर असैनिक कर्मचारियों को यथाअनुमेय दरों तथा परिस्थितियों के समान
(b)	किट रखरखाव भत्ता	नव प्रस्तावित ड्रेस भत्ते में शामिल अर्थात रु. 20,000/- प्रति वर्ष

रैंक और पोस्टिंग के क्षेत्र के आधार पर, फील्ड क्षेत्र में तैनात अधिकारी निम्न फील्ड एरिया भत्ते के लिए पात्र होंगे:-

रैंक	स्तर	एचएफए	फील्ड एरिया भत्ता	संशोधित फील्ड एरिया भत्ता
लेफ्टिनेंट और ऊपर	स्तर 10 और ऊपर	16900 आर1 एच2	10500 आर2 एच2	6300 आर2 एच2 का 60 प्रतिशत

(iv) हाई आल्टीट्यूड भत्ता

रैंक	स्तर	श्रेणी-I (प्रति माह)	श्रेणी -II (प्रति माह)	श्रेणी -III (प्रति माह)
लेफ्टिनेंट और ऊपर	स्तर 10 और ऊपर	3400 आर3 एच2	5300 आर3 एच1	25000 आर1 एच1

(v) सियाचिन भत्ता

सियाचिन भत्ता रु.**42,500/-** प्रति माह होगा।

(vi) वर्दी भत्ता

नव प्रस्तावित वर्दी भत्ते में शामिल अर्थात् रु.20,000/-प्रति वर्ष

(vii) मुफ्त आहार सामग्री

- शांति और फील्ड क्षेत्र में

(vii) परिवहन भत्ता(टीपीटीए)

वेतन लेवल	उच्च टीपीटीए शहर (रुपये प्रति माह)	अन्य स्थान (रुपये प्रति माह)
10 और ऊपर	रु.7200+ उस पर देय महंगाई भत्ता	रु.3600+ उस पर देय महंगाई भत्ता

नोट: -

(क) उच्चतर परिवहन भत्ता शहर (यू.ए.):-

हैदराबाद, पटना, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु, कोच्चि, कोझिकोड, इंदौर, ग्रेटर मुंबई, नागपुर, पुणे, जयपुर, चेन्नई, कोयम्बटूर, गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, कोलकाता।

(ख) सरकारी परिवहन की सुविधा प्रदान किए गए सेवा कर्मियों के लिए भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

(ग) वेतनमान स्तर 14 और उससे अधिक के अधिकारी, जो आधिकारिक कार का उपयोग करने के हकदार हैं, को अधिकृत कार सुविधा का लाभ उठाने या रुपये 15,750 प्रति माह की दर से टीपीटीए + सहित आहरित करने का विकल्प होगा।

(घ) पूरे कैलेंडर माह (माहों) में छुट्टी पर रहने पर यह भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

(ड़) शारीरिक रूप से विकलांग सेवा कर्मियों को दोगुनी दर पर भुगतान करना जारी रखा जाएगा, जो न्यूनतम रु. 2250 + उस पर देय महंगाई भत्ता प्रति माह होगा।

(viii) **संतान शिक्षा भत्ता केवल दो सबसे बड़े जीवित बच्चों के लिए 2250/–रू प्रति बच्चा। यह संतान शिक्षा भत्ता नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए देय होगा।**

(i) वित्तीय वर्ष पूरा होने के बाद वर्ष में प्रतिपूर्ति केवल एक बार किया जाना चाहिए (जो कि अधिकांश विद्यालयों के लिए शैक्षणिक वर्ष के साथ मेल खाता है)।

(ii) सरकारी कर्मचारी के बालक जहां अध्ययनरत हैं उस संस्थान के प्रमुख से इस उद्देश्य का प्रमाण पत्र पर्याप्त होना चाहिए। प्रमाण पत्र द्वारा यह पुष्टि होनी चाहिए कि पिछले शैक्षणिक वर्ष के दौरान बच्चे विद्यालय में पढ़े थे।

रक्षा बलों के लिए विशिष्ट भत्तों के मामले में, प्रत्येक बार संशोधित वेतनबैंड पर देय महागाई भत्ता 50% तक बढ जाने पर इन भत्तों की दरें स्वत: 25% बढ़ जाएंगी (भारत सरकार **ए–27012/02/2017–स्थापना (ए एल) दिनांक 16 अगस्त 2017।**

(iii). कृपया नोट करें वेतन एवं भत्ते और तत्सम्बन्धी नियम / प्रावधान समय-समय पर संशोधन के अधीन हैं

(क) भारतीय सैन्य; अकादमी देहरादून में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए :

1. भारतीय सैन्य अकादमी में भर्ती करने से पूर्व :

(क) इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि वह यह समझता है कि किसी प्रशिक्षण के दौरान या उसके परिणामस्वरूप यदि कोई चोट लग जाए, ऊपर निर्दिष्ट किसी कारण से या अन्यथा आवश्यक किसी सर्जिकल ऑपरेशन या संवेदनाहरण दवाओं के परिणामस्वरूप उसमें कोई शारीरिक अशक्तता आ जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर उसे या उसके वैध उत्तराधिकारी को सरकार के विरूद्ध किसी मुआवजे या अन्य प्रकार की राहत का दावा करने का हक न होगा।

(ख) उसके माता-पिता या संरक्षक को इस आशय के बंधपत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे कि यदि किसी ऐसे कारण से

जो उसके नियंत्रण में समझे जाते हैं, उम्मीदवार पाठ्यक्रम पूरा होने से पहले वापिस आना चाहता है, या कमीशन अस्वीकार कर देता है तो उस पर शिक्षा शुल्क, भोजन, वस्त्र और किए गए व्यय तथा दिए गए वेतन और भत्ते की कुल राशि या उतनी राशि जो सरकार निश्चित करे उसे वापिस करनी होगी।

2. अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को लगभग 18 महीनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन उम्मीदवारों के नाम सेना अधिनियम के अधीन "जेंटलमेन कैडेट" के रूप में दर्ज किए जायेंगे। "जेंटलमेन कैडेट" पर साधारण अनुशासनात्मक प्रयोजनों के लिए "भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के नियम और विनियम लागू होंगे।"

3. यद्यपि आवास, पुस्तकें, वर्दी, बोर्डिंग और चिकित्सा सहित प्रशिक्षण के खर्च को सरकार वहन करेगी, तथापि यह आशा की जाती है कि उम्मीदवार अपना जेब खर्च खुद बर्दाशत करेंगे। भारतीय सैनिक अकादमी में (उम्मीदवार का न्यूनतम मासिक व्यय 200.00 रु. से अधिक होने की संभावना नहीं है) यदि किसी कैडेट के माता-पिता या संरक्षक इस खर्च को भी पूरा या आंशिक रूप से बर्दाश्त करने में असमर्थ हों तो सरकार द्वारा उन्हें वित्तीय सहायता दी जाती है। भारतीय सैनिक अकादमी, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी और नौ सेना या वायु सेना में स्थापित सदृश प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे ऐसे पुरुष/महिला कैडेट, जिनके माता-पिता/अभिभावक की प्रति माह आय 1500/- रु. (संशोधन विचाराधीन) प्रतिमाह से अधिक नहीं है वित्तीय सहायता लेने के हकदार हैं। जिन माता-पिता/अभिभावक की प्रति माह आय 1500/- रु. (संशोधन विचाराधीन) प्रतिमाह से अधिक लेकिन 2000/- रु. (संशोधन विचाराधीन) से अधिक नहीं है। यदि उनका एक लड़का/आश्रित उक्त एक या एक से अधिक संस्था में एक ही समय प्रशिक्षण ले रहे हैं तो उनके बच्चों/आश्रितों को भी वही वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाएगा कि संस्थाएं एक ही सेवा के अधीन हैं या नहीं।

वित्तीय सहायता की पात्रता निर्धारित करने के लिए अचल संपत्तियों और सभी साधनों से होने वाली आय का भी ध्यान रखा जाएगा।

यदि उम्मीदवार के माता-पिता या संरक्षक किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हों तो उन्हें अपने पुत्र/संरक्षित के भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चुने जाने के तुरंत बाद अपने जिले के मजिस्ट्रेट के माध्यम से एक आवेदन पत्र देना चाहिए। जिसे जिला मजिस्ट्रेट अपनी अनुशंसा सहित भारतीय सैन्यअकादमी, देहरादून के कमांडेंट को अग्रेषित कर देगा जिसे जिला मजिस्ट्रेट अपनी अनुशंसा सहित भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के कमांडेंट को अग्रेषित कर देगा।

4. भारतीय सैन्यअकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को आने पर कमांडेंट के पास निम्नलिखित राशि जमा करनी होगी।

(क) प्रतिमाह रु. 200.00 के हिसाब से 5 महीने का जेब खर्च	1000.00 रु.
(ख) वस्त्र तथा उपस्कर की मदों के लिए	2750.00 रु.
योग	**3750.00 रु.**

उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता मंजूर हो जाने पर उपर्युक्त राशि में नीचे लिखी राशि वापस कर दी जाएगी।

@200.00 रु. प्रतिमाह के हिसाब से पांच महीने के जेब खर्च	1000.00 रुपए

5. **भारतीय सैन्य अकादमी में निम्नलिखित छात्रवृत्ति उपलब्ध हैं :**

(क) परशुराम भाऊ पटवर्धन छात्रवृत्ति**:** यह छात्रवृत्ति महाराष्ट्र तथा कर्नाटक के कैडटों को दी जाती है। छात्रवृत्ति की राशि अधिक से अधिक 500.00 रुपए प्रति वर्ष है जो कैडेटों को भारतीय सैन्य अकादमी में रहने की अवधि के दौरान दी जाती है बशर्ते कि उसकी प्रगति संतोषजनक हो। जिन उम्मीदवारों को यह छात्रवृत्ति मिलती है वे किसी अन्य सरकारी वित्तीय सहायता के हकदार न होंगे।

(ख) कर्नल कैंडिल फ्रैंक मेमोरियल छात्रवृत्ति: इस छात्रवृत्ति की राशि 360/- रुपए प्रति वर्ष है और यह किसी ऐसे पात्र मराठा कैडेट को दी जाती है जो किसी भूतपूर्व सैनिक का पुत्र है। यह छात्रवृत्ति सरकार से प्राप्त होने वाली किसी वित्तीय सहायता से अतिरिक्त होती है।

6. भारतीय सैन्य अकादमी के प्रत्येक कैडेट के लिए सामान्य शर्तों के अंतर्गत समय-समय पर लागू होने वाली दरों के अनुसार परिधान भत्ता अकादमी के कमांडेंट को सौंप दिया जाएगा। इस भत्ते की जो रकम खर्च होती वह :

(क) कैडेट को कमीशन दे दिए जाने पर दे दी जाएगी।

(ख) यदि कैडेट को कमीशन नहीं दिया गया तो भत्ते की यह रकम राज्य को वापिस कर दी जाएगी।

कमीशन प्रदान किए जाने पर इस भत्ते से खरीदे गए वस्त्र तथा अन्य आवश्यक चीजें कैडेट की व्यक्तिगत संपत्ति बन जाएगी। किंतु यदि प्रशिक्षणाधीन कैडेट त्याग पत्र देता है या कमीशन से पूर्व उसे निकाल दिया जाए या वापस बुला लिया जाए तो उपर्युक्त वस्तुओं को उससे वापस ले लिया जाएगा। इन वस्तुओं का सरकार के सर्वोत्तम हित को दृष्टिगत रखते हुए निपटान कर दिया जाएगा।

7. सामान्यतः किसी उम्मीदवार को प्रशिक्षण के दौरान त्याग पत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन प्रशिक्षण के दौरान त्याग पत्र देने वाले जेंटलमैन कैडेट को थल सेना मुख्यालय द्वारा उनका त्यागपत्र स्वीकार होने तक घर जाने की आज्ञा दी जा सकती है। उनके प्रस्थान से पूर्व उनके प्रशिक्षण, भोजन तथा संबद्ध सेवाओं पर होने वाले खर्च उनसे वसूल लिए जाएंगे। भारतीय सैन्य अकादमी में उम्मीदवारों को भर्ती किए जाने से पूर्व उन्हें व उनके माता–पिता/अभिभावक को इस आशय के एक बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने होंगे। जिस जेंटलमैन कैडेट को प्रशिक्षण का संपूर्ण कोर्स पूरा करने के योग्य नहीं समझा जाता उसे भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण की लागत का भुगतान करने के बाद, सरकार की अनुमति से प्रशिक्षण से हटाया जा सकता है। इन परिस्थितियों में सेना से आए उम्मीदवारों को उनकी यूनिट में वापस भेज दिया जाएगा।

8. कमीशन, प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक करने पर ही दिया जाएगा। कमीशन देने की तारीख प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने की तारीख से अगले दिन से शुरू होगी। यह कमीशन स्थायी होगा।

9. कमीशन देने के बाद उन्हें सेवा के नियमित अफसरों के समान वेतन और भत्ते, पेंशन और छुट्टी दी जाएगी तथा सेवा की अन्य शर्तें भी वही होंगी जो सेना के नियमित अफसरों पर समय-समय पर लागू होंगी।

10. **प्रशिक्षण:** भारतीय सैन्य अकादमी में आर्मी कैडेट को 'जेन्टलमैन कैडेट' का नाम दिया जाता है। उन्हें 18 मास के लिए कड़ा सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे इंफेंट्री के उप-यूनिटों का नेतृत्व करने के योग्य बन सकें। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत जेन्टलमैन कैडेटों को लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया जाता है बशर्ते कि एसएचएपीई में शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।

11. <u>सेना सामूहिक बीमा योजना</u>. जो लेडी/जेंटलमैन कैडेट वजीफा (स्टाइपेंड) प्राप्त कर रहे हों, उनका 75 लाख रु० के लिए बीमा किया जाता है। जिन लेडी/जेंटलमैन कैडेटों को अशक्तता निर्णायक चिकित्सा बोर्ड द्वारा विकलांगता के कारण अकादमी से बाहर कर दिया जाता है और वे पेंशन के हकदार नहीं होते हैं, उन मामलों में 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए 25 लाख रु० का बीमा किया जाएगा। इसे 20 प्रतिशत विकलांगता के लिए 5 लाख रु० तक आनुपातिक रूप से कम कर दिया जाता है। लेकिन, 20 प्रतिशत से कम विकलांगता के लिए 50,000/– रु० के अनुग्रह अनुदान का भुगतान किया जाएगा। शराब, नशे की लत तथा भर्ती से पहले हुए रोगों से उत्पन्न विकलांगता के लिए विकलांगता लाभ और अनुग्रह अनुदान देय नहीं होंगे। इसके साथ ही जिन लेडी/जेंटलमैन कैडेटों को अनुशासनिक आधार पर या अवांछित माने जाने के कारण बाहर निकाल दिया गया हो अथवा जिन्होंने स्वैच्छिक रूप से अकादमी छोड़ दी हो, वे भी विकलांगता और अनुग्रह अनुदान के लिए हकदार नहीं होंगे। नियमित सेना अफसरों पर यथा लागू सेना सामूहिक बीमा योजना के तहत सदस्य बनने के लिए जेंटलमैन कैडेटों को मासिक आधार पर अंशदान के रूप में 5,000/– रु० की दर से अग्रिम भुगतान करना होगा। निर्वासन अवधि के लिए अंशदान को वसूली भी इसी दर से की जाएगी।

12. किसी कैडेट (स्वयं) की चिकित्सा आधार पर अशक्तता/सैन्य प्रशिक्षण के कारण हुई/बढ़ी किसी समस्या के कारण कैडेट की मृत्यु की स्थिति में कैडेट (स्वयं)/निकट संबंधियों को निम्नलिखित आर्थिक लाभ देय होंगे :–

(क) <u>विकलांगता की स्थिति में</u>

(i) 9000/– रु प्रति माह की दर से मासिक अनुग्रह अनुदान।

(ii) विकलांगता की अवधि के दौरान 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए मिलने वाले अनुदान के

साथ ही 16200/– रु प्रति माह की दर से अनुग्रह विकलांगता अनुदान देय होगा जो विकलांगता 100 प्रतिशत से कम होने की स्थिति में यथानुपातिक रूप से कम कर दिया जाएगा। विकलांगता 20 प्रतिशत से कम होने की स्थिति में कोई विकलांगता लाभ नहीं दिया जाएगा।

(iii) अशक्तता निर्णायक चिकित्सा बोर्ड (आई एम बी) की सिफारिश पर 100 प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए 6750/– रु प्रति माह की दर से सतत परिचर भत्ता (सी ए ए) देय होगा।

(ख) <u>मृत्यु के मामले में</u>

(i) निकट संबंधी को 12.5 लाख रु की अनुग्रह अनुदान राशि।

(ii) निकट संबंधी को 9000/– रु प्रति माह की अनुग्रह अनुदान राशि।

(ग) कैडेटों (स्वयं)/निकट संबंधियों को अनुग्रह अनुदान देने की मंजूरी केवल अनुग्रह आधार पर की जाएगी और इसे किसी भी उद्देश्य से पेंशन नहीं माना जाएगा। फिर भी, लागू दरों पर मासिक अनुग्रह तथा अनुग्रह विकलांगता अनुदान पर भी महंगाई राहत प्रदान की जाएगी (प्राधिकारः भारत सरकार/रक्षा मंत्रालय के पत्र सं० 17(02)/2016–डी (पेंशन/ नीति) दिनांक 04 सितंबर 2017 के पैरा 11 व 12 के तहत यथा संशोधित भारत सरकार का पत्र सं० 17(01)/2017(01)डी(पेंशन/नीति) दिनांक 04 सितंबर 2017)।

13. सेवा की शर्तें :

(क) तैनाती : थलसेना अधिकारी को भारत में या विदेश में कहीं भी तैनात किए जा सकते हैं।

(ख) पदोन्नति

स्थायी पदोन्नति . उच्चतर रैंकों पर स्थायी पदोन्नति के लिए निम्नलिखित सेवा सीमाएं हैं :

समयमान द्वारा:

लेफ्टिनेंट	(प्रशिक्षण पूर्ण होने पर)
कैप्टन	2 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
मेजर	6 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
लेफ्टिनेंट कर्नल	13 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
कर्नल (टीएस)	26 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा

चयन द्वारा पदोन्नति के लिए विचार किए जाने हेतु अर्हक सेवा निम्नानुसार है :

ब्रिगेडियर	23 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
मेजर जनरल	25 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
लेफ्टिनेंट जनरल	28 वर्षों की गणनीय कमीशन प्राप्त सेवा
जनरल	कोई प्रतिबंध नहीं

(ख) **भारतीय नौसेना अकादमी, इझीमाला, केरल में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए**

(1) **भारतीय नौसेना अकादमी में प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, स्नातक कैडेट विशेष प्रवेश योजना (जीएसईएस)** कोर्स के अंतर्गत कैडेट के रूप में की जाएगी। कैडेटों का चयन, सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएसई) में उनके अर्हक होने के उपरांत एसएसबी साक्षात्कार तथा चिकित्सा जांच के आधार पर किया जाएगा। मेधावी उम्मीदवार जो चिकित्सकीय रूप में उपयुक्त हैं, को योग्यता सूची के क्रम में, 26 रिक्तियों के प्रति नियुक्त किया जाएगा। इन 26 रिक्तियों में से 06 रिक्तियोंए एनसीसी विशेष प्रवेश योजना के अंतर्गत नौसेना एनसीसी

'सी' प्रमाण पत्र धारक उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

(2) **राष्ट्रीय कैडेट कोर में से उम्मीदवारों का चयन** एनसीसी विशेष प्रवेश योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए पात्रता, आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यताएं, निम्नलिखित को छोड़कर वही होंगी, जो जी एस ई एस उम्मीदवारों के मामले में हैं:-

(क) एनसीसी कैडेट ने राष्ट्रीय कैडेट कोर की नौसेना विंग के सीनियर डिवीजन में न्यूनतम तीन शैक्षणिक वर्षों के लिए सेवा अवश्य की हो और उसके पास प्रमाण पत्र 'सी' (नौसेना) अवश्य हो। वे उम्मीदवार भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जिन्होंने प्रमाण पत्र 'सी' परीक्षा दी है, अथवा देने के इच्छुक हैं। परन्तु, ऐसे उम्मीदवारों का अंतिम चयन, कोर्स प्रारंभ होने से पहले उनके द्वारा उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त पर होगा।

(ख) एनसीसी कैडेट के पास उसके विश्वविद्यालय अथवा उसके कालेज के प्राचार्य द्वारा जारी उत्तम आचरण तथा चरित्र संबंधी प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(ग) एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय कैडेट कोर की नौसेना विंग का सीनियर डिवीजन छोड़ने के बारह महीनों के उपरांत आवेदन करने के पात्र नहीं रहेंगे।

(घ) आवेदन करने के लिए कैडेट, अपने आवेदन पत्र अपने कमान अधिकारी, एनसीसी यूनिट, नौसेना विंग के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कमान अधिकारी, इन आवेदन पत्रों को संबंधित सर्किल कमांडर के माध्यम से एनसीसी निदेशालय, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को अग्रेषित करेंगे। एनसीसी निदेशालय, इन आवेदन पत्रों को नौसेना प्रमुख को अग्रेषित करेंगे। ये आवेदन, निर्धारित प्रपत्र में जमा किए जाएंगे। ये प्रपत्र सभी एनसीसी इकाइयों में उपलब्ध होंगे।

(ड) प्रथम दृष्ट्या उपयुक्त पाए जाने वाले उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार तथा अन्य परीक्षणों के लिए उपस्थित होना होगा।

(च) अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड की प्रक्रिया में कम से कम न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे। इस शर्त तथा उम्मीदवारों के चिकित्सकीय रूप से फिट होने की शर्त के अध्यधीन, सफल उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा तथा सेवा चयन बोर्ड में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। अंतिम चयन, योग्यता क्रम के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार किया जाएगा।

(3) अकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार नौसेना की कार्यकारी शाखा में कैंडेट्स के रूप में नियुक्त किए जाएंगे। 35000/- रु. की राशि उनके द्वारा दी जाएगी और बैंक एकाउंट में जमा की जाएगी जिसे वे आने पर भारतीय स्टेट बैंक, इझीमाला शाखा में खुलवाएंगे। क्योंकि यह बड़ी राशि है, यह सलाह दी जाती है कि वे स्वयं का देय डिमांड ड्राफ्ट लाएं। जमा की गई राशि निम्नलिखित व्यय के लिए उपयोग में लाई जाएगी:

(क) पाकेट/निजी व्यय	5000/- रु. @ 1000 रु. प्रतिमाह की दर से
(ख) धुलाई, सिविलियन बियरर, सिनेमा, बाल कटाई और अन्य विविध सेवाएं	4,250/- रु. @ 850 रु. प्रतिमाह की दर से
(ग) अकादमी ब्लेजर, अकादमी टाई, अकादमी मुफ्ती, अकादमी खेल के कपड़े, जोगिंग शूज, जंगल बूट्स, स्विमिंग ट्रैक/सूट और बस्ता की स्टिचिंग/खरीद पर व्यय	20,000/- रु.
(घ) अवधि के अंत में वापसी यात्रा, नौ सेना ओरियंटेशन पाठ्यक्रम की समाप्ति पर अवकाश ड्यूटी स्टेशन/होम स्टेशन पर जाने के लिए यात्रा व्यय	2,000/- रु.

(ङ) **बीमा :** जी एस ई एस कैडेटों को छह माह की अवधि के लिए रू. 20,00,000/.(बीस लाख रूपये केवल) के बीमा कवर के लिए रू. 2303/. की एक बारगी गैर–वापसी राशि अदा करनी होगी। यदि उन्हें निर्वासित किया जाता है तो उनकी विकलांगता कवर राशि और योगदान गैर–जी एस ई एस कैडेटों के बराबर होगा। (एन जीआई एफ पत्र संख्या बी ए/जीआई एस/215 दिनांक 06 नवंबर 2018)

(4) **प्रशिक्षण** चयनित उम्मीदवारों को भारतीय नौसेना अकादमी में प्रवेश के बाद कैडेट के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

आरंभिक प्रशिक्षण, जिसका विवरण निम्नानुसार है, पूरा होने तक उम्मीदवार, परिवीक्षाधीन रहेंगे:-

(क)	आईएनए, इझीमला का नौसेना अभिविन्यास पाठ्यक्रम	44 सप्ताह
(ख)	प्रशिक्षण पोत पर अधिकारी समुद्री प्रशिक्षण	06 माह
(ग)	सब-लेफ्टिनेंट एफ्लोट प्रशिक्षण	06 माह
(घ)	सब-लेफ्टिनेंट (तकनीकी पाठ्यक्रम) प्रदान किए जाने हेतु एफ्लोट अटैचमेंट	33 सप्ताह
(ङ)	संपूर्ण नौसेना अभिरक्षा **प्रमाण**-पत्र	06-09 माह

(5) **नियुक्ति तथा अन्य हितलाभ :** लगभग 18 माह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत, कैडेटों, को सब-लेफ्टिनेंट के रैंक में नियुक्त किया जाएगा। कैरियर की संभावनाएं, अवकाश हितलाभ, अवकाश तथा यात्रा रियायत, पेंशन/सेवानिवृत्ति हितलाभ तथा नौसेना में अधिकारियों को प्रदत्त ऐसी समस्त अनुलब्धियां तथा विशेष सुविधाएं उसी प्रकार की होंगी, जो दो अन्य सेनाओं द्वारा प्रदान की जा रही हैं।

(6) भारतीय नौसेना अकादमी के कैडेटों के आवास एवं संबद्ध सेवाओं, पुस्तकों, वर्दी, भोजन और चिकित्सा उपचार सहित प्रशिक्षण लागत का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा। तथापि, तब तक वे कैडेट रहते हैं, उनके पॉकेट तथा अन्य निजी खर्चों का भार उसके माता-पिता अथवा संरक्षक उठाएगें। यदि कैडेट के माता-पिता/अभिभावकों की मासिक आय 1500 रु. से कम हो और वह कैडेट का जेब खर्च पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से पूरा न कर सकते हों तो सरकार कैडेट के लिए 140 रु. प्रतिमाह वित्तीय सहायता स्वीकार कर सकती है। वित्तीय सहायता लेने के इच्छुक उम्मीदवार अपने चुने जाने के बाद शीघ्र ही अपने जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से आवेदन पत्र दे सकता है। जिला मजिस्ट्रेट इस आवेदन पत्र को अपनी अनुशंसा के साथ प्रधान निदेशक, मानव संसाधन एवं भर्ती, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली-110011 के पास भेज देगा।

टिप्पणी : यदि किसी सूचना की आवश्यकता हो तो वह मानव संसाधन एवं भर्ती निदेशालय, नौसेना मुख्यालय नई दिल्ली-110011 से प्राप्त की जा सकती है।

(ग) **वायु सेना अकादमी में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए :**

1. एफ (पी) कोर्स में तीन प्रकार से प्रवेश लिया जा सकता है यानि सी डी एस ई/एन सी सी विशेष प्रविष्टि/ए एफ सी ए टी (AFCAT) जो उम्मीदवार एक से अधिक माध्यमों से वायु सेना के लिए आवेदन करते हैं उनकी प्रविष्टि की किस्म के अनुसार वायु सेना चयन बोर्ड के समक्ष उनकी परीक्षा/साक्षात्कार लिया जाएगा। कम्प्यूटर पायलट चयन प्रणाली (सी पी एस एस) में फेल होने वाले समान उम्मीदवारों की भारतीय वायु सेना में उड़ान शाखा के लिए परीक्षा नहीं ली जा सकती।

2. प्रशिक्षण पर भेजना : वायु सेना चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित और उपयुक्त चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा शारीरिक रूप से स्वस्थ पाए जाने वाले उम्मीदवारों को वरीयता तथा उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। डाइरेक्ट एंट्री उम्मीदवारों की वरीयता सूची संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार की जाती है और एनसीसी उम्मीदवारों की वरीयता सूची अलग से तैयार की जाती है। डायरेक्ट एंट्री उड़ान (पायलट) उम्मीदवारों की वरीयता सूची सं.लो.से.आ. द्वारा लिखित परीक्षण में उम्मीदवारों के प्राप्तांकों तथा वायु सेना चयन बोर्ड में प्राप्त अंकों को जोड़कर तैयार

की जाती है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के उम्मीदवारों की वरीयता सूची उनके द्वारा वायु सेना चयन बोर्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाती है।

3. प्रशिक्षण: वायु सेना अकादमी में उड़ानशाखा (पायलट) के लिए प्रशिक्षण की अवधि लगभग 74 सप्ताह होगी।

उड़ान प्रशिक्षण के दौरान बीमा सुरक्षा (दरें परिशोधन के अधीन हैं)

वायु सेना ग्रुप बीमा सोसाइटी दुर्घटना की स्थिति में उस फ्लाइट कैडेट के निकटतम संबंधी को रु. 800/- प्रतिमाह के मासिक अंशदान के लिए 1,00,000/- रुपए अनुग्रह राशि के रूप में अदा करेगी जो सिविल क्षेत्र से आया हो और उड़ान प्रशिक्षण पा रहा हो। उड़ान प्रशिक्षण पा रहा कोई फ्लाइट कैडेट यदि स्वास्थ्य की दृष्टि से अक्षम हो जाता है और प्रशिक्षण मुक्त कर दिया जाता है तो उसे शत-प्रतिशत अक्षमता के लिए 20,000/- रुपए अनुग्रह राशि के रूप में अदा किए जायेंगे तथा यह राशि इस अनुपात में घटकर 20% रह जाती है।

प्रशिक्षण के दौरान कैडेट रु. 21,000/- प्रतिमाह (रु. 15600/- पे बैंड में और रु. 5400/- ग्रेड पे) की नियत वृत्तिका प्राप्त करने के अधिकारी हैं। "सफलतापूर्वक प्रशिक्षण समाप्त करने के पश्चात दी जाने वाली वृत्तिका को सभी प्रयोजनों के लिए वेतन में परिवर्तित कर दिया जाएगा। तथापि, प्रशिक्षण की अवधि को कमीशंड सेवा नहीं माना जाएगा।"

सरकार द्वारा फ्लाइट कैडेट को एक बार वेतन तथा भत्ते स्वीकृत कर लिए जाने पर मृत्यु सुरक्षा 50,000/- रुपए होगी और शत-प्रतिशत अक्षमता सुरक्षा 25000/- रुपए होगी। वायु सेना ग्रुप बीमा सोसाइटी द्वारा एक सुरक्षा उड़ान प्रशिक्षण पा रहे प्रत्येक फ्लाइट कैडेट द्वारा 76/- रुपए के मासिक अप्रतिदेय अंशदान के भुगतान करने पर दी जाएगी जिसके लिए सदस्यता अनिवार्य होगी।

वित्तीय सहायता पर लागू होने वाली शर्तें :

(क) यद्यपि आवास, पुस्तक, वर्दी, ठहराने और चिकित्सा उपचार सहित, प्रशिक्षण का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा तो भी उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि वे अपना जेब खर्च स्वयं वहन करें। वायु सेना अकादमी में प्रतिमास कम से कम 14,000/- रुपए (परिशोधन के अधीन) से अधिक खर्च होने की संभावना नहीं है। यदि किसी कैडेट के अभिभावक या संरक्षक उस खर्च को भी पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से वहन करने में असमर्थ हैं तो उसे सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है। जिस कैडेट के अभिभावक या संरक्षक की मासिक आय 750/- रुपए या इससे अधिक है वह वित्तीय सहायता पाने का हकदार नहीं है। वित्तीय सहायता के पात्रता निर्धारित करने के लिए अचल संपत्ति तथा अन्य परिलब्धियां और सभी स्रोतों से होने वाली आय को भी ध्यान में रखा जाता है। वित्तीय सहायता प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवार के अभिभावक/संरक्षक को अपने पुत्र/बच्चे के वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण हेतु अंतिम रूप से चुन लिए जाने के तुरंत बाद अपना आवेदन अपने जिले के जिलाधीश के माध्यम से प्रस्तुत कर देना चाहिए। जिलाधीश उस आवेदन को अपनी अनुशंसा सहित कमांडेंट, उड़ान पूर्व प्रशिक्षण कोर्स, बेगमपेट को अग्रेषित कर देगा।

(ख) वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण हेतु अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवार को आने पर निम्नलिखित रकम (परिशोधन अधीन) कमांडेंट के पास जमा करनी है।

(i)	140 रूपए प्रतिमाह की दर से 6 माह के लिए जेब भत्ता	840 रूपए
(ii)	वस्त्र और उपकरणों मदों के लिए	1500 रूपए
	योग	2340 रूपए

उपर्युक्त रकम में से निम्नलिखित रकम कैडेट को वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने की स्थिति में वापस देय है:-

140 रूपए प्रतिमाह की दर से 6 माह के लिए पॉकेट भत्ता	840 रूपए

4. भविष्य में पदोन्नति की संभावनाएं :

प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार फ्लाइंग अफसर के रैंक पर पास आउट होते हैं तथा रैंक के वेतनमान तथा भत्तों के हकदार हो जाते हैं। प्लाईट लेफ्टिनेंट, स्क्वाड्रन लीडर, विंग कमांडर तथा ग्रुप कैप्टन के पदों पर समयबद्ध पदोन्नति उड़ान (पाइलट) शाखा की क्रमश: 02 वर्ष, 06 वर्ष, 13 वर्ष तथा 26 वर्ष की सफलतापूर्वक सेवा पूरी करने पर दी जाती है। ग्रुप कैप्टन और उच्चतर पदों में पदोन्नति सिर्फ चयन के आधार पर की जाती है। उदयमान अधिकारियों के लिए एयर कोमोडोर, एयर वाइस मार्शल तथा एयर मार्शल के पद पर पदोन्नति के अच्छे अवसर होते है।

5. छुट्टी और अवकाश यात्रा रियायत :

वार्षिक अवकाश वर्ष में 60 दिन

आकस्मिक अवकाश वर्ष में 20 दिन।

एक बार में अधिकारी पूरी सेवा अवधि के दौरान कुल 60 दिन तक की यात्रा में होने वाले प्रासंगिक व्यय की पूर्ति हेतु अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के साथ 10 दिनों तक के वार्षिक अवकाश के लिए नकद भुगतान प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत है।

जब भी कोई अधिकारी अपनी सेवा के दूसरे वर्ष में पहली बार वार्षिक/ आकस्मिक अवकाश लेता है, तो वह अपने कार्य करने के स्थान (यूनिट) से गृह नगर तक और वापस अपने कार्य करने के स्थान तक आने के लिए नि:शुल्क वाहन भत्ता पाने का हकदार होगा चाहे उसके अवकाश की अवधि कुछ भी क्यों न हो, और तत्पश्चात प्रत्येक दूसरे वर्ष बिना किसी दूरी पर प्रतिबंध के गृह नगर के बदले में भारत में किसी भी स्थान के लिए या चयन किए गए निवास स्थान के लिए।

इसके अतिरिक्त उड़ान शाखा के अधिकारियों को, जो प्राधिकृत स्थापना में रिक्तियों को भरने के लिए नियमित उड़ान ड्यूटी पर तैनात होते हैं, अवकाश लेने पर वर्ष में एक बार वारंट पर आने और जाने दोनों ओर की 1600 किलोमीटर की यात्रा तय करने के लिए रेल द्वारा उपर्युक्त क्लास में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा होगी।

जो अधिकारी छुट्टी लेकर अपने खर्च से यात्रा करने के इच्छुक हैं वे कैलेंडर वर्ष में 6 एक तरफा यात्रा फार्म 'डी' पर पत्नी तथा बच्चों के साथ पात्र श्रेणी अथवा निम्न श्रेणी द्वारा यात्रा के किराए का 60 प्रतिशत भुगतान करके यात्रा करने के हकदार होंगे। इसमें दो उक्त फार्म 'डी' पूरे परिवार के साथ यात्रा की सुविधा दी जाएगी। परिवार में पत्नी तथा बच्चों के अलावा अधिकारी पर पूर्णतया आश्रित माता-पिता, बहन और नाबालिग भाई शामिल होंगे।

6. **अन्य सुविधाएं :** अधिकारी गण तथा उनके परिवार के सदस्य नि:शुल्क चिकित्सा सहायता, रियायती किराए पर आवास, ग्रुप बीमा योजना, ग्रुप-आवास योजना, परिवार सहायता योजना, कैंटीन सुविधाएं आदि के हकदार हैं।

(घ) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए:

1. इससे पूर्व कि उम्मीदवार अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई जायें:

(क) उसे उस आशय के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे कि वह भली-भांति समझता है कि उसे या उसके वैध वारिसों को सरकार से मुआवजा या अन्य किसी सहायता के दावे का कोई हक नहीं होगा, यदि उसे प्रशिक्षण के दौरान कोई चोट या शारीरिक दुर्बलता हो जाए या मृत्यु हो जाए या उपर्युक्त कारणों से चोट लगने पर किए गए ऑपरेशन या ऑपरेशन के दौरान मूर्छित करने की औषधि के प्रयोग के फलस्वरूप ऐसा हो जाए।

(ख) उसके माता-पिता या अभिभावक को एक बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने होंगे कि किसी कारण से जो उसके नियंत्रण के अधीन मान लिया जाए यदि उम्मीदवार कोर्स पूरा करने के पूर्व वापस जाना चाहे या यदि दिए जाने पर कमीशन स्वीकार न करे या अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए शादी कर ले तो शिक्षा, खाना,

वस्त्र और वेतन तथा भत्ते जो उसने प्राप्त किए हैं, उनकी लागत या उनका वह अंश जो सरकार निश्चित करे, चुकाने के जिम्मेदार होंगे।

2. जो उम्मीदवार अंतिम रूप से चुने जाएंगे उन्हें अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में लगभग 49 सप्ताह का प्रशिक्षण कोर्स पूरा करना होगा। उन उम्मीदवारों को जैंटलमैन/महिला कैडेट के रूप में नामांकित किया जाएगा। सामान्य अनुशासन की दृष्टि से जैंटलमैन कैडेट अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में नियमों तथा विनियमों के अंतर्गत रहेंगे।

3. प्रशिक्षण की लागत जिसमें आवास, पुस्तकें, वर्दी व भोजन त था चिकित्सा सुविधा, शामिल है सरकार वहन करेगी और उम्मीदवारों को अपना जेब खर्च स्वयं वहन करना होगा।

कमीशन पूर्व प्रशिक्षण के दौरान न्यूनतम रु. 200/- प्रतिमास से अधिक खर्च होने की संभावना नहीं है, किन्तु यदि उम्मीदवार कोई फोटोग्राफी, सैर-सपाटा इत्यादि का शौक रखता हो तो उसे अतिरिक्त धन की आवश्यकता होगी। यदि कोई कैडेट यह न्यूनतम व्यय भी पूर्ण या आंशिक रूप से वहन नहीं कर सके तो उसे समय-समय पर परिवर्तनीय दरों पर इस हेतु वित्तीय सहायता दी जा सकती है। बशर्ते कि कैडेट और उसके माता-पिता/अभिभावक की आय 1500/- रु. प्रतिमास से कम हो। जो उम्मीदवार वित्तीय सहायता प्राप्त करने का इच्छुक है उसे प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चुने जाने के बाद निर्धारित प्रपत्र पर एक आवेदन पत्र जिले के जिला मजिस्ट्रेट को भेजना होगा जो अपनी सत्यापन रिपोर्ट के साथ आवेदन पत्र को कमांडेंट, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई को भेज देगा।

4. अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में अंतिम रूप से प्रशिक्षण के लिए चुने गए उम्मीदवारों को वहां पहुंचने पर कमांडेंट के पास निम्नलिखित धनराशि जमा करनी होगी:-

	(क)	1000/- रु. प्रतिमाह की दर से तीन महीने के लिए जेब खर्च भत्ता		3,000/- रु.
	(ख)	वस्त्र तथा उपकरणों की मदों के लिए		5,000/- रु.
	(ग)	2 माह के लिए समूह बीमा राशि (एजीआईएफ)		10,000/- रु.
		कुल		**18,000/- रु.**

यदि कैडटों की वित्तीय सहायता स्वीकृत हो जाती है तो उपर्युक्त राशि में से (ख) के सामने दी गई राशि वापस कर दी जाएगी।

5. समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अंतर्गत परिधान भत्ता मिलेगा। कमीशन मिल जाने पर इस भत्ते से खरीदे गए वस्त्र तथा अन्य आवश्यक चीजें कैडेट की व्यक्तिगत संपत्ति बन जाएगी। यदि कैडेट प्रशिक्षणाधीन अवधि में त्याग-पत्र दे दे या उसे निकाल दिया जाए या कमीशन से पूर्व वापस बुला लिया जाए तो इन वस्तुओं को उससे वापिस ले लिया जाएगा। इन वस्तुओं को सरकार के सर्वोत्तम हित को दृष्टि**गत** रखते हुए निपटान कर दिया जाएगा।

6. सामान्यत: किसी उम्मीदवार को प्रशिक्षण के दौरान त्याग-पत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन प्रशिक्षण प्रारंभ होने के बाद त्याग-पत्र देने वाले जैंटलमैन/महिला कैडेट का थल सेना मुख्यालय द्वारा त्याग-पत्र स्वीकार होने तक घर जाने की आज्ञा दी जा सकती है। प्रस्थान से पूर्व प्रशिक्षण,भोजन तथा संबद्ध सेवाओं पर होने वाले खर्च उनसे वसूल किया जाएगा। अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से उम्मीदवारों को भर्ती किए जाने से पूर्व उन्हें तथा उनके माता-पिता/अभिभावक को इस आशय का एक बांड भरना होगा।

7. अफसर प्रशिक्षण अकादमी में प्रवेश लेने के बाद, कैडेटों को प्रशिक्षण के केवल पहले सत्र में सिविल सेंट्रल जॉब साक्षात्कार/सेवा चयन बोर्ड के लिए आवेदन करने व जाने की अनुमति होगी। किन्तु, उन जेंटलमैन कैडेटों से, जो चयन हो जाने के बाद भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में अथवा नौ सेना और वायु सेना में **सदृश** कैडेट प्रशिक्षण संगठनों में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण लेने के लिए अफसर प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई से त्याग पत्र देंगे, उनसे मेस क खर्च सहित प्रशिक्षण का कोई खर्च वसूल नहीं किया जाएगा।

8. जिस जैंटलमैन/महिला कैडेट को प्रशिक्षण का संपूर्ण कोर्स करने के योग्य नहीं समझा जाएगा उसे भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई प्रशिक्षण अवधि की लागत अदा करने के बाद सरकार की अनुमति से प्रशिक्षण से हटाया जा सकता है। इन परिस्थितियों में सैनिक उम्मीदवारों को उनकी रेजिमेंट कोर में वापिस भेज दिया जाएगा।

9. **प्रशिक्षण :** चुने गए उम्मीदवारों को जैंटलमैन/महिला कैडेटों के रूप में नामांकित किया जाएगा तथा वे अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में लगभग 49 सप्ताह तक प्रशिक्षण कोर्स पूरा करेंगे। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक करने के उपरांत जैंटलमैन /महिला कैडेटों को प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा करने की तारीख से लेफ्टिनेंट के पद पर अल्पकालिक सेवा कमीशन प्रदान किया जाता है। अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी कैडेटों को मद्रास विश्वविद्यालय रक्षा प्रबंधन और सामरिक अध्ययन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान करेगा। अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से अनुशासनिक कार्रवाई के आधार पर वापस किए जाने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

10. **सेवा की शर्तें :**

(क) **परिवीक्षा की अवधि:** कमीशन प्राप्त करने की तारीख से अधिकारी 6 मास की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेगा। यदि उसे परिवीक्षा की अवधि के दौरान कमीशन धारण करने के अनुपयुक्त पाया गया तो उसकी परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने से पूर्व या उसके बाद किसी भी समय उसका कमीशन समाप्त किया जा सकता है।

(ग) **तैनाती:**अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त करने पर समय-समय पर आई.एच.क्यू./एम.ओ.डी. द्वारा यथा निर्धारित चुनिंदा नियुक्ति पर उन्हें भारत या विदेश में कहीं भी नौकरी पर तैनात किया जा सकता है।

(x) **<u>नियुक्ति की अवधि</u>:**

अल्पकालिक सेवा **कमीशन** पुरूष एवं महिला को नियमित थल सेना में 14 **वर्ष** की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा अर्थात प्रारंभ में 10 वर्ष जो 4 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया जाएगा। **पुरुष** एवं महिला अधिकारी जो 10 वर्ष के अल्पकालिक सेवा **कमीशन** की अवधि के बाद सेना में सेवा करने के इच्छुक होगें, यदि हर प्रकार से पात्र तथा उपयुक्त पाए गए तो समय–समय पर जारी संबंधित नियमों के अनुसार उनके अल्पकालिक सेवा **कमीशन** के दसवें **वर्ष** में उनको स्थायी **कमीशन** प्रदान किए जाने पर विचार किया जायेगा।

वे अल्पकालिक **कमीशन** प्राप्त अधिकारी (**पुरुष** एवं महिला) जिनका स्थायी **कमीशन** प्रदान करने के लिए चयन नहीं हुआ है लेकिन वे अन्यथा योग्य एवं उपयुक्त माने जाते हैं, उन्हें 14 **वर्षो** की कुल अवधि के लिए (10 **वर्ष** की प्रारंभिक अवधि सहित) अल्पकालिक **कमीशन** प्राप्त अधिकारी के रूप में बने रहने का विकल्प दिया जाएगा। इस अवधि की समाप्ति पर उन्हें सेवा निर्मुक्त किया जाएगा।

(घ) **सेवा का पांचवां वर्ष पूरा होने पर अल्पकालिक कमीशन प्रदान करने हेतु विशेष प्रावधान :**वे अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त (गैर-तकनीकी) पुरुष व महिला अधिकारी जिन्होंने डिग्री इंजीनियरी कोर्स अथवा इसी प्रकार का कोई अन्य विशेषज्ञ कोर्स नहीं किया हो अथवा न ही कर रहे हों, जो पांच वर्ष पूरा होने पर सेवा छोड़ना चाहते हैं उन्हें सेवा के 5वें वर्ष में सेना मुख्यालय को सेवा छोड़ने हेतु आवेदन करना होगा। तत्पश्चात सेना मुख्यालय योग्यता के आधार पर आवेदन पत्रों पर विचार करेगा और इस संबंध में सेना मुख्यालय का निर्णय अंतिम तथा अपरिवर्तनीय होगा। अनुमोदन उपरांत इन अधिकारियों को सेवा के पांच वर्ष पूरा होने पर सेवा मुक्त कर दिया जाएगा। लेकिन वे अल्प सेवा कमीशन प्राप्त (गैर-तकनीकी) पुरुष व महिला अधिकारी, जो डिग्री इंजीनियरींग कोर्स या ऐसा ही कोई अन्य विशेषज्ञ कोर्स कर रहे हैं, वे 14 वर्ष की पूरी अवधि समाप्त होने के पहले तब तक कमीशन नहीं छोड़ सकते जब तक कि उनसे ऐसे कोर्स करने की यथा निर्धारित लागत वसूल नहीं कर ली जाती। विमान चालकों के लिए प्रतिरोधक विमानन कोर्स अनिवार्य है, जो अल्पकालिक सेवा अधिकारियों के लिए विशेषज्ञ कोर्स है। उन्हें डिग्री इंजीनियरींग कोर्स या ऐसे अन्य विशेषज्ञ कोर्सों के लिए नामांकित होने पर इस आशय का एक बॉण्ड भरना होगा। अनुदेशो के विभिन्न पाठयक्रमों के लिए लागू सभी अनुदेशों के अलावा, निम्नलिखित प्रतिबंध, अनिवार्य पाठयक्रम को छोड़कर, सभी पाठयक्रमों के लिए सभी एसएससी अधिकारियों पर लागू होंगे :–

(i) सेना विमानन कोर अधिकारियों को छोड़कर सभी एसएससी अधिकारियों (पुरुष और महिला) को 'विशिष्ट/अन्य श्रेणी' पाठयक्रम में, अध्ययन करने से पहले एक वचन देना होगा कि वे कोर्स समाप्ति के बाद न्यूनतम पांच वर्ष तक सेवा करने के लिए वचनबद्ध होंगे।

(ii) सेना विमानन कोर के सभी एसएससीओ (पुरुष और महिला) कोर्स शुरू करने से पहले एक वचन देंगे :–

(**कक**) वे पाठयक्रम की समाप्ति से परे न्यूनतम 12 वर्ष तक सेवा देने के लिए वचनबद्ध होंगे।

(कख) वे विशेष पाठयक्रम के लिए वचन देते समय च्ब के साथ–साथ एक्सटेंषन लेने के लिए बाध्य होंगे।

(ड) **बढ़ाई गई अवधि के लिए विशेष प्रावधान** : बढ़ाई गई अवधि के दौरान उन्हें निम्नलिखित आधारों पर सेना से सेवामुक्त होने की अनुमति दी जाएगी :

(i) सिविल पद प्राप्त करने पर

(ii) उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर

(iii) अपना व्यवसाय आरंभ करने पर/फैमिली व्यवसाय अपनाने पर

(च) **स्थायी पदोन्नति :** अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी तथा इन नियमों के तहत अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त महिला अधिकारी निम्न प्रकार से स्थायी पदोन्नति के पात्र होंगे:-

(i) दो वर्ष की संगणित कमीशन सेवा अवधि पूरी होने पर कैप्टन के रैंक में।

(ii) छ: वर्ष की संगणित कमीशन सेवा अवधि पूरी होने पर मेजर के रैंक में।

(iii) तेरह वर्ष की संगणित कमीशन सेवा अवधि पूरी होने पर लेफ्टिनेंट कर्नल के रैंक में।

(छ) **अनिवार्य शर्तें :**स्थायी कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए निर्धारित उपर्युक्त वास्तविक रैंक प्रदान करने हेतु अनिवार्य शर्तें तथा साथ ही स्थायी कमीशन प्राप्त अधिकारियों को यथा स्वीकार्य पदोन्नति परीक्षा भाग ख तथा घ हेतु पात्रता, समय सीमा और शास्तियां अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त पुरुष अधिकारियों तथा अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त महिलाओं पर भी लागू होंगी।

(ज) **वरिष्ठता का समायोजन** : एस॰एस॰सी॰ पुरुष तथा महिला अधिकारियों और साथ ही स्थायी कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए अल्पावधि प्रशिक्षण को समायोजित करने के लिए एस॰एस॰सी॰ पुरुष व महिला अधिकारियों की वरिष्ठता के लिये, विचाराधीन एस॰एस॰सी॰ कोर्स तथा इसके समतुल्य स्थायी कमीशन कोर्स की प्रशिक्षण अवधि के बीच के अंतर की सदृश (कोरेसपौंडिंग) अवधि द्वारा कम कर दिया जाएगा। इस वरिष्ठता के समायोजन को कैप्टन का पहला वास्तविक रैंक प्रदान करते समय ध्यान में रखा जाएगा। संशोधित, वरिष्ठता क्रम से कैप्टन, मेजर तथा लेफ्टिनेंट कर्नल के रैंक में दिए जाने वाले वेतन और भत्ते प्रभावित नहीं होंगे।

(झ) **गणना योग्य (रेकनेबल) कमीशन सेवा :** उपर्युक्त पैरा 10(ज) के अंतर्गत किए गए प्रावधानों के अधीन, इस आदेश के प्रयोजनार्थ, गणना योग्य कमीशन सेवा अवधि की गिनती, किसी अधिकारी को अल्पकालीन सेवा कमीशन प्रदान करने की तिथि से की जाएगी। कोर्ट मार्शल अथवा सेना अधिनियम के अंतर्गत किसी दंड के कारण सेवाकाल में से घटाई गई अवधि और बिना अवकाश वाली अनुपस्थिति की अवधि, गणना योग्य नहीं होगी। फर्लो दर पर प्राप्त वेतन वाली अवधि और वह अवधि गणना योग्य होगी, जो युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) के मामले में लागू वेतन दर पर युद्धबंदी के रूप में बिताई गई हो। वेतन रहित अवकाश प्रदान किए जाने के परिणामस्वरूप किसी अधिकारी के मामले में सेवा अवधि घटा दिए जाने के कारण उसकी पदोन्नति के प्रयोजनार्थ आवश्यक सेवा अवधि के कम पड़ने की स्थिति में भी घटाई गई उक्त अवधि को गणना योग्य माना जाएगा। हालांकि, ऐसे अधिकारी, उक्त अवधि को गणना में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप प्रदान किए गए मूल उच्चतर रैंक का वेतन और भत्ते पाने के हकदार उस तारीख से होंगे, जिस तारीख से उन्हें अर्हक सेवा अवधि के आधार पर पदोन्नति प्रदान की गई होती यदि उक्त अवधि को गणना में शामिल नहीं किया गया होता, न कि उस

तारीख से, जिस तारीख से उन्हें मूल रैंक प्रदान किया गया है।

(ञ) **अवकाश:** समय-समय पर यथासंशोधित, सेवा अवकाश नियमावली खंड-I सेना, के अनुसार अवकाश देय होंगे।

छुट्टी के संबंध में ये अधिकारी अल्पकालिक सेवा कमीशन अधिकारियों के लिए लागू नियमों से शासित होंगे जो सेना अवकाश नियमावली खंड-I थल सेना के अध्याय चार में उल्लेखित हैं, वे अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के पासिंग आउट करने पर तथा ड्यूटी ग्रहण करने से पूर्व नियम 69 में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार शासित होंगे।

एस एस सी महिला अफसर भी निम्नलिखित प्रकार की छुट्टी के लिए हकदार होंगी:–

(i) मातृत्व अवकाश. सेना की महिला अधिकारी पर सेना खंड–1 – सेना, चौथे संस्करण के अध्याय–4 के नियम 56 में दिए गए छुट्टी संबंधी नियम लागू होंगे।

(ii) **शिशु देखभाल अवकाश (चाइल्ड केयर लीव)**. सेना की महिला अफसरां पर छुट्टी संबंधी नियम खण्ड–1– सेना, संस्करण–4 के नियम 56ए, यथा संशोधित भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के पत्र सं. बी/33922/एजी/पी एस–2(बी)/3080/डी (एजी–2) दिनांक 19 नवंबर 2018 में दिए गए नियम (छुट्टी संबंधी नियम) लागू होंगे।

(iii) **शिशु गोद लेने के लिए अवकाश**. सेना की महिला अधिकारी पर सेना खंड–1 – सेना, चौथे संस्करण के अध्याय–4 के नियम 56 बी में दिए गए छुट्टी संबंधी नियम लागू होंगे।

(ट) **कमीशन की समाप्ति :** किसी भी अधिकारी के कमीशन को भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित कारण से किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है:-

(i) कदाचार करने या संतोषजनक रूप से सेवा न करने पर, या

(ii) स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य होने पर, या

(iii) उसकी सेवाओं की और अधिक आवश्यकता न होने पर, या

(iv) उसके किसी निर्धारित परीक्षा या कोर्स में अर्हता प्राप्त करने में असफल रहने पर।

तीन महीने के नोटिस देने पर किसी अफसर को करुणाजन्य कारणों के आधार पर कमीशन से त्याग-पत्र देने की अनुमति दी जा सकती है। किन्तु इसकी पूर्णत: निर्णायक भारत सरकार होगी। करुणाजन्य कारणों के आधार पर कमीशन से त्याग-पत्र देने की अनुमति प्राप्त कर लेने पर कोई अफसर सेवांत उपदान पाने का पात्र नहीं होगा।

(ठ) **सेवांत उपदान :** सिविल पक्ष से भर्ती किए गए एस॰एस॰सी॰ओ॰ सेवा की पूरी की गई प्रत्येक छमाही के लिए ½ माह की परिलब्धियों की दर से सेवांत उपदान के हकदार होंगे।

(ड) **रिजर्व के रहने का दायित्व :** पांच/दस वर्ष की अल्पकालिक कमीशन सेवा या बढ़ाई गई कमीशन सेवा (जैसा भी मामला हो) पूर्ण करने के बाद निर्मुक्त होने पर पांच वर्ष की अवधि तक अथवा पुरुष अधिकारियों के मामले में 40 वर्ष की आयु तक तथा महिला अधिकारियों के मामले में 37 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, रिजर्व में रहेंगे।

MINISTRY OF DEFENCE

NOTIFICATION

New Delhi, 5th August, 2020

RULES

S.R.O. 05(E).—A Combined Defence Services Examination (II), 2020 will be conducted by the Union Public Service Commission on 8th November 2020.

Name of the Course	Approximate No. of Vacancies
(a) Indian Military Academy, Dehradun—151st (DE) Course Commencing in July, 2021	100 [including 13 vacancies reserved for NCC 'C' Certificate (Army Wing) holders].
(b) Indian Naval Academy, Ezhimala— Course Commencing July, 2021 Executive Branch (General Service)/Hydro.	26 [including 06 vacancies for NCC 'C' Certificate (Naval Wing) holders through NCC Special Entry].
(c) Air Force Academy, Hyderabad— (Pre-Flying) Training Course Commencing in July, 2021 i.e. 210 F(P)Course.	32 [including 03 vacancies reserved for NCC 'C' Certificate (Air Wing) holders through NCC Special Entry].
(d) Officers' Training Academy, Chennai (Madras) 114th SSC (Men) (NT) (UPSC) Course Commencing in October, 2021.	169
(e) Officers Training Academy, Chennai (Madras) 28th SSC Women (NT) (UPSC) Course Commencing in October, 2021.	17.

NOTE (i): The date of holding the examination as mentioned above is liable to be changed at the discretion of the Commission.

NOTE (ii): The above number of vacancies is tentative and may be changed at any stage by Services H. Q.

N.B. (I) (a): A candidate is required to specify clearly in respective column of the Online Application the Services for which he/she wishes to be considered in the order of his/her preference. A male candidate is advised to indicate as many preferences as he wishes to, subject to the condition given at paras (b) and (c) below, so that having regard to his rank in the order of merit due consideration can be given to his preferences when making appointment.

Since women candidates are eligible for OTA only, they should give OTA as their first and only preference.

(b) (i) : If a male candidate is competing for Short Service Commission (Army) only, he should indicate OTA as the one and only choice. However, a male candidate competing for Short Service Commission Course at OTA as well as Permanent Commission course at IMA, Indian Naval Academy and Air Force Academy should indicate OTA as his last preference, otherwise OTA will be deemed to be the last choice even if it is given a higher preference by the candidate.

(b) (ii) : Women candidates are being considered only for Short Service Commission at OTA. They should indicate OTA as the only choice.

(c) Candidates who desire to join Air Force Academy must indicate AFA as first choice, as they have to be administered Computer Pilot Selection System (CPSS) and/or and AF Medicals at Central Establishment/Institute of Aviation Medicines. Choice exercised for AFA as second/third etc. will be treated as invalid.

(d) Candidates should note that, except as provided in N.B. (II) below, they will be considered for appointment to those courses only for which they exercise their preference and for no other course(s).

(e) No request for addition/alteration in the preferences already indicated by a candidate in his/her application will be entertained by the Commission. No change of choice once exercised will be allowed. Second choice will come for consideration only when the first choice is not offered to the candidate by Services HQ. When first choice is offered and a candidate declines the same, his/her candidature will be cancelled for all other choices for regular Commission.

N.B. (II) The left-over candidates of IMA/Indian Naval Academy/Air Force Academy courses viz., those who have been recommended by the Union Public Service Commission for grant of Permanent Commission on the basis of the final results of this Examination, but who could not be inducted in these courses for any reason whatsoever may be considered for grant of SSC even if they have not indicated their choice for this course in their applications, if they are subsequently willing to be considered for this course subject to the following conditions :

(i) There is a shortfall after detailing all the candidates who competed for the SSC Course; and

(ii) The candidates who are detailed for training even though they have not expressed their preference for SSC will be placed in the order of Merit List after the last candidate who had opted for this Course, as these candidates will be getting admission to the Course to which they are not entitled according to the preference expressed by them.

(iii) Candidates with Air Force as first and only choice cannot be considered as left-over for grant of SSC (OTA) if they fail in Computer Pilot Selection System (CPSS) and/or Pilot Aptitude Battery Test. Such candidates, if they desire to be considered for SSC (OTA) should exercise their option for OTA also.

